CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 18°C
न्यूनतम : 07°C

बरेली, शनिवार 27 दिसम्बर 2025 बरेली संस्करण: वर्ष 23 अंक 28 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com पौष शुक्ल पक्ष 7 विक्रमी सम्वत् 2082 6 रजब 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



सरकार राहुल के विदेश दौरों की निगरानी कर रही: पित्रोदा पेज 2



स्टीव स्मिथ ने द्रविड़ का कैच रिकॉर्ड तोड़ा खेल टाइम्स



भयंकर तेजी से क्यों पिघल रहे ग्लेशियर सम्पादकीय



पाकिस्तान ने एलओसी पर एंटी-ड्रोन सिस्टम तैनात किए पेज 12



नई दिल्ली: 'वीर बाल दिवस' के अवसर पर एक समारोह के दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार प्रदान किया।

# 22 राज्यों में तेज सर्दी और कोहरा, यूपी में जीरो विजिबिलिटी

## 50 से ज्यादा ट्रेनें लेट, माउंट आबू में पारा एक डिग्री, पचमढ़ी में 3.6 डिग्री सेल्सियस

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** देशभर में सर्दी ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है। यूपी-एमपी, राजस्थान समेत 22 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में तेज ठंड और घना कोहरा हो रहा है।



- अगले दो दिन में सर्दी और बढ़ेगी
- मेरठ का तापमान 5.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया

मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दो दिनों में ठंड और कोहरा और ज्यादा बढ़ सकता है। उत्तर प्रदेश में हालात सबसे ज्यादा खराब बने हुए हैं। यूपी में कानपुर, प्रयागराज, वाराणसी, अयोध्या समेत 27 जिलों में शुक्रवार सुबह घना कोहरा छाया रहा, जिससे कई जगहों पर विजिबिलिटी जीरो हो गई। यूपी में पहाड़ों पर बर्फबारी और सर्द हवाओं के चलते मौसम बिगड़ गया है। पिछले 24 घंटे में प्रदेश में शिमला-मनाली (7डिग्री सेल्सियस), नैनीताल (9 डिग्री सेल्सियस) और जम्मू (10 डिग्री सेल्सियस) से भी ज्यादा ठंड रिकॉर्ड की गई। मेरठ का तापमान 5.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सड़कों पर कुछ मीटर आगे भी दिखाई नहीं दे रहा। प्रयागराज, देवरिया समेत कई रेलवे स्टेशनों पर 50 से ज्यादा ट्रेनें देरी से चल रही हैं। वहीं गोरखपुर समेत कई एयरपोर्ट्स पर 5 फ्लाइट्स कैंसिल हैं। इधर, मध्य प्रदेश में भी ठंड ने रिकॉर्ड तोड़ने शुरू कर दिए हैं। प्रदेश के 25 से ज्यादा शहरों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज किया गया है। गुरुवार को पचमढ़ी प्रदेश का सबसे ठंडा शहर रहा, जहां न्यूनतम तापमान 3.6 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया। राजस्थान में वेस्टर्न डिस्टर्बेंस का असर खत्म होते ही उत्तरी ठंडी हवाओं ने सर्दी और बढ़ा दी है। 4 शहरों में न्यूनतम तापमान 5 डिग्री और 21 शहरों में 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### क्रिकेटर वैभव समेत 20 बच्चों को बाल पुरस्कार

**नई दिल्ली।** वीर बाल दिवस पर शुक्रवार को 20 बच्चों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह अवॉर्ड राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने दिए। अलग-अलग क्षेत्र में बेहतरीन और बहादुरी के कामों की वजह से इन बच्चों को 18 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से चुना गया। 14 साल के क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी भी इनमें शामिल हैं। 20 बच्चों में से 2 बच्चों को मरणोपरांत पुरस्कार दिया गया। तमिलनाडु की ब्योमा और बिहार के कमलेश कुमार का पुरस्कार उनके माता-पिता ने लिया। वीर बाल दिवस गुरु गोविंद सिंह के 4 बेटों की शहादत के सम्मान में मनाते हैं। गुरु गोविंद सिंह के तीन पत्नियों से चार बेटे थे, जिनका नाम अजीत, जुझार, जोरावर और फतेह था। इन्हें साहिबजादे भी कहा जाता है। उत्तर प्रदेश के 9 साल के अजय राज को साहस के लिए अवॉर्ड दिया गया।

### केरल में पहली बार भाजपा का मेयर बना

**तिरुवनंतपुरम।** केरल में पहली बार भाजपा का मेयर चुना गया है। तिरुवनंतपुरम नगर निगम में शुक्रवार को हुए मेयर चुनाव में भाजपा के वीवी राजेश को 51 वोट मिले। जिसमें एक निर्दलीय पार्षद का समर्थन भी शामिल था। वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) केपी शिवाजी को 29 वोट, जबकि कांग्रेस गठबंधन (यूडीएफ) उम्मीदवार केएस सबरिनाथन को 19 वोट मिले। जिनमें से दो को बाद में अमान्य घोषित कर दिया गया। दरअसल 9 दिसम्बर को तिरुवनंतपुरम नगर निगम के 101 वार्डों का रिजल्ट आया था। 50 वार्डों पर भाजपा जीती थी। पिछले 45 साल से यहां वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) का कब्जा था। एलडीएफ ने 29 और कांग्रेस गठबंधन (यूडीएफ) ने 19 वार्ड जीते थे। तिरुवनंतपुरम कांग्रेस सांसद शशि थरूर का गढ़ है।

### नेपाली जेल से भागे 80 कैदी नेपाल को सौंपे गए

**नई दिल्ली।** जेन-जी हिंसक विरोध प्रदर्शनों के दौरान नेपाल की जेलों से भागे लगभग 80 कैदियों को पकड़ लिया गया है और पड़ोसी मुल्क के संबंधित अधिकारियों को सौंप दिया गया है। आधिकारिक सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि इस साल सितम्बर में जेन-जी प्रदर्शनकारियों द्वारा विभिन्न कारागारों से निकाले गए लगभग 80 कैदी सीमा पार कर भारत में शरण लेने की कोशिश कर रहे थे, जिनमें से कुछ ने फर्जी नामों का इस्तेमाल किया था।

# यूपी में 2.89 करोड़ मतदाताओं का नाम वोटर लिस्ट से कटना तय

## एसआईआर फॉर्म जमा करने की समयसीमा हुई खत्म

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** प्रदेश में मतदाता सूची के चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान में कुल 15.44 करोड़ मतदाताओं में से 2.89 करोड़ के नाम कटने अब तय हैं। शुक्रवार को एसआईआर के तहत गणना प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि खत्म हो गई है।

यह ऐसे मतदाता हैं, जो अनुपस्थित, स्थानांतरित, मृत व डुप्लीकेट श्रेणी में शामिल हैं। यह कुल मतदाताओं का 18.70 प्रतिशत है। अब 31 दिसम्बर को मतदाता सूची का ड्राफ्ट प्रकाशन होगा। जिन जिलों में सबसे अधिक नाम कट रहे हैं उनमें लखनऊ, गाजियाबाद, प्रयागराज, कानपुर, आगरा व बरेली आदि शामिल हैं। मतदाता सूची में दर्ज 1.11 करोड़ मतदाताओं के रिकॉर्ड नहीं मिल रहे हैं। वर्ष 2003 -**शेष पृष्ठ दो पर**



- लखनऊ, गाजियाबाद, प्रयागराज, कानपुर, आगरा और बरेली में सबसे ज्यादा नाम कटे

### 1.11 करोड़ वोटर्स को भेजा जाएगा नोटिस

**लखनऊ।** चुनाव आयोग के मुताबिक, यूपी में मैपिंग का काम भी पूरा कर लिया गया है। यानी साल 2003 की वोटर लिस्ट से वर्तमान वोटर लिस्ट का मिलान किया गया, जिसमें लगभग 91 प्रतिशत लोगों का डेटा मिलान हो चुका है। ऐसे वोटर्स के नाम उनके रिलेटिव्स जैसे मां-बाप, दादा-दादी या नाना-नानी से मिलाया गया है। बाकी 9 प्रतिशत यानी 1.11 करोड़ वोटर्स को चुनाव आयोग की तरफ से नोटिस भेजा जाएगा। यानी अब इन मतदाताओं को अपनी पहचान साबित करने के लिए जरूरी डॉक्यूमेंट चुनाव आयोग को देने होंगे। उत्तर प्रदेश में फिलहाल 11 लाख से ज्यादा लोग वोटर लिस्ट में अपना नाम दर्ज कराने के लिए फॉर्म भर चुके हैं। जिन लोगों की उम्र 1 जनवरी 2026 को 18 साल पूरी हो रही है, वो भी फार्म भर सकते हैं। बता दें कि एसआईआर के लिए यूपी के तमाम जिलों में विशेष कैंप लगाए गए। मतदान केंद्रों पर बीएलओ को तैनात किया गया था। इसके अलावा सभी पॉलिटिकल पार्टियों के प्रतिनिधि, बीएलओ ने एसआईआर गणना फॉर्म को भरवाने में मदद की।

# मध्यस्थता कानून की कमजोरी नहीं, विकास है: सीजेआई

पणजी, वार्ता

**भारत के** मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने शुक्रवार को पणजी में कहा कि मध्यस्थता कानून की कमजोरी का संकेत नहीं है, बल्कि यह उसका सबसे बड़ा विकास है। यह न्याय की संस्कृति से भागीदारी के संस्कृति क ी ओर एक सच्चा बदलाव है, जहां हम सद्भाव पैदा करते हैं।



सीजेआई ने दक्षिण गोवा के सांकवाले गांव में इंडिया इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ लीगल एजुकेशन एंड रिसर्च के इवेंट मिडिएशन अवेयरनेस वाकथान में भाग लिया। यहां मध्यस्थता आज के संदर्भ में कितना महत्वपूर्ण विषय पर बोलते हुए उन्होंने अपनी बात रखी। सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि वह एक मल्टी-डोर कोर्टहाउस की ओर बदलाव की कल्पना करते हैं, जहां कोर्ट सिर्फ ट्रायल की जगह नहीं, बल्कि विवाद समाधान के लिए एक व्यापक केंद्र हो। कार्यक्रम में उन्होंने 2 लाख मिडिएटर्स के साथ वाकथान में भाग लिया। साथ ही पौधारोपण भी किया। सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि मीडिएशन को सफल और किफायती के तौर पर स्वीकार किया जा रहा है। यह दोनों पक्षों के लिए विन-विन स्थिति है, क्योंकि यह एक सेटलमेंट है। मीडिएशन के मामले में, कोई भी मीडिएटर किसी भी पक्ष पर कुछ भी थोपेगा नहीं। यह सिर्फ वही है जो वे चाहते हैं या जो वे चाहते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने स्टेकहोल्डर्स को एक संदेश देने के लिए मीडिएशन फॉर नेशन पहल शुरू की है। यह संदेश न केवल न्याय के उपभोक्ताओं के लिए है, बल्कि बार और बेंच जैसे सीधे स्टेकहोल्डर्स के लिए भी है। अगर लोग खुद को संवेदनशील बनाते हैं, तो वे इस बात से अवगत हो जाते हैं कि मीडिएशन एक सफल टूल है।

**कहा: देश में मल्टी-डोर कोर्ट बनें, विवादों का महज ट्रायल न हो, उन्हें सुलझाया भी जाए**

# दिल्ली की हवा में फिर घुला जहर, एक्यूआई 292 पहुंचा

**नई दिल्ली।** राजधानी में शुक्रवार सुबह छह बजकर पांच मिनट पर दिल्ली का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 292 दर्ज किया गया। इससे वायु गुणवत्ता एक बार फिर बिगड़कर 'खराब' श्रेणी में पहुंच गई।

राजधानी का औसत एक्यूआई 300 से नीचे भले हो, लेकिन दिल्ली के कई इलाकों में हवा अब भी 'बहुत खराब' श्रेणी में बनी हुई है। आनंद विहार में एक्यूआई 395, बवाना में 381, चांदनी चौक में 356 और अलीपुर में 327 दर्ज किया गया। शहर के अलग-अलग हिस्सों में प्रदूषण का स्तर असमान बना हुआ है। स्थानीय वाहनों के धुएं और पड़ोसी राज्यों से आने वाले प्रदूषकों को इस गिरावट के मुख्य कारणों के तौर पर देखा गया है। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने आगामी दिनों में स्थिति और बिगड़ने की आशंका जताई है।

- पर्यावरण मंत्री ने आगामी दिनों में हालात और बिगड़ने की आशंका जताई

# दिल्ली हाईकोर्ट के बाहर प्रदर्शन

**उन्नाव दुष्कर्म केस**

**नई दिल्ली।** 2017 के उन्नाव दुष्कर्म मामले में सजा काट रहे कुलदीप सिंह सेंगर को सशर्त जमानत देने के फैसले के खिलाफ दिल्ली हाईकोर्ट के बाहर लोग विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। मौके पर भारी पुलिस बल तैनात है।

पुलिस ने घोषणा की है विरोध प्रदर्शन तुरंत खत्म कर दिया जाए, नहीं तो उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। वहीं पीड़िता की मां ने शुक्रवार को कहा कि वह दोषी कुलदीप सेंगर की उम्रकैद की सजा निलंबित किए जाने के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का रुख करेंगी। उन्होंने पिछले हफ्ते आए फैसले के विरोध में दिल्ली हाई कोर्ट के बाहर हुए प्रदर्शन में हिस्सा लिया। पीड़िता की मां ने कहा कि वह हाईकोर्ट इसलिए आई हैं, क्योंकि उनकी बेटी ने असहनीय पीड़ा झेली है। उन्होंने कहा, मैं पूरे हाईकोर्ट को दोष नहीं दे रही हूं, बल्कि सिर्फ उन दो जजों को, जिनके फैसले ने हमारे भरोसे को तोड़ दिया।



# भारत में बच्चों के लिए सोशल मीडिया बैन हो: मद्रास हाईकोर्ट

चेन्नई, वार्ता

**मद्रास हाईकोर्ट** ने शुक्रवार को केंद्र सरकार को सुझाव दिया कि ऑस्ट्रेलिया की तरह भारत में भी 16 साल से कम उम्र वालों के लिए सोशल मीडिया पर रोक लगाई जाए। कोर्ट ने कहा कि इस पर गंभीरता से विचार किया जाना चाहिए।

हाईकोर्ट की मदुरै बेंच ने यह बात नाबालिगों को ऑनलाइन पोर्नोग्राफिक कंटेंट आसानी से मिल जाने के मुद्दे पर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान कही। याचिकाकर्ता एस. विजयकुमार के वकील केपीएस पलानीवेल राजन ने ऑस्ट्रेलिया के नए कानून का हवाला दिया था। कोर्ट ने कहा कि इंटरनेट सर्विस प्रोवाइडर्स (आईएसपी) पर और सख्त नियम लागू किए जाएं। उन्हें अनिवार्य रूप से पैरेंटल विंडो सर्विस (पैरेंटल कंट्रोल) देने के लिए कहा जाए, जिससे माता-पिता अपने बच्चों की ऑनलाइन एक्टिविटी को फिल्टर और कंट्रोल कर सकें। दरअसल, ऑस्ट्रेलिया ने 9 दिसम्बर से 16 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर अकाउंट बनाने पर बैन कर दिया है। ऑस्ट्रेलिया इस तरह का बैन लगाने वाला दुनिया का पहला देश है। यह मामला एक पुरानी जनहित याचिका से जुड़ा है। इसमें शिकायत की गई थी कि बच्चों को इंटरनेट पर अश्लील और पोर्नोग्राफिक कंटेंट बहुत आसानी से मिल जाता है।

- अदालत ने ऑस्ट्रेलिया सरकार के फैसले का उदाहरण दिया

# वीर साहिबजादों ने मजहबी कट्टरता व आतंक का वजूद हिलाया: पीएम

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को वीर बाल दिवस के मौके पर नई दिल्ली में स्थित भारत मंडपम में बच्चों को संबोधित किया।

भारत मंडपम में हुए आयोजन से पहले प्रधानमंत्री ने इस वर्ष वीरता पुरस्कार से सम्मानित बच्चों के साथ संवाद भी किया। बच्चों के साथ मुलाकात करने का वीडियो भी सामने आया है। पीएम नरेंद्र मोदी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आज देश वीर बाल दिवस मना रहा है। अभी वंदे मातरम की सुंदर प्रस्तुति हुई। आज हम उन वीर साहिबजादों को याद कर रहे हैं, जो भारत का गौरव हैं।




उन्होंने कहा कि वीर साहिबजादे भारत के अदम्य साहस, शौर्य, वीरता की पराकाष्ठा हैं। वीर साहिबजादों ने उम्र और अवस्था की सीमाओं को तोड़ दिया। वे मुगल सल्तनत के सामने चट्टान की तरह खड़े हो गए। इससे मजहबी कट्टरता और आतंक का वजूद ही हिल गया। उन्होंने कहा कि वीर साहिबजादों को छोटी सी उम्र में उस समय की सबसे बड़ी सत्ता से टकराना पड़ा। वो लड़ाई भारत के मूल विचारों और मजहबी कट्टरता के बीच थी। वो लड़ाई सत्य बनाम असत्य के बीच थी। उस लड़ाई की एक ओर गुरु गोविंद सिंह जी थे, दूसरी ओर औरंगजेब की हुकूमत थी। उन्होंने कहा कि हमारे साहिबजादे उस समय छोटे ही थे, लेकिन औरंगजेब की क्रूरता को इससे फर्क नहीं पड़ा। वो जानता था कि उसे अगर भारत के लोगों को डराकर उनका धर्मांतरण कराना है, तो इसके लिए उसे हिंदुस्तानियों का मनोबल तोड़ना होगा। इसलिए उसने साहिबजादों को निशाना बनाया। पीएम मोदी ने कहा कि भले -**शेष पृष्ठ दो पर**

- कहा: वीर साहिबजादे भारत के अदम्य साहस, शौर्य, वीरता की पराकाष्ठा हैं
- जेन जी ही देश को आगे ले जाएंगे

### भारत रत्न और पद्म अवॉर्ड उपाधि नहीं: बॉम्बे हाईकोर्ट

**मुंबई।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने कहा कि भारत रत्न, पद्म श्री, पद्म भूषण, पद्म विभूषण जैसे नागरिक सम्मान कोई उपाधि (टाइटल) नहीं हैं। ऐसे में इन्हें किसी के नाम के आगे या पीछे नहीं लगाया जा सकता है। कोर्ट ने यह बात एक याचिका के केस टाइटल में पद्म श्री लिखे जाने पर की। दरअसल जस्टिस सोमशेखर सुंदरेसन की बेंच याचिका की सुनवाई कर रही थी। इसमें 2004 में पद्म श्री से सम्मानित डा. शरद मोरेश्वर हार्डिकर भी एक पक्षकार थे। केस टाइटल में उनका नाम पद्म श्री डा. शरद मोरेश्वर हार्डिकर लिखा गया था। इस पर जज ने आपत्ति जताई। साथ ही कहा कि कानून के अनुसार ऐसा करना गलत है। हाईकोर्ट ने 1995 में सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ के फैसले का जिक्र किया। उस फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट कहा था कि पद्म पुरस्कार और भारत रत्न उपाधि नहीं हैं और इन्हें नाम के आगे या पीछे इस्तेमाल नहीं किया जाना चाहिए।

## संक्षिप्त समाचार

### सम्भल के 13 पुलिस कर्मचारियों पर एफआईआर का आदेश

**सम्भल।** सम्भल में एक फर्जी मुठभेड़ के मामले में अदालत ने 13 पुलिसकर्मियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का आदेश दे दिया है। न्यायालय ने अपने फैसले में कहा कि पुलिस ने जिस दिन लूट की घटना को दर्शाया है, उस दिन आरोपी एक अन्य मुकदमे के मामले में जिला कारागार बदायूं में बंद था। न्यायालय ने अपने आदेश में यह भी कहा कि प्रारंभिक तौर पर यह नजर आता है कि कुछ पुलिसकर्मियों षड्यंत्र का सहारा लेते हुए गलत तरीके से जांच की, साथ ही अपने पद का दुरुपयोग भी किया और दस्तावेजों में जालसाजी की है। कोर्ट ने कहा कि लोकसेवकों को गैरकानूनी काम के लिए संरक्षण प्राप्त नहीं है।

### मीरवाइज ने अपने एक्स प्रोफाइल से हटाया हुर्रियत का पदनाम

**श्रीनगर।** कश्मीर के उदारवादी अलगाववादी नेता मीरवाइज उमर फारूक ने अपने 'एक्स' प्रोफाइल से सर्वदलीय हुर्रियत सम्मेलन के अध्यक्ष का पदनाम हटा दिया है। कश्मीर के प्रमुख धर्मगुरु मीरवाइज के सत्यापित एक्स हैंडल पर दो लाख से अधिक फॉलोवर हैं। उनके संपादित बायो में अब केवल उनका नाम और स्थान विवरण शामिल है। उन्होंने इस बदलाव के बारे में कोई बयान जारी नहीं किया है। मीरवाइज के नेतृत्व वाली उदारवादी हुर्रियत कांफ्रेंस 2019 में अनुच्छेद 370 के निरसन के बाद से लगभग निष्क्रिय रही है। इसके अधिकांश घटक संगठनों पर केंद्र सरकार ने प्रतिबंध लगा दिया था, जिसमें मीरवाइज का अपना राजनीतिक संगठन, अवामी एक्शन कमेटी (एएसी) भी शामिल है। इस समूह ने पिछले छह वर्षों में शायद ही कभी राजनीतिक बयान जारी किए हैं।

## उप्र में अनुसूचित जाति बाहुल्य गांवों में बुनियादी सुविधाओं की सौगात

# 12492 गांवों का किया जाएगा कायाकल्प

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ कार्यों में तेजी लाने के लिए विकेन्द्रीकृत लागू, 910 गांवों में कार्य हो चुका है पूर्ण

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने अनुसूचित जाति बाहुल्य 12 हजार 492 गांवों में बुनियादी सुविधाओं को और सदृढ़ करने का फैसला किया है।

अधिकारियों के अनुसार राज्य सरकार द्वारा अनुसूचित जाति बाहुल्य ग्रामों में आधारभूत ढांचे के सुदृढ़ीकरण पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, जिससे सामाजिक समावेशन को मजबूती मिल सके। वर्ष 2025-26 तक 40 प्रतिशत से अधिक अनुसूचित जाति जनसंख्या वाले 12,492 ग्रामों का चयन किया गया है। इन ग्राम पंचायतों में पेयजल एवं स्वच्छता व्यवस्था, विद्यालयों और आंगनबाड़ी केंद्रों में शौचालयों का निर्माण, सोलर लाइट व स्ट्रीट लाइट की स्थापना, बोरवेल, डिजिटल लाइब्रेरी, ट्रांसफॉर्मर, मोटर शेड, शवदाह गृह तथा पाइपलाइन एक्सटेंशन जैसे महत्वपूर्ण विकास कार्य कराए जा रहे हैं। इन सुविधाओं के माध्यम से ग्रामीणों को बेहतर जीवन स्तर, शिक्षा और स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम के प्रबंध निदेशक शिव प्रसाद ने बताया कि समाज कल्याण की कार्यदाई संस्था यूपीसिडको के माध्यम से अब तक 2562 ग्रामों में विकास कार्य स्वीकृत किए गए हैं। इनमें से 910 ग्रामों में कार्य पूर्ण हो चुका है, जबकि शेष ग्रामों में कार्य तेजी से प्रगति पर है। उन्होंने बताया कि योजना के टर्मिनल वर्ष को ध्यान में रखते हुए विकास कार्यों की गति बढ़ाने के लिए विकेंद्रीकृत व्यवस्था लागू की गई है। इसके तहत अब ग्राम पंचायतों को ही कार्यदाई संस्था नामित किया गया है। इससे एक ओर जहां प्रशासनिक प्रक्रिया सरल हुई है, वहीं दूसरी ओर स्थानीय स्तर पर निगरानी और जवाबदेही भी सुनिश्चित हो रही है। प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के माध्यम से योगी सरकार न केवल गांवों में बुनियादी ढांचे को मजबूत कर रही है, बल्कि अनुसूचित जाति समुदाय को मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में भी ठोस और दूरदर्शी पहल कर रही है। यह योजना ग्रामीण क्षेत्रों में समान विकास, सामाजिक न्याय और समावेशी विकास की अवधारणा को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। योगी सरकार की यह पहल प्रदेश में विकास केवल आंकड़ों तक सीमित नहीं है, बल्कि उसका वास्तविक लाभ समाज के हर वर्ग तक पहुंचाने के लिए ठोस नीतियों और योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू किया जा रहा है।

### वीर बाल दिवस पर साहिबजादों को नमन योगी के आवास पर कीर्तन समागम

**लखनऊ।** वीर बाल दिवस (साहिबजादा दिवस) के अवसर पर शुक्रवार को पूरे देश में श्री गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज के चारों साहिब. जादों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर लखनऊ स्थित मुख्यमंत्री आवास पर श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के पावन स्वरूप का आगमन हुआ और कीर्तन समागम का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज के चार साहिबजादों की शहादत अदम्य साहस, धर्मनिष्ठा और राष्ट्रभक्ति की अमर गाथा है। उनका बलिदान युगों-युगों तक देशवासियों को कर्तव्यनिष्ठ, सत्यनिष्ठ और राष्ट्र के लिए समर्पित जीवन जीने की प्रेरणा देता रहेगा। मुख्यमंत्री आवास पर आयोजित कीर्तन समागम में श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में सहभागिता की और गुरुवाणी के माध्यम से साहिबजादों के बलिदान को स्मरण किया। उधर उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि साहिबजादों का अद्विितीय साहस, अटूट आस्था और अन्याय के विरुद्ध अडिग संकल्प मानव इतिहास में वीरता और त्याग का अमर प्रतीक है। उनका जीवन और बलिदान आने वाली पीढ़ियों को सत्य, धर्म और राष्ट्ररक्षा के मार्ग पर निरंतर प्रेरित करता रहेगा। गौरतलब है कि राष्ट्र 26 दिसम्बर को वीर बाल दिवस मनाता है।

# भाजपा राज में बाटी-चोखा नहीं सिर्फ माटी-धोखा मिला: अखिलेश

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ भाजपाई लोगों के जीवन से कर रहे खिलाड़

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शुक्रवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी राज में आम जनता को विकास और सम्मान नहीं, बल्कि केवल 'माटी-धोखा' ही मिला है।

उन्होंने कहा कि अब स्थिति 'हाता नहीं भाता' से बहुत आगे निकल चुकी है और उपेक्षा तिरस्कार में बदल चुकी है, जिसे कोई भी स्वाभिमानी समाज सह नहीं सकता। यादव ने एक्स पर लिखा- जब किसी समाज के सामने केवल दो विकल्प सत्ता या सम्मान बचे रह जाते हैं, तब स्वाभिमानी समाज हमेशा सम्मान को ही चुनता है। यह सच्चाई किसी एक समाज तक सीमित नहीं, बल्कि हर वर्ग और समुदाय पर समान रूप से लागू होती है। भाजपा किसी की सगी नहीं है और आज 'भाजपाई' कहलाना एक नकारात्मक सामाजिक पहचान बनता जा रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा से जुड़े लोग अपने स्वार्थ के लिए पर्यावरण जैसी संवे. दनशील धरोहरों से खिलवाड़ करते हैं, दोष-सिद्ध अपराधियों को संरक्षण और महिमामंडन देते हैं तथा दवाइयों के नाम पर जहरीली-नशीली चीजें बेचकर लोगों की जदिगी खतरे में डालते हैं। उन्होंने चुनावी प्रक्रियाओं में लूट, भ्रष्टाचार, कमीशनखोरी और सत्ता के दुरुपयोग के गंभीर आरोप भी लगाए। अखिलेश यादव ने आगे कहा कि नफरत और भय का वातावरण बनाकर समाज को बांटना, संविधान और कानून के बजाय भीड़ और दबाव की राजनी. ति करना तथा वैज्ञानिक सोच, शिक्षा और कला से डरना,यह सब मौजूदा सत्ता की कार्यशैली को उजागर करता है। उनके अनुसार इसी वजह से अमीर-गरीब की खाई बढ़ी है, बेरोजगारी और महंगाई ने आम जनता की कमर तोड़ दी है और महिला, गरीब, वंचित व शोषित वर्गों के अधिकारों पर लगातार हमला हो रहा है। उन्होंने कहा कि देशभक्त, सभ्य, मानवतावादी, ईमानदार और स्वाभिमानी समाज अब ऐसे राजनीतिक आचरण के साथ खड़ा होकर अपमान और जनाक्रोश का शिकार नहीं होना चाहता। अखिलेश यादव ने स्पष्ट किया कि जब तक सत्ता की इस प्रकार की राजनीति समाप्त नहीं होती, तब तक समाज को बराबरी का सम्मान मिलना संभव नहीं है।

# सरकार कर रही राहुल के विदेशी दौरों की निगरानी: पित्रोदा

■ दूतावास के अफसर उनका पीछा करते हैं, विदेशी नेताओं से मिलने को मना करते हैं: सैम

**नई दिल्ली।** ओवरसीज कांग्रेस के चेयरमैन और वरिष्ठ कांग्रेस नेता सैम पित्रोदा ने दावा किया है कि राहुल गांधी के विदेश दौरों के दौरान भारतीय दूतावास के अधिकारी उन पर नजर रखते हैं और कई बार विदेशी नेताओं से उन्हें न मिलने को कहा जाता है।

पित्रोदा ने राहुल के दौरे को लेकर गुरुवार को इंडिया टुडे से बातचीत की है। इसमें उन्होंने कहा कि मैने खुद देखा है कि राहुल गांधी के होटल, मीटिंग्स और एयरपोर्ट पर उनकी गतिविधियों पर नजर रखी जाती है। हालांकि इसके सबूत नहीं हैं, लेकिन अनुभव के आधार पर यह बात कह रहा हूं। वहीं पित्रोदा ने भाजपा के राहुल पर देश की छवि को नुकसान पहुंचाने के आरोपों को खारिज किया। जर्मनी दौरे की टाइमिंग पर उन्होंने कहा कि विद. ेश यात्राएं अचानक तय नहीं होतीं, बल्कि महीनों पहले से उनका कार्यक्रम बनता है।

पित्रोदा ने कहा कि राहुल गांधी पर विदेश जाकर भारत की छवि खराब करने के आरोपों पर कहा कि सच तो सच होता है, चाहे वह भारत में बोला जाए या विदेश में। डबल स्टैंडर्ड नहीं हो सकते। जार्ज सोरोस और विदेशी फंडिंग से जुड़े आरोपों पर कहा कि ये पूरी तरह बेबुनियाद हैं।

# अरावली को हम मरने नहीं देंगे: कांग्रेस

नई दिल्ली, वार्ता



■ सरकार इसे खत्म करने पर तुली हुई है: चिब

कांग्रेस ने अरावली को देश का भविष्य बताते हुए कहा है कि सरकार इसे बर्बाद करना चाहती है लेकिन कांग्रेस अरावली को मरने नहीं देगी और सात जनवरी से इस मुहिम में सत्याग्रह यात्रा निकालेगी।

युवा कांग्रेस अध्यक्ष उदयभानु चिब ने शुक्रवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि अरावली सिर्फ पहाड़ नहीं, हमारी जीवन रेखा है। ये हमारी सांस्कृतिक धरोहर का प्रतीक है, जिसे मोदी सरकार तबाह करने पर तुली है। अरावली को बचाने की प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि अरावली को बचाना सबकी जिम्मेदारी है और युवा कांग्रेस इस जिम्मेदारी के निर्वहन के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि युवा कांग्रेस अरावली को बचाने के लिए सात जनवरी से 'अरावली सत्याग्रह' यात्रा निकाल रही है और यह यात्रा 20 जनवरी तक चलेगी।

यह यात्रा गुजरात से शुरू होगी और राजस्थान, हरियाणा से होते हुए दिल्ली आएगी। अरावली सत्याग्रह भविष्य को बचाने की यात्रा है, जो सात जनवरी से शुरु होगी और गुजरात, राजस्थान, हरियाणा होते हुए दिल्ली पहुंचेगी। यह यात्रा करीब करीब 1,000 किमी की होगी। चिब ने कहा कि युवा कांग्रेस इस यात्रा के जरिए मांग करेगी कि अरावली रेंज पर 100 मीटर का पैंतरा खत्म कर अरावली क्षेत्र को महत्वपूर्ण पारिस्थितिकी क्षेत्र घोषित करे। उनका कहना था कि उच्चतम न्यायालय के आदेश की समीक्षा हो और अरावली को लेकर जो प्रस्ताव दिया गया है सरकार उस प्रस्ताव वापस ले तथा अरावली रेंज में खनन को पूरी तरह से प्रतिबंधित करे। युवा कांग्रेस नेता ने भाजपा सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा सरकार ने पहले देश की संस्कृति को प्रदूषित किया और अब पर्यावरण को भी प्रदूषित करने की तैयारी में है। उनका कहना था कि अरावली. महज पहाड़ नहीं हैं, ये उत्तर भारत को सुरक्षा देते हैं।

### सुधाकर सिंह के पुत्र सुजीत सपा के टिकट पर उतरेंगे घोसी के मैदान में

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में मऊ जिले की घोसी विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव के लिए समाजवादी पार्टी ने दिवंगत विधायक सुधाकर सिंह के छोटे बेटे सुजीत सिंह को उम्मीदवार बनाकर चुनावी मैदान में उतारने का फैसला किया है। इस संबंध में पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एवं वरिष्ठ नेता शिवपाल सिंह यादव ने औपचारिक ऐलान किया है। यादव ने शुक्रवार को पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि सुजीत सिंह घोसी क्षेत्र की जनता की अपेक्षाओं पर खरे उतरेंगे और अपने पिता की राजनीतिक विरासत को आगे बढ़ाएंगे। उन्होंने भरोसा जताया कि समाजवादी पार्टी का पूरा संगठन एकजुट होकर सुजीत सिंह को भारी मतों से विजई बनाने के लिए काम करेगा। शिवपाल यादव ने सुजीत सिंह को कर्मठ, जिम्मेदार और जनता से जुड़ा युवा नेता बताते हुए कहा कि पार्टी का पूर्ण समर्थन उनके साथ है। घोसी विधानसभा सीट सपा विधायक सुधाकर सिंह के निधन के बाद रिक्त हुई थी।



सेंसेक्स 85052.46
निफ्टी 26042.30



सोना रु. 137914
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार




चांदी रु. 232100
प्रति किलो



# शेयर बाजारों में गिरावट, सेंसेक्स फिसला

मुंबई, वार्ता



रुपये में जारी नरमी से गुरुवार को घरेलू शेयर बाजारों में बिकवाली हावी रही और बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचक. ांक सेंसेक्स 356.24 अंक (0.42 प्रतिशत) टूटकर 85,052.46 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 99.80 अंक यानी 0.38 प्रतिशत नीचे 26,042.30 अंक पर रहा। यह लगातार दूसरा दिन है, जब बाजार में गिरावट में रही है। डॉलर की तुलना में रुपये में नरमी का दबाव शेयर बाजारों पर भी देखा गया।

मझौली और छोटी कंपनियों में भी बिकवाली हावी रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.38 प्रतिशत फिसल गया। स्मॉलकैप-100 सूचकांक भी 0.08 फीसदी टूटा। आईटी, ऑटो, मीडिया, स्वास्थ्य और फार्मा समूहों के सूचकांक गिरकर बंद हुए। धातु और टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद सेक्टरों में तेजी रही। सेंसेक्स की कंपनियों में बजाज फाइनेंस और एशियन पेंट्स के शेयर करीब डेढ़ फीसदी टूट गए। टीसीएस, इटरनल, सनफार्मा और टेक महिंद्रा के शेयर भी एक प्रतिशत से अधिक गिरे। पावरग्रिड, भारती एयरटेल, बजाज फिनसर्व, मारुति सुजुकी, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, आईसीआईसीआई बैंक, आटीसी, अडानी पोर्ट्स और टाटा स्टील में भी गिरावट रही। टाइटन का शेयर दो प्रतिशत से अधिक चढ़ा। एनटीपीसी, अल्ट्राटेक सीमेंट और हिदुस्तान यूनीलिवर में भी तेजी रही।

### विदेशी मुद्रा भंडार 4.37 अरब डॉलर बढ़ा स्वर्ण भंडार रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचा

**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 19 दिसम्बर को समाप्त सप्ताह में 4.368 अरब डॉलर बढ़कर दो महीने के उच्चतम स्तर 693.318 अरब डॉलर पर पहुंच गया। यह लगातार तीसरा सप्ताह है, जब विदेशी मुद्रा भंडार बढ़ा है। इससे पहले 12 दिसम्बर को समाप्त सप्ताह में इसमें 1.689 अरब डॉलर की वृद्धि हुई थी और यह 688.949 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक द्वारा शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार विदेशी मुद्रा भंडार का दूसरा सबसे बड़ा घटक स्वर्ण भंडार 2.623 अरब डॉलर बढ़कर 110.365 अरब डॉलर के रिकॉर्ड उच्चतम स्तर पर रहा। आलोच्य सप्ताह में विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 1.641 अरब डॉलर की वृद्धि के साथ 559.428 अरब डॉलर पर पहुंच गया। इसमें अमेरिकी डॉलर के अलावा यूरो, ब्रितानी पाउंड और जापानी एन शामिल हैं। इसका मूल्य डॉलर की तुलना में उनकी विनिमय दर के आधार पर तय किया जाता है। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास आरक्षित निधि 9.5 करोड़ डॉलर बढ़कर 4.782 अरब डॉलर पर और विशेष आहरण अधिकार 80 लाख डॉलर चढ़कर 18.744 अरब डॉलर हो गया।

### चांदी 2.32 लाख पार सोना 1.38 लाख के ऑलटाइम हाई पर

**नई दिल्ली।** शुक्रवार को सोने-चांदी के दाम लगातार चौथे दिन ऑलटाइम हाई पर पहुंच गए हैं। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार 1 किलो चांदी की कीमत 13,117 रुपए बढ़कर 2,32,100 रुपए प्रति किलो के ऑलटाइम हाई पर पहुंच गई है। इससे पहले बुधवार को इसकी कीमत 2,18,983/किलो थी। वहीं सोने की कीमत 1,287 रुपए बढ़कर 1,37,914 रुपए प्रति 10 ग्राम पहुंच गई है। इससे पहले बुधवार को सोने की कीमत 1,36,627/10 ग्राम थी। दस दिन में चांदी 36,920 रुपए महंगी हुई है। 12 दिसंबर को इसकी कीमत 1,95,180 रुपए प्रति किलो थी। इस साल चांदी अब तक 150 प्रतिशत से ज्यादा का रिटर्न दे चुकी है। आईबीजेए की सोने की कीमतों में 3 प्रतिशत जीएसटी, मेकिंग चार्ज, ज्वेलर्स मार्जिन शामिल नहीं होता। इसलिए शहरों के रेट्स इससे अलग होते हैं। इन रेट्स का इस्तेमाल आरबीआई सोवरेन गोल्ड बॉन्ड के रेट तय करने के लिए करता है। कई बैंक गोल्ड लोन के रेट तय करने के लिए इसे इस्तेमाल करते हैं। इस साल अब तक सोने की कीमत 61,752 रुपए बढ़ी है। 31 दिसंबर 2024 को 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 76,162 रुपए का था, जो अब 1,37,914 रुपए हो गया है।

# नीदरलैंड में स्थानीय निवासियों ने टाटा स्टील से मांगा जुर्माना

मुंबई, वार्ता

नीदरलैंड के वेल्सन-नूरड के निवासियों ने टाटा स्टील पर स्थानीय निवासियों के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाते हुए 1.4 अरब यूरो (लगभग 148 अरब रुपये) के हर्जाने की मांग के लिए मुकदमा दायर किया है।

टाटा स्टील ने गुरुवार देर रात शेयर बाजारों को बताया कि नेल्सन-नूर्ड के निवा. सियों के संगठन स्टिचिंग फ्रिस विड-एनयू (एसएफडब्ल्यू) ने हारलेम स्थित उत्तरी हॉलैंड की जिला अदालत में यह मुकदमा दायर किया है। मामले में टाटा स्टील नीदरलैंड बीवी और टाटा स्टील इज्मुदेन को समन जारी किए गए हैं। टाटा स्टील ने आरोपों को 'निराधार' बताते हुए खारिज कर दिया है। आरोप है कि कंपनी के संयंत्रों के कारण स्थानीय निवासियों के लिए स्वास्थ्य संबंधी जोखिम बढ़ गए हैं। टाटा स्टील ने कहा है कि एसएफडब्ल्यू ने आरोपों के समर्थन में कोई प्रमाण पेश नहीं किया है, जिससे उसके दावों में तथ्यों की कमी है और ये सिर्फ कल्पना पर आधारित हैं। याचिका सार्वजनिक दावों के सामूहिक निपटान संबंधी डच कानून (डब्ल्यूएएमसीए) के तहत दायर की गई है। कंपनी ने शेयर बाजारों को बताया है कि इसके तहत दो चरणों में सुनवाई पूरी होती है। पहला चरण मामले की स्वीकार्यता का होता है और दूसरे चरण में उसके गुण-दोष पर विचार किया जाता है। दोनों चरणों में अलग-अलग दो-तीन साल का समय लगता है। इसलिए आने वाले समय में (पहले चरण के दौरान) हर्जाने की राशि पर अदालत में विचार नहीं किया जाएगा। टाटा स्टील ने कहा है कि वह एसएफडब्ल्यू द्वारा मुहैया कराए गए दस्तावेजों का अध्ययन कर रही है और अधिवक्ताओं से परामर्श ले रही है। साथ ही दावों के संभावित प्रभावों का भी आंकलन किया जा रहा है।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**यूपी में...** की मतदाता सूची में न तो इनके और न ही इनके माता-पिता या बाबा-दादी के नाम मिले हैं। यह कुल मतदाताओं का करीब सात प्रतिशत हैं। ड्राफ्ट मतदाता सूची के प्रकाशन के बाद इन्हें निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (ईआरओ) नोटिस देंगे। इन्हें भारत निर्वाचन आयोग की ओर से अनुमन्य 12 प्रमाण पत्रों में से एक देना होगा। आधार कार्ड अकेले मान्य नहीं होगा इसके साथ कोई दूसरा प्रमाण पत्र भी लगाना होगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि गणना प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि खत्म हो गई है। अब ड्राफ्ट मतदाता सूची का प्रकाशन होगा। इसके बाद 31 दिसम्बर से 30 जनवरी तक दावे व आपत्तियां ली जाएंगी। इसी तरह 31 दिसम्बर से 21 फरवरी तक उन मतदाताओं को नोटिस दिए जाएंगे, जिनके रिकॉर्ड नहीं मिल पाए हैं। दावे व आपत्तियों के निस्तारण के बाद अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 28 फरवरी को होगा। उन्होंने बताया कि जिनका नाम वर्ष 2025 की मतदाता सूची में नहीं है, वह फार्म-6 भरकर मतदाता बन सकते हैं। जिनके पास गणना प्रपत्र आया था, लेकिन वह किन्हीं कारणों से भर नहीं सके तो वे भी फॉर्म-6 भरकर मतदाता बन सकते हैं। हालांकि इन्हें एक शपथ पत्र भरना होगा। इसमें गणना प्रपत्र की तरह ही 2003 का रिकॉर्ड देना होगा। इसके साथ ही एक जनवरी 2026 को 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले युवा भी फार्म-6 भरकर मतदाता बन सकते हैं।

**वीर साहिबजादों...** ही पूरी मुगलिया बादशाहत उनके पीछे लग गई, लेकिन चारों साहिबजादों में से एक को भी डिगा नहीं पाई। साहिबजादा अजीत सिंह जी के शब्द आज भी उनके हौसले की कहानी कहते हैं। अजीत सिंह जी ने कहा था कि नाम का अजीत हूं, जीता न जाऊंगा, जीता भी गया तो जीता न आऊंगा। उन्होंने कहा कि कुछ दिन पहले ही हमने गुरु तेगबहादुर को उनके 350वें बलिदान दिवस पर याद किया था। जिन साहिबजादों के पास गुरु तेगबहादुर जी के बलिदान की प्रेरणा हो, वो मुगल अत्याचारों से डर जाएंगे, ये सोचना ही गलत था। साहिबजादों के बलिदान की गाथा देश में जन-जन की जुबान पर होनी चाहिए थी। दुर्भाग्य से आजादी के बाद भी देश में गुलामी की मानसिकता हावी रही। इस गुलामी का बीज अंग्रेज राजनेता मैकाले ने 1835 में बोया था। उस मानसिकता से देश को आजादी के बाद भी मुक्त होने नहीं दिया गया। उन्होंने आगे कहा कि आजादी के बाद भी देश में ऐसी सच्चाईयों को दबाने की कोशिश की गई। अब भारत ने तय किया है कि गुलामी की मानसिकता से मुक्ति पानी ही होगी। अब हम भारतीयों के बलिदान और शौर्य की स्मृतियां दबेंगी नहीं। अब देश के नायक-नायिकाओं को हाशिये पर नहीं रखा जाएगा और इसलिए वीर बाल दिवस को हम पूरे मनोभाव से मना रहे हैं। गुलामी की मानसिकता से मुक्त होते हमारे देश में, भाषाई विविधता हमारी ताकत बन रही है। पीएम मोदी ने कहा कि जिस राष्ट्र के पास ऐसा गौरवशाली अतीत हो, जिसकी युवा पीढ़ी को ऐसी प्रेरणाएं विरासत में मिली हों, वो राष्ट्र क्या कुछ नहीं कर सकता है। जब भी 26 दिसम्बर का दिन आता है, मुझे ये तसल्ली होती है कि हमारी केंद्र सरकार ने साहिब. जादों की वीरता से प्रेरित होकर वीर बाल दिवस मनाना शुरू किया। पीएम मोदी ने जेन-जी और जेन-अल्फा को संबो. धित करते हुए कहा कि आपकी जेनरेशन ही भारत को विकसित भारत के लक्ष्य तक ले जाएगी। मैं जेन-जी की योग्यता, आपका आत्मविश्वास देखता हूं, समझता हूं और इसलिए आप पर बहुत भरोसा करता हूं। उन्होंने कहा कि पहले युवा सपने देखने से भी डरते थे, क्योंकि पुरानी व्यवस्थाओं में ये माहौल बन गया था कि कुछ अच्छा हो ही नहीं सकता। चारों ओर निराशा का वातावरण था। लेकिन आज देश प्रतिभा को खोजता है, उन्हें मंच देता है।

# बाराबंकी की पूजा पाल व आगरा के अजय को प्रधानमंत्री बाल पुरस्कार

बाराबंकी, वार्ता



■ पूजा पाल ने बनाया है धूल रहित थ्रेशर का मॉडल
■ अजय राज ने मगरमच्छ से पिता की जान बचाई थी

सिरौली गौसपुर ब्लॉक के गांव डलईपुरवा की रहने वाली पूजा पाल को विज्ञान के क्षेत्र में किए गए नवाचार के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। वीर बाल दिवस के मौके पर शुक्रवार(26 दिसंबर) को विज्ञान भवन नई दिल्ली में आयोजित विशेष समारोह में यह पुरस्कार राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने प्रदान किया है। इस वर्ष पुरस्कार पाने वालों में 20 बच्चे शामिल हैं, जिनमें दो बच्चे उत्तर प्रदेश के हैं।

पूजा को सम्मान मिलने पर क्षेत्र में खुशी की लहर है। वहीं आगरा निवासी 9 साल के अजय राज के पिता को मगरमच्छ ने पकड़ लिया था, लेकिन अजय ने बिना डरे मगरमच्छ को भगाया था और अपने पिता की जान बचाई थी। सिरौली गौसपुर ब्लॉक के डलईपुरवा की रहने वाली पूजा पाल ने वर्ष 2021 में कक्षा आठ में पढ़ाई के दौरान थ्रेशर का एक मॉडल तैयार किया। यह मॉडल भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा कक्षा 6 से 10 तक के विद्यार्थियों द्वारा किए जाने वाले नवाचार को प्रोत्साहित करने के लिए चलाई जा रही इंस्पायर्ड एवार्ड योजना में चयनित हो गया। मॉडल को पहले जिला स्तर पर फिर मंडल स्तर पर चुन लिया गया। वर्ष 2021-22 की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में पूजा के थ्रेशर मॉडल की खूब तारीफ हुई और राष्ट्रीय प्रतियोगिता में स्थान मिला।

10 अक्टूबर 2023 में नई दिल्ली के इंदिरा गांधी स्टेडियम में 60 मॉडलों का चयन किया गया। इन 60 मॉडल्स में पूजा का थ्रेशर मॉडल भी था। पूजा पाल को प्रधानमंत्री मोदी की डॉक्यूमेंट्री 'कर्मयोग एक अंतहीन यात्रा' जो उनके 75 वें जन्मदिवस पर लांच की गई थी, उसमें भी पूजा को शामिल किया गया था। पूजा पाल मिशन शक्ति फेज 5.0 का रोल मॉडल भी है। इन बच्चों को गणतंत्र दिवस की परेड में भी शामिल किया जाता है।

# दिल्ली से सटे यूपी के जिलों का एक्यूआई खतरनाक स्तर पर

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** यूपी में कड़ाके की ठंड के साथ कई जिलों में प्रदूषण का स्तर भी बढ़ने लगा है। दिल्ली से सटे यूपी के जिलों में एक्यूआई 400 के पार तक पहुंच जा रहा। ग्रेटर नोएडा, नोएडा, गाजियाबाद, मेरठ और हापुड़ समेत कई शहरों में प्रदूषण का असर लोगों के स्वास्थ्य पर भी पड़ने लगा है।

विशेषज्ञों के मुताबिक प्रदूषण का असर सेहत पर तो पड़ता ही है, साथ ही साथ यह मानसिक रूप से लोगों को परेशान करता है। बहुत से मरीजों को त्वचा संबंधित दिक्कतें होने लगती हैं। विशेषज्ञों ने दुष्प्रभावों और उनसे बचने के उपायों के बारे में बताया है।केजीएमयू के पल्मोनरी एवं क्रिटिकल केयर विभाग के विभागाध्यक्ष डा. वेद प्रकाश ने बताया कि प्रदूषित वायु केवल फेफड़ों तक सीमित नहीं रहती, बल्कि शरीर के विभिन्न अंगों को प्रभावित करती है। सांस से संबंधित मरीजों को सांस लेने में दिक्कत होने लगती है। इस स्थिति में ऐसे मरीजों को यही कहा जाता है कि बाहर निकलने से पहले मुंह पर मास्क जरूर लगाएं, अनावश्यक बाहर न निकलें, धुंध के समय मॉर्निंग या इवनिंग वॉक न करें। केजीएमयू की त्वचा रोग विशेषज्ञ डा. पारुल वर्मा ने कहा कि वायु में मौजूद विषैली गैसें और सूक्ष्म कण त्वचा की उम्र बढ़ने की प्रक्रिया को तेज करते हैं। इससे समय से पहले ही झुर्रियां, पिग्मेंटेशन और अन्य त्वचा संबंधी समस्याएं आने लगती हैं। प्रदूषित हवा के संपर्क में रहने से त्वचा कैंसर का जोखिम बढ़ सकता है।

# सील ऑपरेशन थिएटर में प्रसव, महिला की मौत पर बवाल

## माधव नर्सिंग होम पर लापरवाही का आरोप, शव सड़क पर रखकर लगाया तीन घंटे जाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** थाना क्षेत्र के गांव नवाबपुरा भुड़ स्थित माधव नर्सिंग होम में ऑपरेशन के बाद 25 वर्षीय विवाहिता प्रियंका की मौत से क्षेत्र में तनाव फैल गया। महिला की मौत की सूचना मिलते ही आक्रोशित परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन और चिकित्सक पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। गुस्साए परिजनों ने शव को सड़क पर रखकर शेरपुर मार्ग पर करीब तीन घंटे तक जाम लगाया, जिससे आवागमन पूरी तरह ठप हो गया।

मुकारमपुर निवासी प्रियंका को 22 दिसंबर को प्रसव के लिए माधव नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया था। परिजनों के अनुसार उसी दिन ऑपरेशन के जरिए डिलीवरी कराई गई, लेकिन ऑपरेशन के बाद महिला की हालत बिगड़ती चली गई। आरोप है कि स्थिति गंभीर होने के बावजूद अस्पताल प्रबंधन ने समुचित उपचार न कराते हुए उसे अपने स्तर से अन्य अस्पतालों में दिखाना शुरू कर दिया। इलाज के दौरान चार दिन बाद 26 दिसंबर को प्रियंका की मौत हो गई। महिला की मौत से आक्रोशित परिजन और ग्रामीण दोपहर करीब 12 बजे अस्पताल पहुंच गए और जमकर हंगामा किया। शव को अस्पताल के बाहर सड़क पर रखकर प्रदर्शन किया गया। अस्पताल में हंगामे और शेरपुर मार्ग जाम होने की सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया। मौके पर तीन थानों की पुलिस पहुंची। इसके साथ ही एसडीएम विभा श्रीवास्तव, सीओ अंजलि कटारिया और सीएचसी प्रभारी राहुल कुमार भी घटनास्थल पर पहुंचे और परिजनों को समझाने का प्रयास किया। मामले में उस समय नया मोड़ आ गया, जब यह तथ्य सामने आया कि माधव नर्सिंग होम का ऑपरेशन थिएटर 15 सितंबर को ही उपजिलाधिकारी और स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा सील किया जा चुका था। इसके बावजूद आरोप है कि सील हटाकर यहां लगातार ऑपरेशन किए जा रहे थे। सरकारी कागजों में ऑपरेशन थिएटर पर ताला लटक रहा था, जबकि वास्तविकता में अंदर सर्जरी की जा रही थी। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन ने तत्काल कार्रवाई करते हुए माधव नर्सिंग होम को सील कर दिया। एसडीएम विभा श्रीवास्तव ने बताया कि सील किए गए ऑपरेशन थिएटर में ऑपरेशन कराना बेहद गंभीर मामला है। स्वास्थ्य विभाग को जांच कर कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। रिपोर्ट आने के बाद मामले में आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### कागजों में सील, हकीकत में सर्जरी



**मंडी धनौरा।** दस्तावेजों के अनुसार माधव नर्सिंग होम का ऑपरेशन थिएटर 15 सितंबर को मजिस्ट्रेट द्वारा सील कर दिया गया था। बावजूद इसके अस्पताल संचालक ने कथित रूप से सील हटाकर धड़ल्ले से ऑपरेशन जारी रखे। सरकारी रिकॉर्ड में ओटी बंद दिखाया जाता रहा, जबकि अंदर प्रसव और अन्य सर्जरी की जा रही थीं।

### चेतावनी पत्र लिखे गए, कार्रवाई फाइलों में दबी

**मंडी धनौरा।** ओटी सील होने के बाद सीएचसी चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राहुल कुमार ने माधव नर्सिंग होम का पंजीकरण निरस्त कराने के लिए मुख्य चिकित्सा अधिकारी को पत्र लिखा, लेकिन इसके बाद भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। आरोप है कि मामला स्वास्थ्य विभाग के उच्च स्तर पर पहुंचकर ठंडे बस्ते में डाल दिया गया।



मंडी धनौरा। शव को सड़क पर रखकर जाम लगाते परिजन।




मंडी धनौरा। अस्पताल को सील करते एसडीएम व चिकित्साधीक्षक।

# सील ओटी में धड़ल्ले से होते रहे ऑपरेशन

## पत्रों के ढेर में दब गई स्वास्थ्य विभाग की चेतावनी

**सुमित अग्रवाल**

**मंडी धनौरा।** नवाबपुरा (भुड़) स्थित माधव नर्सिंग होम में महिला की मौत के बाद सामने आए तथ्यों ने स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

अस्पताल को सील किए जाने के बाद धनौरा चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राहुल कुमार ने माधव नर्सिंग होम का पंजीकरण निरस्त कराने के लिए सीएमओ को पत्र लिखा था, लेकिन इसके बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। आरोप है कि मामले को स्वास्थ्य विभाग के उच्च स्तर पर ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। पत्र में चिकित्सा अधीक्षक ने स्पष्ट रूप से उल्लेख किया था कि निरीक्षण और छापेमारी के दौरान नर्सिंग होम में एक मरीज का सर्जरी के जरिए प्रसव कराया गया था, जबकि दूसरे मरीज की पित्त की थैली (गॉलब्लैडर) की सर्जरी की गई थी। इन दोनों मामलों में सर्जरी नोट्स, एनेस्थीसिया नोट्स और इलाज से संबंधित कोई भी रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं कराया गया। इतना ही नहीं, मौके पर ऑपरेशन करने के लिए कोई चिकित्सक भी मौजूद नहीं था और ओटी संचालन से जुड़े आवश्यक दस्तावेज भी नहीं पाए गए। इन्हीं गंभीर अनियमितताओं के चलते ऑपरेशन थिएटर को सील किया गया था। इसके बाद भी कार्रवाई की फाइलें आगे नहीं बढ़ीं। 25 अक्टूबर को चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राहुल कुमार ने माधव नर्सिंग होम के संचालक को एक और पत्र लिखकर अवगत कराया कि 12 अगस्त को नर्सिंग होम संचालन से संबंधित दस्तावेज उपलब्ध कराने के लिए नोटिस जारी किया गया था, लेकिन उसका कोई जवाब नहीं दिया गया। पत्र में यह भी स्पष्ट किया गया कि 15 सितंबर को एसडीएम और स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा ऑपरेशन थिएटर सील किया जा चुका है। इसके बावजूद अस्पताल संचालक को निर्देश दिए गए कि दो दिन के भीतर ओटी की सील को प्रमाणित करने के लिए लोकेशन सहित फोटो और सीसीटीवी फोटोग्राफी तथा नर्सिंग होम संचालन से जुड़े सभी वैध दस्तावेज उपलब्ध कराए जाएं। मामला यहीं नहीं रुका। 6 दिसंबर को भी चिकित्सा अधीक्षक ने नर्सिंग होम संचालक को पत्र भेजकर अस्पताल के बाहर पंजीकरण संख्या अंकित कराने के निर्देश दिए थे, लेकिन इन आदेशों का भी पालन नहीं किया गया। सबसे हैरान करने वाली बात यह रही कि चिकित्सा अधीक्षक लगातार पत्र लिखते रहे, चेतावनी देते रहे, लेकिन न तो मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) ने नर्सिंग होम का पंजीकरण निरस्त किया और न ही अस्पताल संचालक ने कोई दस्तावेज प्रस्तुत किए। न ही ऑपरेशन थिएटर सील होने का कोई प्रमाण दिया गया। नतीजा यह रहा कि कागजों में बंद नर्सिंग होम का ऑपरेशन थिएटर, हकीकत में मरीजों पर प्रयोग करता रहा, और अंततः एक महिला की जान चली गई।

# 15 वर्षीय किशोरी से किया दुष्कर्म

## गांव निवासी युवक व बाल अपराची पर रिपोर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रजबपुर।** ग्राम समाज की जमीन पर उपले थापने गयी 15 वर्षीय किशोरी बेहोशी की हालत में खून से सनी मिली। अस्पताल में होश में आने पर पीड़िता ने गांव के ही युवक और उसके बाल अपचारी साथी पर दुष्कर्म व मारपीट का आरोप लगाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

यह मामला थाना क्षेत्र के एक गांव का है। यहां पर किसान का परिवार रहता है। शुक्रवार शाम किसान की 15 साल की बेटी गांव के बाहर स्थित ग्राम समाज के मैदान में उपले थापने गई थी। देर शाम तक वापस नहीं लौटी तो स्वजन को चिंता हुई। उन्होंने बेटी की तलाश शुरू कर दी। तलाशी के दौरान किशोरी जिस स्थान पर उपले थापने गई थी वहां से थोड़ी दूर स्थित खेत में बेहोशी की हालत में पड़ी मिली। उसके कपड़े व शरीर पर खून लगा था। मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। स्वजन की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची तथा किशोरी को अस्पताल में भर्ती कराया। मामला संज्ञान में आने के बाद फोरेंसिक टीम व डाग स्कवायड भी मौके पर पहुंच गई। होश में आने के बाद किशोरी ने आपबीती सुनाई। किशोरी ने स्वजन व पुलिस को बताया कि गांव के ही अमन व उसके साथी बाल अपचारी ने उसके साथ दुष्कर्म किया है। विरोध करने पर मारपीट भी की है। हालांकि देर रात तक इस मामले में गांव में समझौते का प्रयास जारी था। परंतु किशोरी के स्वजन ने समझौता करने से इन्कार कर दिया। थानाध्यक्ष कोमल तोमर ने बताया कि इस मामले में अमन व उसके साथी बाल अपचारी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली है। पीड़िता का उपचार कराया जा रहा है। जल्दी ही आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# गरीबों की सेवा से बड़ा पुण्य कार्य नहीं

## सदर विधायक महबूब ने गरीबों को बांटे कम्बल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** लोक लेखा समिति के सभापति एवं सदर विधायक महबूब अली ने कड़ाके की ठंड को देखते हुए गरीब, बेसहारा एवं जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित किये।

सदर विधायक महबूब अली ने आज आजाद रोड स्थित अपने आवास पर गरीबों को कम्बल वितरण करते कहा कि समाज के कमजोर वर्गों की मदद करना हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है। लगातार गिरते तापमान के कारण ठंड का प्रकोप बढ़ता जा रहा है, ऐसे में गरीब लोगों को ठंड से बचाने के लिए हर संभव प्रयास किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि कंबल वितरण जैसे कार्यों से जरूरतमंद लोगों को राहत मिलती है और वे ठंड से सुरक्षित रह सकते हैं। पूर्व एमएलसी परवेज अली ने कहा कि ठंड के मौसम में बच्चों और बुजुर्गों का विशेष ध्यान रखना आवश्यक है। उन्होंने लोगों से अपील की कि अधिक से अधिक गर्म कपड़ों का उपयोग करें, जिससे सर्दी से होने वाली बीमारियों से बचा जा सके। ठंड के मौसम में लापरवाही कई तरह की बीमारियों को जन्म देती है, इसलिए सतर्कता और सावधानी बेहद जरूरी है।



# बाइक में टक्कर मार हत्या की कोशिश

## चाचा-भतीजा घायल, रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** हाईवे पर एक कार चालक ने जान से मारने की नीयत से बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार चाचा-भतीजा गंभीर रूप से घायल हो गए। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ हत्या की कोशिश का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

रजबपुर थाना क्षेत्र के अतरासील कलां में हनीफ का परिवार रहता है। 24 दिसंबर की शाम करीब छह बजे वह अपने भतीजे मुजाहिदीन के साथ बाइक पर सवार होकर रजबपुर से अपने घर अतरासी कलां जा रहे थे। तभी गांव के ही रहने वाले कय्यूम ने हाईवे पर जान से करने के लिए से अपनी कार से टक्कर मार दी। हादसे में दोनों चाचा-भतीजे बाइक से उछलकर दूर जा गिरे। इस दौरान मुजाहिदीन के सिर-पैर व शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोट आई। उनकी बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई। घटना के बाद लोगों की भीड़ जमा हो गई। मौके पर पहुंचे परिजनों ने मुजाहिदीन को अस्पताल में भर्ती कराया। हनीफ ने अपने और परिवार को कय्यूम से जान का खतरा भी बताया है। सीओ सिटी अभिषेक यादव ने बताया कि मामले में हनीफ की तहरीर पर कय्यूम के खिलाफ हत्या की कोशिश की प्राथमिकी दर्ज की गई है। जल्दी ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# मैसेज भेजने के विरोध में युवक को पीटा

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के गांव अल्लीपुर खादर में पारिवारिक विवाद और मोबाइल मैसेज के विरोध को लेकर एक युवक पर जानलेवा हमला किया गया। दबंगों ने घर में घुसकर युवक को लाठी-डंडों से पीट-पीटकर लहूलुहान कर दिया। पीड़ित मोनू पुत्र विजेंद्र के अनुसार, विवाद की शुरुआत गुरुवार की रात को हुई। मोनू की भाभी के मोबाइल फोन पर किसी युवक का एक मैसेज आया था। मोनू ने जब उस युवक को कॉल कर आपत्ति जताई और मैसेज करने का विरोध किया तो मामला बढ़ गया। शुक्रवार की सुबह आरोपी युवक मोनू के घर पहुँच गया। आरोप है कि वहां मोनू के सगे भाई भाभी और दो अन्य युवकों ने मिलकर उस पर हमला बोल दिया। दबंगों ने लाठी-डंडों से मोनू की जमकर पिटाई की। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। खून से लथपथ हालत में पीड़ित मोनू हसनपुर कोतवाली पहुँचा और पुलिस को लिखित तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तुरंत पीड़ित को उपचार और डॉक्टरी परीक्षण के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेज दिया। कोतवाल प्रेमपाल सिंह ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि पीड़ित की ओर से तहरीर प्राप्त हुई है।

# ई चालान के नाम पर मोबाइल हैक कर ठगी का प्रयास

## एपीके फाइल खोलते ही मोबाइल हो रहा हैक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** साइबर अपराधियों ने ई-चालान के नाम पर मोबाइल हैक कर ठगी करने का नया तरीका अपनाया है। आरटीओ के नाम से भेजी जा रही एपीके फाइल खोलते ही मोबाइल हैक हो रहा है तथा यह फाइल अन्य नंबरों पर फैल रही है। साइबर अपराधी ई-चालान के नाम से मोबाइल हैक कर ठगी का प्रयास कर रहे हैं। यदि आपके पास भी आरटीओ के नाम से ई-चालान का मैसेज आता है तो सावधान हो जाएं। मैसेज भेजने वाला आरटीओ विभाग से नहीं बल्कि साइबर ठग हो सकते हैं। शुक्रवार शाम उन्होंने रजबपुर में लोगों के मोबाइल पर आरटीओ के ई-चालान के नाम से एपीके फाइल भेज कर मोबाइल हैक कर लिए। इस क्रम में थाना क्षेत्र के गांव जगुआ खुर्द निवासी मनोज के वाटसएप पर शुक्रवार शाम आरटीओ के चालान के नाम से एपीके फाइल आई थी। जैसे ही उन्होंने फाइल को खोला तो मोबाइल हैक हो गया। थोड़ी ही देर में वह फाइल स्वत ही उनके मोबाइल में स्थित सभी वाटसएप ग्रुप व अन्य नंबरों पर भेजी जाने लगी। मनोज ने मोबाइल बंद किया तथा दूसरे नंबर से टोल फ्री नंबर 1930 पर सूचना दी। गनीमत रही कि उनके खाते से कोई पैसा नहीं निकला।

# बिजली काटने के विरोध में ग्रामीणों का प्रदर्शन

## बिल जमा न होने पर विभाग ने काटी बिजली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** नगर में शुक्रवार को बिजली समस्या को लेकर ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। उझारी विद्युत फीडर के तहत आने वाले गांव फूलपुर गढ़ी के दर्जनों ग्रामीणों ने उपखंड विद्युत वितरण कार्यालय का घेराव किया और विभाग के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे ग्रामीण हरि दत्त राणा ने बताया कि गांव की बिजली पिछले 15 दिनों से कटी हुई है। विभाग द्वारा पूरे गांव की आपूर्ति ठप किये जाने से ग्रामीणों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का तर्क है कि गांव के कई उपभोक्ताओं ने अपने बिजली बिल जमा कर दिये हैं। जबकि कुछ लोग धीरे-धीरे बकाया राशि का भुगतान कर रहे हैं। प्रदर्शनकारियों ने मांग रखी कि विभाग का सामूहिक रूप से बिजली काटना न्यायसंगत नहीं है। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने बिल जमा कर दिए हैं, उनकी लाइन तुरंत जोड़ी जाए। जिन्होंने भुगतान नहीं किया है, विभाग उन पर कार्रवाई जारी रख सकता है, लेकिन ईमानदार उपभोक्ताओं को सजा न दी जाए। मामले की गंभीरता को देखते हुए विद्युत विभाग के एसडीओ द्वितीय राजेंद्र प्रसाद ने ग्रामीणों से वार्ता की। उन्होंने बताया कि ग्रामीणों का शिकायती पत्र प्राप्त हो गया है। एसडीओ ने संबंधित जेई को निर्देशित किया है कि जिन उपभोक्ताओं का बिल जमा हो चुका है। उनकी विद्युत आपूर्ति तत्काल प्रभाव से सुचारू की जाये।प्रदर्शन में मुख्य रूप से हरि दत्त राणा, राजपाल सिंह, भूकन सरन, रतन, सुनील, राजेश सिंह, राहुल, लखपत, राजन, विजय, कमल सिंह और संजू सहित भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।



### भाजपा के पास ईडी, सीबीआई तो आप के पास आवाम की ताकतः गोपाल राय

# यूपी को घुसपैटिया देश बनाना चाहती है योगी सरकार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** वोट बचाओ, संविधान बचाओ पदयात्रा में उमड़ा जनसैलाब। पूर्व मंत्री गोपाल राय ने कहा कि भाजपा के पास ईडी व सीबीआई है तो आम आदमी पार्टी के पास आवाम की ताकत है।

**आप की वोट बचाओ, संविधान बचाओ पदयात्रा को मिला भारी जनसमर्थन**

रामपुर से अमरोहा पहुंची संविधान बचाओ पदयात्रा को जनता का भारी समर्थन मिला। सांसद संजय सिंह ने कहा कि योगी सरकार यूपी को एक घुसपैटिया देश बनाने जा रही है। एसआईआर कराकर चुनाव आयोग एक और गैर संवैधानिक काम कर रहा है। संसद सुन नहीं रही, सुप्रिम कोर्ट तारीख पर तारीख दे रहा है इसलिए अब सड़क का रास्ता ही बाकी है। अगर सत्ता की गर्मी निकालना है तो ठंड में सड़कों पर निकलना पड़ेगा। वोट काटने की साजिश लोकतंत्र पर सीधा हमला है। जिसे आम आदमी पार्टी किसी भी हाल में सफल नही होने देगी। दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरव भारद्वाज ने कहा कि डर और नफरत की राजनीति से हीं संविधान और जनता की ताकत से चलेगा देश। पूर्व मंत्री गोपाल राय ने कहा कि भाजपा के पास ईडी और सीबीआई है तो आम आदमी पार्टी के पास जनता की ताकत है। वोट बचाओ संविधान बचाओ पदयात्रा को छह दिनों से अभूतपूर्व समर्थन और प्यार मिल रहा है। पदयात्रा के दौरान उठाये गये सवालों और सामने रखे गये तख्तियों ने यह स्पष्ट संदेश दिया है कि मतदाता सूची के नाम पर करोड़ो लोगों को बेआवाज करने की कोशिश को जनता स्वीकार नहीं करेगी। पदयात्रा में पूर्व मंत्री सौरव भारद्वाज, दुर्गेश पाठक, संजीव झा, कुलदीप कुमार, आदिल खान, अनिल झा, सुरेन्द्र चौधरी, इंजीयर मौहम्मद हैदर, ने सभा को संबोधित किया। संजय सिंह ने बताया कि रामपुर से यात्रा इसलिए शुरू हुई क्योंकि वहां 80 वर्षीय बुजुर्ग महिला नूरजहां पर एफआईआर दर्ज कर डर का माहौल बनाया है। उन्होने कहा कि एसआईआर के बहाने दलित, मुस्लिम, पिछड़ों के वोट काटे जा रहे है। परन्तु उन्हें डरने की जरूरत नहीं है। वोट हमारा अधिकार है उस पर किसी को डाका नहीं डालने दिया जायेगा।



अमरोहा। वोट बचाओ, संविधान बचाओ पदयात्रा के दौरान जनता का अभिवादन करते सांसद संजय सिंह।

# पोस्टमार्टम रिपोर्ट से खुलेगा मासूम की मौत राज

## 23 दिन की चारु की संदिग्ध मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** थाना क्षेत्र के गांव दिसोरा में 23 दिन की मासूम नवजात चारु की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया। घर में जहां कुछ दिन पहले किलकारियों की गूंज थी, वहां अब मातम पसरा हुआ है। मासूम की अचानक मौत से परिजन बदहवास हैं, वहीं गांव में इस घटना को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं तेज हो गई हैं।

गांव निवासी प्रशांत के घर गुरुवार देर शाम उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब 23 दिन की नवजात चारु की हालत अचानक बिगड़ गई। परिजनों ने बताया कि कुछ ही पलों में मासूम ने सांस लेना बंद कर दिया। घबराए परिजनों ने आसपास के लोगों की मदद ली, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। सूचना मिलते ही पुलिस को अवगत कराया गया। सूचना पर पहुंची थाना पुलिस ने मौके का मुआयना किया और नवजात के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने परिजनों से प्रारंभिक पूछताछ भी की, ताकि मौत के कारणों की सही जानकारी जुटाई जा सके। फिलहाल, किसी तरह की चोट या बाहरी कारण के स्पष्ट निशान सामने नहीं आए हैं, जिससे मामला और भी रहस्यमय बन गया है। थाना प्रभारी निरीक्षक बालेंद्र कुमार ने बताया कि नवजात की मौत किन कारणों से हुई, यह फिलहाल स्पष्ट नहीं है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति पूरी तरह साफ हो सकेगी। उसी के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मासूम चारु की मौत ने गांव दिसोरा में शोक की लहर दौड़ा दी है। हर कोई यही सवाल कर रहा है कि आखिर इतनी छोटी बच्ची की मौत कैसे हुई? अब सभी की निगाहें पोस्टमार्टम रिपोर्ट पर टिकी हैं, जो इस दर्दनाक घटना का सच सामने लाएगी।

# बिना अनुमति के आम के तीस पेड़ काटे

## डीएम ने दिये रिपोर्ट दर्ज कराने के आदेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। गांव निजामपुर गर्वी में बिना अनुमति आम के तीस पेड़ काटने के मामले में डीएम श्रीमति निधि गुप्ता वत्स ने कड़ा रूख अपनाते आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने के आदेश दिये हैं। साथ ही इस मामले में वन विभाग की संलिप्ता की जांच कराकर उनके खिलाफ भी कार्रवाई किये जाने की बात कही है।

जानकारी के अनुसार, गांव निजामपुर गर्वी में कुछ लोगों द्वारा नियमों को ताक पर रखकर पेड़ों पर कुल्हाड़ी चलाकर प्लाटिंग की जा रही थी। शिकायत मिलने के बाद प्रशासनिक स्तर पर कराई गई जांच में पर्यावरण को गंभीर नुकसान और नियमों के उल्लंघन की पुष्टि हुई। इसके बाद जिलाधिकारी ने तत्काल कानूनी कार्रवाई के आदेश जारी कर दिए। डीएम निधि गुप्ता वत्स ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि अवैध प्लाटिंग और पर्यावरण से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ किसी भी तरह की नरमी नहीं बरती जाएगी। मामले की जांच जारी है और जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके विरुद्ध सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। प्रशासन की इस कार्रवाई से अवैध प्लाटिंग से जुड़े लोगों में खलबली मची हुई है और जिले में साफ संदेश गया है कि गैरकानूनी गतिविधियों पर अब कड़ा शिकंजा कसा जाएगा।

# नाले का पानी वापस मोहल्ले की सड़कों तक पहुंचा

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। सफाई कार्य के लिए तालाब में जा रहे नालों के पानी को रोकने को कारण पानी वापस होकर रास्ते में भर गया, इतना ही नहीं कुछ लोगों के

### ■ एक व्यक्ति के बेसमेंट में भी भरा पानी

घरों के बेसमेंट में भी पानी भर गया। रास्ते में पानी भरने के कारण स्कूल जाने वाले छात्र-छात्राओं को भी काफी समस्या का सामना करना पड़ा। लोगों ने पालिका से समस्या के निदान की मांग की। बता दें कि नगर पालिका के नालों का पानी बूढ़े बाबू तालाब में जाता है। बताते हैं कि यहां पर सफाई का काम होने के कारण पानी जाने से रोका गया है। इस कारण नालों में भरा पानी वापस होकर नगर के मुहल्ला चमनबाग में पहुंच गया। रास्ते में पानी भर गया और फारूख के बेसमेंट में भी पानी पहुंच गया। यहां के मारूफ, अकीला, कलुआ, एहसान, शफीक, नबाब आदि का कहना है कि



रास्ते में पानी भरने से स्कूल जाने वाले बच्चों को भी परेशानी का सामना करना पड़ा। कई छोटे बच्चे तो स्कूल भी नहीं जा पाए। लोगों ने यहां के सभासद अरविंद कुमार से भी बातचीत करके समस्या के निदान की मांग की। चेयरपर्सन राजेन्द्री उर्फ उमा देवी ने बताया कि तालाब के सफाई कार्य के लिए पानी रोका गया था, पानी की निकासी दूसरी तरफ करा दी गई है।

# भाकियू ने की सड़क निर्माण की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा**। भारतीय किसान यूनियन बीआर अंबेडकर ने रास्ते का निर्माण करवाये जाने की मांग की है।

शुक्रवार को भारतीय किसान यूनियन बीआर अंबेडकर ने हसनपुर तहसील क्षेत्र के गांव कोटा जलालपुर खुर्द में टूटी-फूटी सड़क व कच्चे रास्ते है। जिस पर आने जाने वालों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पानी की निकासी न होने के कारण जगह-जगह रास्तों में पानी भर जाता है। जिससे स्कूल आने जाने वाले बच्चों व ग्रामीणों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि कई बार संबंधित अधिकारियों से गांव के रास्तों को ठीक करवाये जाने की मांग की गई है। लेकिन इस पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इन रास्तों को जल्द से जल्द ठीक कराया जाये ताकि ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना ना पड़े। उन्होंने कहा कि यदि ग्रामीणों की इस समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वह धरना प्रदर्शन करेंगे। ज्ञापन देने वालों में राष्ट्रीय अध्यक्ष दिग्विजय सिंह भाटी, भागेंद्र सिंह, कर्मेंद्र सिंह, राजेंद्र सिंह, अमन, ईश्वर दयाल शर्मा, सुतारी कुमार, जैनेंद्र सिंह, यशपाल सिंह, रविंद्र सिंह, दयावती, सूरजमुखी, रेखा देवी, निरंजन सिंह आदि मौजूद थे।

# प्रशासन चला गांव की ओर, चौपाल आयोजित

## डीएम ने गर्भवती महिलाओं की गोदभराई




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा**। जिलाधिकारी श्रीमती निधि गुप्ता वत्स की अध्यक्षता में विकास खण्ड-जोया के गांव डिडौली में सुशासन सप्ताह के तहत प्रशासन चला गांव की ओर के उद्देश्य से गांव की समस्या, गांव में समाधान के लिए ग्राम चौपला का आयोजन किया गया।

इस चौपाल का मुख्य उद्देश्य ग्राम वासियों की समस्याओं को सुनकर उनके निस्तारण करना है। सरकार द्वारा जो योजनाएं संचालित है। ग्राम चौपाल में जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य, विद्युत, जल, शौचालय, प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना, मनरेगा, तालाबों के सौंदर्य करण, स्वयं सहायता समूह के कार्य, वृद्धावस्था पेंशन, दिव्यांगजन पेंशन, निराश्रित पेंशन, राशन कार्ड, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, साफ-सफाई आदि से संबंधित समस्याओं को सुना। जिलाधिकारी ने गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की रस्म कर उनके और उनके आने वाले बच्चे को स्वस्थ्य जीवन की कामना की। जिलाधिकारी ने बच्चों को खीर खिलाकर अन्नप्राशन कराया।जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत पात्र लाभार्थियों को डेमो चाबी देकर उन्हें सम्मानित किया। इस अवसर पर पीडीडीआरडीए अम्बरीष कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी श्रीमती पारून सिसौदिया, उप निदेशक कृषि डा0 रामप्रवेश, जिला पूर्ति अधिकारी श्रीमती रीना कुमारी, खंड विकास अधिकारी सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# दिल्ली को हराकर कोटला क्लब पहुंचा फाइनल में

## 101 रन से दी शिकस्त, यश बने मैन आफ दि मैच

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। मिनी स्टेडियम में आल इंडिया सद्भावना कप के पहले सेमीफाइनल में दिल्ली को 101 रन से हराकर कोटला क्लब ने फाइनल में प्रवेश कर लिया। छह विकेट हासिल करने वाले यश गर्ग को मैन आफ दि मैच का पुरस्कार दिया गया।

फ्रेंड्स क्रिकेट क्लब दिल्ली ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए रॉयल कोटला क्रिकेट क्लब ने 30 ओवर में 8 विकेट पर 222 रन बनाए। टीम की ओर से लाखन ने 42 रन और यश गर्ग ने 35 रन की उपयोगी पारी खेली। गेंदबाजी में फ्रेंड्स की ओर से सिद्धार्थ ने 2 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी फ्रेंड्स दिल्ली की टीम रॉयल कोटला की घातक गेंदबाजी के सामने टिक नहीं सकी और 20.5 ओवर में 121 रन पर ऑलआउट हो गई। फ्रेंड्स की ओर से ऋथिक ने 36 और नागर ने




23 रन बनाए। रॉयल कोटला की ओर से यश गर्ग ने 6 विकेट झटके, जबकि अंकित ने 3 विकेट लिए। इस तरह रॉयल कोटला क्रिकेट क्लब ने 101 रन से शानदार जीत दर्ज कर फाइनल में प्रवेश किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए यश गर्ग को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

# विद्यार्थियों को फास्ट फूड के नुकसान के बारे में बताया

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। यश पब्लिक इंटर कॉलेज में खाद्य विभाग की ओर से एक गौष्ठी का आयोजन करके विद्यार्थियों को फास्ट फूड से होने वाले नुकसान के बारे में जागरूक किया।

खाद्य विभाग के अपर आयुक्त विनय अग्रवाल ने कहा कि, आज की तेज रफ्तार जिंदगी में लोग स्वाद और सुविधा के चक्कर में अपने स्वास्थ्य

### ■ यश पब्लिक इंटर कॉलेज में आयोजित हुई गौष्ठी



से समझौता कर रहे हैं। जंक फूड, पैकेज्ड खाद्य पदार्थ और मीठे पेय पदार्थों के अत्यधिक सेवन से मोटापा, डायबिटीज और हृदय रोग जैसी बीमारियाँ तेजी से बढ़ रही हैं। ऐसे में सही खानपान के प्रति जागरूकता बेहद जरूरी हो गई है। उन्होंने कहा कि संतुलित आहार में हरी सब्जियाँ, फल, दालें, साबुत अनाज और पर्याप्त मात्रा में पानी शामिल होना चाहिए। इसी के साथ ही खाद्य पदार्थ खरीदते समय उनके लेबल पढ़ना, एक्सपायरी डेट देखना और मिलावटी खाद्य पदार्थों से बचना चाहिए। गौष्ठी में खाद्य अधिकारी विपिन कुमार ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस मौके पर प्रबंधक लखबीर सिंह, प्रधानाचार्य नीरज कुमार आदि सहित स्टॉफ मौजूद रहे।

# कोहरे में आम के पेड़ों पर चलाया आरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। माफियाओ ने बिना अनुमति के आम के हरे-भरे पेड़ों पर कुल्हाड़ी चला कर उन्हें काट दिया। वन विभाग ने मौके पर पहुंचकर जांच की है।

कोतवाली क्षेत्र के अब्दुल्ला कॉलोनी में लकड़ी माफियाओं ने हाजी इकबाल अहमद के बाग में आम के पांच पेड़ों पर कुल्हाड़ी चला कर उन्हें काट दिया। सुबह होने पर जब ग्रामीणों ने बाग में आम के हरे पेड़ों को कटा हुआ देखा तो उन्होंने इसकी सूचना वन विभाग को दी। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम में मौके पर पहुंच गई। हसनपुर क्षेत्र में इन दोनों रात के अंधेरे में लकड़ी काटने वाले माफिया आम के हरे भरे बागों को निशाना बनाकर वहां कटान कर रहे हैं। इन दोनों घना कोहरा पड़ा है। इससे तो माफियाओं की मानो लॉटरी ही निकल आई हो। ठंड के चलते लोगों की निगाह पेड़ों के कटान पर नहीं पहुंच पाती है। जिससे लकड़ी माफिया खुलकर अपने काम को अंजाम दे रहे हैं। जिस तरह से आम के हरे भरे पेड़ों का कटान किया जा रहा है। यदि यही हाल रहा तो आने वाले समय में माफिया आम के पेड़ों का नामो निशान ही मिटा देंगे। वन क्षेत्राधिकारी नरेश कुमार ने बताया कि आम के पेड़ों को काटे जाने की सूचना पर टीम को मौके पर भेजा गया था। बिना अनुमति आम के पेड़ कटान करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

# ब्लॉक कार्यकारिणी को दिलाई शपथ

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। एससी/एसटी बेसिक टीचर वेलफेयर एसोशिएसन की एक बैठक में जिलाध्यक्ष करतार सिंह ने संगठन को मजबूत करना बहुत आवश्यक है। संगठन के बल पर ही हम अपनी जायज व आवश्यक मांगो को विभाग एवं सरकार द्वारा पूरा करा सकते हैं। इस दौरान ब्लॉक कार्यकारिणी को शपथ भी दिलाई गई। शुक्रवार को नगर के पारस वेंकट हॉल में आयोजित बैठक में मंडल उपाध्यक्ष विनोद कुमार गौतम ने कहा कि ऐसे बहुत से काम है जो कि संगठन के बिना असम्भव है। इस मौके पर गजरौला ब्लॉकाध्यक्ष संजीव कुमार, मंत्री नरेन्द्र कुमार कौशिक, महिला उपाध्यक्ष दीपा रानी निमेश, संयुक्त मंत्री हेम सिंह, संगठन मंत्री सुभाष सिंह, कोषाध्यक्ष लाल बहादुर सिंह, महिला उपाध्यक्ष उमा, प्रचार मंत्री



सौदान सिंह, प्रवक्ता सुषमा देवी, मीडिया प्रभारी प्रवीन कुमार, वरिष्ठ उपाध्यक्ष जितेन्द्र कुमार जबकि धनौरा ब्लॉकाध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह, ब्लॉक मंत्री राजेन्द्र सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विनोद कुमार व कोषाध्यक्ष उमेश चंद को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस मौके पर डॉ. पृथी सिंह, जगवीर सिंह, नीरज नीमल, रामवीर सिंह, संजीव कुमार व रेखा रानी ने अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर ओमप्रकाश त्रिपाठी, सुधीर कुमार, परवीन कुमार, देवकान्त भूषण, रुपेन्द्र सिंह, सोवान सिंह, सत्यपाल सिंह, ब्रजपाल शरण, धर्मेन्द्र कुमार, सुरेन्द्र व्यास, देशराज सिंह, जितेन्द्र सिंह, विशेष कुमार, करन सिंह मौजूद रहे।

# सीएम आवास पर मना वीर बाल दिवस



## शिक्षक विधायक डा. ढिल्लो भी हुए शामिल

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा**। लखनऊ स्थित मुख्यमंत्री आवास पर वीर बालदिवस का आयोजन पूरे सम्मान व गरिमा के साथ किया गया। अमरोहा सिख समाज की ओर से इस कार्यक्रम में शिक्षक विधायक डॉ. हरि सिंह ढिल्लो, ब्लॉक प्रमुख अमरोहा सरदार गुरिंद्र सिंह ढिल्लो, सरदार परमजीत सिंह जीतू, सरदार जसमीत सिंह (इशू) एवं सरदार रौनक सिंह विशेष रूप से शामिल हुए। सभी प्रति. निधियों ने वीर साहिबजादों के बलिदान को नमन करते हुए उनके आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि वीर बालदिवस केवल इतिहास स्मरण का दिन नहीं है, बल्कि यह नई पीढ़ी को साहस, त्याग और राष्ट्रभक्ति की प्रेरणा देने का अवसर भी है। सिख समाज के प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री आवास पर आयोजित इस कार्यक्रम को गौरवपूर्ण बताते हुए प्रदेश सरकार का आभार व्यक्त किया। यह दिवस सिख इतिहास के वीर साहिबजादों की अद्वितीय शहादत को समर्पित रहा। इस ऐतिहासिक अवसर पर उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों से सिख समाज के प्रतिनिधियों ने सहभागिता की।

# पशु चिकित्सक को पीटने में रिपोर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैदनगली**। थाना क्षेत्र के कास्बा उझारी स्थित पशु चिकित्सालय में तैनात एक सरकारी ड्रेसर और उनके सहयोगी के साथ मारपीट का मामला। ग्रामीणों ने इलाज में देरी का आरोप लगाकर न केवल कर्मियों के साथ अभद्रता की, बल्कि लाठी-डंडों से हमला कर उन्हें घायल कर दिया। पुलिस ने मामले में चार लोगों के खिलाफ तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर दी है।मूल रूप से मुजफ्फरनगर निवासी सुधीर कुमार उझारी पशु चिकित्सालय में ड्रेसर के पद पर तैनात हैं। गुरुवार सुबह गांव कुआडाली निवासी रमेश ने फोन कर अपनी भैंस के बीमार होने की सूचना दी थी। सुधीर कुमार अपने सहयोगी पशु मैत्री देव कुमार के साथ जब गांव पहुंचे, तो वहां भैंस की मौत पहले ही हो चुकी थी।

# मजदूरी न मिलने पर फैक्ट्री गेट पर प्रदर्शन

## तीन माह से ठेकेदार ने किया भुगतान, मजदूरों का गुस्सा फूटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गजरौला**। मजदूरी न देने पर श्रमिकों ने हाइवे स्थित एक फैक्ट्री के सामने खड़े होकर प्रदर्शन किया। कड़ाके की ठंड में शुक्रवार की दोपहर मजदूर हाईवे के किनारे स्थित एक फैक्ट्री के गेट पर जमा हुए। उन्होने प्रदर्शन कर नारेबाजी की। मजदूरों ने कहा कि बीते तीन माह से काम कर रहे हैं। ठेकेदार ने रुपये नहीं दिए हैं। मांगने पर ठेकेदार टालमटोल कर रहा है। जिससे मजदूरों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। ठेकेदार ने फोन तक उठाना बंद कर दिया है। फैक्ट्री के प्रबंधन से भी मामले की शिकायत की गई थी लेकिन इसके बाद भी समस्या का समाधान नहीं हो सका है। रोजाना चक्कर काटकर परेशानी का सामना



करना पड़ रहा है। 25 मजदूरों को मजदूरी के रुपये नहीं मिले हैं। प्रदर्शन करने वालों में आरती, ललिता, अनीता, सीमा,रीनू, प्रीति, रेनू, रुक्मणी, राखी देवी, कविता देवी, ज्योति, संगीता, राजवती, तिर्मिला देवी, सुरेंद्र सिंह,जॉनसन, विजयपाल सिंह, रिक्की कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

# घर लौट रहे दुकानदार को किया घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। दुकान बंद करके घर लौट रहे युवक के साथ दो सगे भाईयों सहित पांच युवकों ने मारपीट करके घायल कर दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज करके छानबीन शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव अटारी मुरीदपुर निवासी रामपाल सिंह का पुत्र सुमित कुमार गजरौला के खादगूजर चौराहे जूते चप्पल की दुकान चलाता है। गुरूवार की देर शाम को वह दुकान बंद करके अपनी एक्टिवा स्कूटी से घर लौट रहा था। आरोप है कि हाइवे स्थित टीटी फैक्ट्री के पीछे नहर की

### ■ पांच आरोपियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज

पुलिया पर गांव निवासी दो सगे भाई अंकित व गोलू समेत अजित, दीपक व हिमांशु खड़े थे। उन्होंने सुमित की स्कूटी रूकवाकर कहा कि वह उनके विरूद्ध थाने में बहुत शिकायत करता है। इसके बाद पांचो युवकों ने सुमित के साथ मारपीट करते हुए घायल कर दिया। इनके चंगुल से किसी तरह छूटकर उसने परिजनों को फोन करके बुलाया तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुक. दमा दर्ज करके छानबीन शुरू कर दी है।

# सड़क हादसे में गाजियाबाद के व्यक्ति की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गजरौला**। सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस मृतक के शव को निजी एम्बुलेंस से सीएचसी लेकर पहुंची, जहां डॉक्टर ने भी मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद पुलिस द्वारा शव को अग्रिम कार्रवाई के लिए मोर्चरी के लिए भेजा गया। जानकारी के अनुसार शुक्रवार को एक व्यक्ति की हाइवे पर सड़क हादसे में मौत हो गयी। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को एम्बुलेंस के माध्यम से सीएचसी पहुंचाया, जहां पर डॉक्टर ने भी नब्ज आदि जांचकर उसे मृत घोषित किया। पुलिस ने मृतक के कपड़ों की तलाशी कराई तो उसकी जेब से मिले पहचान संबंधी अभिलेख से उसकी पहचान हिलाल निवासी ईदगाह इस्लामनगर, कोतवाली घन्टाहरि जनपद गाजियाबाद के रूप में हुई।जिसके बाद शव को अग्रिम कार्रवाई के लिए मोर्चरी के लिए भेजा गया।

# चार साहिबजादों की शहादत पर लंगर



## चेयरमैन ने की सेवा, लोगों ने ग्रहण किया लंगर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। शहादत और सेवा की अनुपम मिसाल बने गुरु गोबिंद सिंह जी के चार साहिबजादों की स्मृति में शुक्रवार देर शाम धनौरा में सिख समाज द्वारा गरम दूध का लंगर आयोजित किया गया। शहादत सप्ताह के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में सर्द मौसम के बीच श्रद्धा और सेवा का भाव देखने को मिला। लंगर का लाभ हजारों नागरिकों ने उठाया।

लंगर सेवा के दौरान सेवादारों ने सरहिंद की ऐतिहासिक घटना का स्मरण कराते हुए बताया कि किस प्रकार मोतीराम मेहरा ने अत्यधिक ठंड में भी साहिबजादों को दूध पिलाने के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया था। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि 22 दिसंबर 1704 को चमकौर में बड़े साहिबजादे अजीत सिंह और जुझार सिंह ने धर्म की रक्षा के लिए वीरगति पाई थी, जबकि 27 दिसंबर को सरहिंद में छोटे साहिबजादे जोरावर सिंह और फतेह सिंह ने भी अत्याचार के सामने झुकने से इंकार करते हुए शहादत दी थी। नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल ने भी लंगर सेवा में भाग लिया और स्वयं सेवा कर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा, चार साहिबजादों का बलिदान मानवता, साहस और त्याग की अद्वितीय मिसाल है। ऐसे आयोजन समाज में आपसी भाईचारे और सेवा की भावना को मजबूत करते हैं। वहीं सरदार सुरजीत सिंह बब्बल ने कहा, चार साहिबजादों की शहादत केवल सिख समाज ही नहीं, बल्कि पूरे देश के लिए प्रेरणा है। यह लंगर उनके बलिदान को याद रखने और नई पीढ़ी को उसके संदेश से जोड़ने का माध्यम है। उन्होंने बताया कि यह आयोजन हर वर्ष पूरी श्रद्धा और सेवा भाव के साथ किया जाता है। इस मौके पर ज्ञानी वीर सिंह, जितेश कुमार, अक्षय अग्रवाल, दुजेंद सिंह ढिल्लों, करिश्मा सिद्धू, शेखर सिद्धू, त्रिवेंद्र सिंह, बलजीत सिंह, मंजीत सिंह, सिमरन कौर, हरजीत कौर, लोकेश कौर, हरविंदर कौर, सुखमणि कौर, नीलू कौर, नीतू कौर, चरणजीत कौर, गुरप्रीत सिंह, रंजीत कौर, रजनी ढिल्लो, प्रवेश कौर, कुंती चौधरी, गुरद. ीप कौर, राजू बादशाह, सनप्रीत सिंह सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार के खिलाफ प्रदर्शन, पीएम यूनुस का फूंका पुतला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** बांग्लादेश में हिंदू दीपू चंद्र दास की निर्मम हत्या के खिलाफ बिसौली में विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने बांग्लादेश के पीएम युनुस का पुतला बनाकर नगर में घुमाया और जूते चप्पलों से प्रतीकात्मक विरोध दर्ज कर पुतला फूंका और नारेबाजी की। उन्होंने हिंदुओं पर लगातार हमलों और प्रशासनिक निष्क्रियता के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। शुक्रवार को पुलिस चौकी से जुलूस निकाला, जिसमें भारत माता की जय, जय श्री राम,



बांग्लादेश मुर्दाबाद जैसे नारे लगाए गए। इसके बाद आसफपुर तिराहे पर बांग्लादेश सरकार के विरुद्ध जमकर नारेबाजी करते हुए पीएम युनुस का पुतला दहन किया गया। सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारी पुलिस बल मौके पर मौजूद रहा। इस दौरान विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष अरविंद अग्रवाल, विभाग संगठन मंत्री तेजपाल, बजरंग दल के नगर संयोजक मनु शर्मा परशुराम भक्त, विश्व हिंदू परिषद के नगर उपाध्यक्ष नमन पाराशरी, लक्ष्य पाराशरी, नितिन मिश्रा छोटा मोदी, वरिष्ठ कार्यकर्ता सत्यनारायण मिश्रा, नगर पालिका सभासद कृष्ण गुप्ता, ललित गुप्ता, अनीता शर्मा, संजीव वाल्मीकि, करण वाल्मीकि, रोहित ठाकुर, संजीव, जतिन, सनी ठाकुर, अमन ठाकुर, अमित पंडित, शिवम शर्मा आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# आसफपुर: प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभागियों का हुआ प्रस्तुतीकरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**आसफपुर।** राष्ट्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज संस्थान द्वारा प्रायोजित तीस दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में समस्त बी आर पी प्रतिभागियों का प्रस्तुतीकरण हुआ।

इससे पूर्व समस्त प्रतिभागियों के 7 समूह बनाकर बदायूं जिले के विकास खंड सहसवान क्षेत्र के अलग अलग 7 ग्रामपंचायतों में सोशल ऑडिट के लिए 9 दिन के प्रवास पर भेजा गया था। 9 दिवसीय प्रवास के दौरान टीम द्वारा प्राप्त किए गए निष्कर्ष को सोशल ऑडिट ग्राम सभा में सार्वजनिक किया गया। उक्त निष्कर्षों के मुताबिक राष्ट्रीय ग्रामीण विकास संस्थान हैदराबाद से आए सुमेध पाटिल तथा प्रशिक्षकों के समक्ष प्रस्तुतीकरण दिया। जिसके आधार पर तथा लिखित मूल्यांकन के आधार पर सभी प्रतिभागियों को अंक प्रदान किए जाएंगे।



जिसमें न्यूनतम पचास प्रतिशत अंक प्राप्त करने तथा ऑन लाइन मूल्यांकन को शामिल करते हुए ऑन लाइन सफल प्रतिभागियों को प्रमाण - पत्र दिया जाएगा। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम विगत 28 नवंबर 2025 से अनवरत रूप से चलाया जा रहा है और इस कार्यक्रम का समापन 27 दिसंबर 2025 को देर शाम किया जाएगा। यह एक मासीय बी आर पी प्रशिक्षण कार्यक्रम स्थानीय क्षेत्रीय ग्राम्य विकास प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य अनुज कुमार श्रीवास्तव, प्रशिक्षण कार्यक्रम अधिकारी पंकज कुमार, प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रभारी हरीश उपाध्याय, वीर पाल सिंह, रामकुमार सिंह के नेतृत्व में चलाया जा रहा है।

जिसमें इटावा, शामली, अलीगढ़, बागपत आदि जिलों से आए बी आर पी हंसराज सिंह, योगेंद्र कुमार, जयकृष्ण श्रीवास्तव, ईश्वर पाल, इंद्र पाल सिंह चौहान, प्रतिभा राघव, तरन्नुम, गीता सिंह, सत्यवती, मौहर सिंह, श्यौराज सिंह, सुनील कुमार, राजकुमार, विपिन कुमार शर्मा जय शिव मिश्र सहित लगभग तीन दर्जन बी आर पी प्रतिभाग ले रहे हैं। यह जानकारी संस्थान के प्राचार्य अनुज कुमार श्रीवास्तव ने दी।

# अधिवक्ता पर हमले के दोषी को भेजा जेल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उसावां।** अधिवक्ता पर जानलेवा हमले के मामले में दो अभियुक्त गिरफ्तार किए गए हैं और उन्हें जेल भेज दिया गया है, उनके पास से मारपीट में प्रत्युक्त लोहे की सरिया व डंडा बरामद हुआ है।

एक माह पहले हुए अधिवक्ता आराम सिंह पर जानलेवा में पांच लोगों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी, थाना पुलिस ने पांच में से दो आरोपी शिवराज व रतनपाल पुत्रगण रामशंकर निवासी फतेहगढ़ थाना उसावां को मुखिबर की सूचना पर राजा नगला तिराहे के पास से गिरफ्तार किया गया, आरोपियों के पास से घटना में प्रयुक्त एक लोहे की सरिया और एक डंडा बरामद हुआ है, गिरफ्तार किये गए दोनों आरोपियों को जेल भेजा गया है।

# उपभोक्ताओं की समस्याओं का तत्काल समाधान सुनिश्चित किया जाए: नरेन्द्र चौधरी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** विद्युत वितरण खंड कार्यालय पर आयोजित बिल राहत योजना 2025 - 26 के तहत लगाए गए कैंप का शुक्रवार को अधिशासी अभियंता नरेंद्र चौधरी द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कैंप में मौजूद।

उपभोक्ताओं से संवाद कर योजना के लाभ एवं उनकी विद्युत संबंधी समस्याओं की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कैंप आए विद्युत उपभोक्ताओं की समस्याओं का तत्काल समाधान सुनिश्चित किया जाए। चौधरी ने निर्देश दिया कि सभी अधिकारी एवं कर्मचारी बकायेदारों से संपर्क कर उन्हें योजना से अवगत कराए। कैंप में लाकर बकायादारों का पंजीकरण कराएं उन्हें बताएं कि इस बार सरचार्ज में शत - प्रतिशत के साथ ही मूलधन में भी छूट दी जा रही है। इस दौरान एसडीओ बिसौली अमित कुमार, एसडीओ आसफपुर सौरभ सैनी, जेई मो. मियां कुरैशी, जेई दिनेश कुमार, कमलेश कुमार, त्रिलोक सिंह, संगम, अनिल, उमेश, नवीन, मोहसिन रजा ऐजाजउद्दीन, विकास आदि मौजूद रहे।

# बंदरों का आतंक बढ़ा, लोग परेशान

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**बिसौली।** बंदरों के उत्पात से नगर के हर क्षेत्र के निवासी परेशान हैं। लोगों ने नगर पालिका प्रशासन से नगर में आतंक मचाने वाले बंदरों को पड़कर दूर दराज जंगल में छोड़ने का आग्रह किया है। लोगों का कहना है कि नगर पालिका के अधिकारी जनता की इस परेशानी को लेकर बिल्कुल गंभीर नहीं है। नागरिकों का कहना है कि नगर पालिका के अधिकारियों को शिकायती पत्र देकर कई बार इस समस्या से अवगत कराया गया है। कोई भी समस्या को सुनने को तैयार नहीं है। इधर स्कूल जाते समय रास्ते में बंदर बच्चों के हाथ से किताबें तक छीन लेते हैं। कई बार तो महिलाओं और बच्चों को काटने की भी शिकायतें आई हैं। विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष अरविंद अग्रवाल का कहना है कि नगर पालिका के अधिकारियों को जनता की समस्या पर गंभीरता से विचार कर समाधान करना चाहिए।

# उचित दर दुकानों को आधुनिक सुविधाओं से जोड़ रही सरकार: ओम कृष्ण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** शुक्रवार को ब्लॉक आसफपुर की ग्राम पंचायत सैंडौला में सरकारी उचित दर की दुकान के लिए अन्नपूर्णा भवन मॉडल शॉप के निर्माण का भूमि पूजन मुख्य अतिथि ब्लॉक आसफपुर के प्रमुख ओम कृष्ण व पूर्ति निरीक्षक पियूष गंगवार की उपस्थिति में ग्राम प्रधान जयपाल सिंह के द्वारा हवन करते हुए भूमि पूजन किया गया।

ब्लाक प्रमुख ओम कृष्ण ने कहा कि उन ग्रामीणों के लिए अन्नपूर्णा भवन लाभकारी होगा जिसको शिकायत रहती थी कि उनको कोटेदार समय से राशन नहीं देता, वापस कर देता है। अन्नपूर्णा भवन के निर्माण के बाद ग्रामीणों को सुविधा मिलने लगेगी। इस दौरान पूर्ति कार्यालय से पूर्ति लिपिक अमित कुमार, रोहताश यादव, सौरभ उपाध्याय, राजन वार्ष्णेय, सोनदीप व अन्य ग्रामवासी मौजूद रहें।

## एक नजर

# वीरगाथाओं को गाएंगे व संजो कर रखेंगे: केंद्रीय राज्य मंत्री

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** वीर बाल दिवस पर आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ केंद्रीय राज्य मंत्री बीएल वर्मा ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर व दीप प्रज्वलन कर किया। उन्होंने कहा कि हम सभी वीरगाथाओं को गाएंगे भी और उन्हें संजो कर भी रखेंगे। उन्होंने खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली 14 बालिकाओं को शील्ड देकर सम्मानित किया वहीं कार्यक्रम के दौरान नई दिल्ली में माननीय प्रधानमंत्री जी की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम का सजीव प्रसारण भी जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों व छात्राओं ने देखा। कलेक्ट्रेट परिसर स्थित अटल बिहारी वाजपेयी सभागार में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री बीएल वर्मा ने कहा कि बदायूं विकास पथ पर अग्रसर है। गंगा एक्सप्रेसवे व मथुरा दिल्ली एक्सप्रेस वे बन रहा है। साथ ही




इनर रिंग रोड पर भी कार्य कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री मोदी के प्रयास से वीर बाल दिवस वर्ष 2022 से मनाना प्रारंभ किया गया। इस वर्ष हम चौथा वीर बाल दिवस मना रहे हैं। उन्होंने कहा कि गुरु गोबिंद सिंह जी के चारों साहिबजादों, साहिबजादा अजीत सिंह, साहिबजादा जुझार सिंह, साहिबजादा जोरावर सिंह, और साहिबजादा फतेह सिंह ने धर्म और देश के लिए अपना बलिदान दिया था। भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने कहा कि गुरु गोविंद सिंह जी के साहिबजादे देश व धर्म की रक्षा के लिए शहीद हो गए। यह हम सभी को देश के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने व देश हित में कार्य करने के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने कहा कि देश साहबजादों का बलिदान कभी नहीं भूल पाएगा। सदर विधायक महेश सिंह गुप्ता ने कहा कि अच्छा सोचो तो अच्छा होगा आज नहीं तो कल होगा।कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय राज्य मंत्री, जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को शील्ड देकर सम्मानित किया। केंद्रीय राज्य मंत्री ने सभी को नशा मुक्ति अभियान व बाल विवाह के विरुद्ध सहयोग हेतु शपथ दिलाई साथ ही बाल विवाह के विरुद्ध चलाए जा रहे हस्ताक्षर अभियान पर हस्ताक्षर कर अभियान को गति दी। वही कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट रंगोली बनाने वाले दल को भी जनप्रतिनिधियों ने सम्मानित किया। अपर जिलाधिकारी प्रशासन ने सभी का आभार व्यक्त किया।इस अवसर पर जिलाधिकारी अवनीश राय, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार सिंह, भाजपा नेता शारदेंदु पाठक सहित अन्य अधिकारी, छात्राएं व अध्यापक आदि मौजूद रहे।

# एडी मंडल ने अस्पतालों का किया निरीक्षण, व्यवस्थाएं परखी



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** स्वास्थ्य विभाग के अपर निदेशक लखनऊ ने जिला पुरुष, महिला अस्पताल का निरीक्षण किया।सरकारी अस्पतालों में लगे उपकरणों की जांच के लिए शुक्रवार को, एडी मंडल ने निरीक्षण कर रिपोर्ट शासन को भेजी। इमरजेंसी (लेबर रूम), ओटी, सर्जिकल वॉर्ड, बाल रोग विभाग (एसएनसीयू), पीएनसी समेत निरीक्षण के दौरान उपकरणों की जांच गई। ओपीडी के शौचालय के पास लगा पानी के आरो को तत्काल हटाने को कहा इसको लेकर सीएमएस की फटकार लगाई। उन्होंने पैथोलॉजी लैब की मशीनों को सुव्यवस्थित तरीके से रखा जाएं। स्वास्थ्य विभाग के अपर निदेशक डॉ. जीपी गुप्ता ने जिला पुरुष महिला अस्पताल का निरीक्षण किया। एडी मंडल को ज्यादातर अस्पतालों में सुविधाएं मरीजों के लिहाज से बेहतर मिलीं। एडी मंडल डॉ. जीपी गुप्ता सबसे पहले जिला अस्पताल उसके बाद महिला अस्पताल पहुंचे। वहां पर इमरजेंसी, दवा का स्टॉक देखा। उसके बाद अस्पताल की इमरजेंसी देखी। गायनी यूनिट का निरीक्षण कर डॉक्टरों की ड्यूटी जांची। अपर निदेशक लखनऊ डॉ जीपी गुप्ता ने बताया कि सभी जगह व्यवस्थाएं ठीक मिली है। सभी को निर्देश दिया गया है कि छोटी छोटी कमियों को जल्द सुधार करें।

# सुशासन दिवस पर भारत की गौरवमयी तस्वीर बनाने का संकल्प

**कैलाश भारती, शाह टाइम्स**

**इस्लामनगर।** भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री माननीय अटल बिहारी बाजपेयी की जयंती पर सभी कार्यकर्ताओ ने पुष्पांजलि अर्पित कर ब्लॉक प्रमुख माननीय गजेन्द्र यादव ने अपने संबोधन में कहा कि सुशासन दिवस सबका साथ सबका विकास सबका प्रयास से विकसित भारत की तस्वीर बनाने में प्रयासरत है। यह सही है कि साल 2014 से सुशासन दिवस मनाने की शुरूआत हुई है।

लेकिन मेरा मानना है कि जब से केन्द्र में नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए सरकार आई है। तब से सुशासन की दिशा में लगातार काम हो रहा है। बीते 11 साल से सरकार का हर कदम सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को समर्पित जान पड़ता है। इस दौरान मोदी सरकार ने कई उपलब्धियां हासिल की। बल्कि देशवासियो का जीवन भी आसान बनाया। यही कारण है कि अब विकसित और आत्मनिर्भर भारत की बात होने लगी है, क्योंकि हम जल्द ही विकसित राष्ट्रो की कतार में खड़े होने को प्रतिबद्ध है। सुशासन की दिशा में किस कदर काम हो रहा है, इसकी झलक सरकार की गरीब कल्याणी योजनाओं में दिखती है। इन योजनाओ में न सिर्फ गरीबी से निपटने की मंशा है, बल्कि सशक्तीकरण, बुनियादी ढांचे और समावेशन पर भी जोर है। पीएम आवास योजना, पीएम उज्ज्वला योजना जन-धन योजना, आयुष्मान भारत जैसी पहल ने लोगो को आवास, स्वच्छ रसोई ईधन, बैकिंग और



स्वास्थ सेवाओं तक पहुंच सुनिश्चित की है। इसका असर उनकी जीवनशैली पर पड़ा है और वे अब हाशिये पर नही बल्कि मुख्यधारा में शामिल होने लगे है। यही वजह है कि बीते बर्षो में 25 करोड़ से अधिक लोग गरीबी रेखा से बाहर निकलने में सफल हो सके। डीबीटी डिजिटल समावेशन और ग्रामीण बुनियादी ढांचे पर जोर देने के कारण शासन में पारदर्शिता बढ़ी है।

अंतिम व्यक्ति तक तेजी से लाभ पहुंच सका है। हर नागरिक को गरिमा के साथ जीने का अवसर मिले, यह सरकार ने बेहतर ढंग से सुनिश्चित करने का प्रयास किया है। यह सही है कि सुशासन का अर्थ है, पारदर्शी, जबावदेह और समावेशी तरीके से सरकार चलाना, पर शासन व्यवस्था की बेहतरी इसमें भी निहित है कि सरकारी योजनाएं असली लभार्थियों तक पहुंचे। इसके बाद केन्द्र सरकार ने लगातार काम किया है। राजीव गांधी का वह बयान शायद ही कोई भूल सकता है, जब उन्होंने सरकारी सिस्टम में भ्रष्टाचार की बात कहते हुए रूपये व पैसे का उदाहरण दिया था। आज स्थिति बदल गई है अब सीधे बैंक खातो में योजना की राशि पहुंचती है। जिससे भ्रष्टाचारियों को मौका नही मिल पाता। इतना ही नहीं, हर नागरिक को समान अवसर मिल पा रहा है। जिसका लाभ समाज को हो रहा है। इन सबसे सुशासन जैसे दिवसों की सार्थकता कही और अधिक बढ़ जाती है। अगर हम लोगो को वे रोक टोक उनके अधिकार मिल रहे है। और उन्हें इसके लिए किसी अदालत के चक्कर नही काटने पड़ रहे है। तो इसे सुशासन ही समझिए। और विकसित भारत की यात्रा में प्रत्येक भारतवासी अपनी अहम भूमिका निमायें जिससे सुशासन और मजबूत होवे। इस सुशासन दिवस पर पुष्पांजलि कार्यक्रम में ब्लॉक के तमाम बीडीसी, प्रधान एवं जन समूह एकत्रित हुए।

# बैनहर गुरुकुल में क्रिसमस कार्निवल का भव्य आयोजन

**पीलीभीत।** बैनहर गुरुकुल, टनकपुर रोड कैम्पस में कक्षा प्री नर्सरी से पांचवी तक के बच्चों ने बड़े हर्षोल्लास के साथ क्रिसमस का त्योहार मनाया। सभी बच्चे सेंटा और मदर मैरी के परिधानों की भांति सुंदर–सुंदर वेशभूषा में सुसज्जित होकर आए और खूब मस्ती की। विद्यालय की संस्थापिका रंजीत कौर सैहमी ने इस दिन की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। कक्षा एक के बच्चों ने सामूहिक रूप से मोमबत्ती सजाकर प्रभु ईसा मसीह के प्रति अपने भाव प्रकट किए तथा कक्षा 2 के बच्चों ने सामूहिक रूप से कोलाज बनाकर यह त्यौहार मनाया।कक्षा तीन व चार के बच्चों ने फ्रूट्स डेकोरेट करके व अनेक प्रकार की कविता पाठ करके सभी को आश्चर्यचकित कर दिया। कक्षा 5 के कुछ बच्चों ने लघु नाटिका प्रस्तुत करके सभी का मन मोह लिया। विद्यालय की अध्यापिका श्वेता गौड ने सेंटा के परिधान में सुसज्जित होकर बच्चों को अनेक उपहार बाँटें। विद्यालय के मैनेजिंग डायरेक्टर गुरदित्त सिंह सैहमी एवं प्रधानाचार्या डॉ निर्मल कौर ने बच्चों को अनेकता में एकता का संदेश देकर क्रिसमस पर्व की बधाई दी।

# मोहन सरस्वती शिशु /विद्या मंदिर में सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम हुआ

**पूरनपुर।** स्थानीय मोहन सरस्वती शिशु /विद्या मंदिर में सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य मातृशक्ति को सशक्त बनाना और उन्हें उनकी आंतरिक शक्तियों के प्रति जागरूक करना है। कार्यक्रम में पूरनपुर नगर व गांव से काफी संख्या में माता और बहनों ने प्रतिभा किया। कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यक्रम के अध्यक्षा रमा गुप्ता ( जागृति महिला संगठन) ,मुख्य अतिथि अनुकृति सिंघल एवं मुख्य वक्ता संगीता सिंघल (समाज सेवा का भाजपा नेत्री घ) ने मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलन कर किया। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता श्रीमती संगीता सिंघल ने अपने उद्बोधन में मातृशक्ति को उनकी शक्तियों और उनके महत्व के बारे में बताकर जागरूक किया। कार्यक्रम में हिंदू धर्म ग्रंथो की सामान्य जानकारी संबंधी प्रश्न भी पूछे गए जिन्हें महिलाओं ने बताने का प्रयास किया। इस कार्यक्रम में गांव मुझा कला के संयुक्त परिवार में को संयोजक रखने के लिए सम्मानित किया गया। आज भी इस परिवार में 22 लोगों का एक ही स्थान पर भोजन बनता है। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य नीरज दीक्षित का विशेष मार्गदर्शन एवं सहयोग रहा। अंत में कार्यक्रम में आए सभी माता बहनों के प्रति आभार प्रदर्शन शिशु वाटिका प्रमुख शिल्पी ने किया। कार्यक्रम का संचालन आचार्य बहन कुमारी शिवांगी मिश्रा ने किया।

# धूमधाम से मनाई पंडित मदन मोहन मालवीय व अटल जयंती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पूरनपुर।** पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई व पंडित मदन मोहन मालवीय की जयंती पंडित राजेंद्र प्रसाद स्मारक ऑफ इंस्टिट्यूट के तत्वाधान में होटल मधुबन में धूमधाम से मनाई गई। इस दौरान महान विभूतियां के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उनके पद चिन्हों पर एवं बताएं बताए गए मार्गों पर चलने के लिए विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम का संचालन व्यापार मंडल के अध्यक्ष प्रदीप शुक्ला ने किया।मुख्य अतिथि के रूप में पंडित राजेंद्र प्रसाद स्मारक के चेयरमैन अमित मिश्रा, नगर के कवि पंडित रामशरण मयंक, कवि दिनेश वर्मा, अधिवक्ता एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष शिव शर्मा, रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ महान विभूतियां के चरित्र पर काव्य पाठ करते हुए आरंभ किया गया उसके बाद उपस्थित अतिथियों को साल बढ़कर सम्मानित किया गया। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के जीवन पर बोलते हुए पंडित राजेंद्र प्रसाद स्मारक के चेयरमैन अमित मिश्रा ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेई एक भारतीय राजनेता कवि और पत्रकार थे, उनका जन्म ग्वालियर में हुआ था। उन्होंने तीन बार प्रधानमंत्री के रूप में कार्य किया भारत के पहले गैर कांग्रेसी प्रधानमंत्री थे जिन्होंने कार्यकाल पूरा किया और स्वर्णिम चतुर्भुज और प्रधानमंत्री सड़क योजना जैसी परियोजना शुरू की और एक प्रखर प्रवक्ता के रूप में राष्ट्रीय धर्म सहित कई प्रकाशनों का संपादन किया। महामना पंडित मदन मोहन मालवीय एक महान शिक्षा विद स्वतंत्रता, सेनानी पत्रकार और समाज सुधारक थे जिन्होंने काशी विश्वविद्यालय बीएचयू की स्थापना की और सत्यमेव जयते को लोकप्रिय बनाया।

# डीएम ने वेयरहाउस का किया निरीक्षण देखी व्यवस्थाऐं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह ने जिला निर्वाचन कार्यालय के परिसर स्थित ईवीएम एवं वीवीपैट वेयरहाउस का निरीक्षण किया। जिसमें भवन की स्थिति, अग्निशमन उपकरणों, सुरक्षा व्यवस्था एवं सीसीटीवी, मशीनों के रख रखाव की व्यवस्था को देखा और साफ सफाई रखने सहित सम्बन्धित को अन्य आवश्यक दिशा निर्देश दिये। वेयरहाउस के निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी (वि./रा.)/उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रसून द्विवेदी, समाजवादी पार्टी प्रतिनिधि, आम आदमी पार्टी प्रतिनिधि, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी, जिला निर्वाचन कार्यालय स्टाफ सहित अन्य उपस्थित रहे।

विज्ञापन के लिए संपर्क करें
कामिल खान ब्यूरो चीफ
दैनिक शाह टाइम्स समाचार पत्र बदायूं ब्रांच ऑफिस फैजगंज बेहटा वार्ड नंबर हेड ऑफिस रजी चौक ब्रह्मपुर बराबर रेक्स दवाखाना बदायूं खबरें व विज्ञापन के लिए संपर्क करें।
संपर्क सूत्र - 7500110219, 9411827221
Emil mkkhan741@gmail-com

# भारतीय किसान यूनियन (भानु) का बहेड़ी में शक्ति प्रदर्शन

**किसान आयोग गठन, कर्ज माफी और सम्मान की मांग**




शाह टाइम्स संवाददाता

**बहेड़ी।** भारतीय किसान यूनियन (भानु) के राष्ट्रीय अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह के नेतृत्व में बहेड़ी में एक रोड शो का आयोजन किया गया। यह रोड शो नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए एक निजी बैंक्वेट हॉल में समाप्त हुआ, जहां किसान हितों से जुड़े मुद्दों पर विचार गोष्ठी आयोजित की गई।

कार्यक्रम के दौरान किसान नेताओं ने केंद्र सरकार से किसानों के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की। उन्होंने कहा कि भारतीय किसान यूनियन (भानु) एक राष्ट्रवादी विचारधारा वाला संगठन है, जो हमेशा देश और किसानों के हित में संघर्ष करता रहा है। नेताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को संबोधित एक ज्ञापन में मांग की कि किसानों के लिए एक स्वतंत्र किसान आयोग का गठन किया जाए। इस आयोग में अध्यक्ष और सभी सदस्य किसान होने चाहिए, न कि राजनेता। इसके साथ ही, उन्होंने पिछले 75 वर्षों की नीतियों के कारण किसानों पर चढ़े संपूर्ण कर्ज को माफ करने की भी मांग उठाई।

सभा को संबोधित करते हुए किसान नेताओं ने कहा कि देश सेवा में शहीद होने वाले किसी भी व्यक्ति, चाहे वह किसान हो, पत्रकार हो, पुलिसकर्मी हो, या सेना, वायुसेना, नौसेना एवं अर्धसैनिक बलों का जवान हो, उसे पूरा सम्मान और उचित मुआवजा मिलना चाहिए। उन्होंने मांग की कि जिस तरह पुलिसकर्मियों, पत्रकारों और सैनिकों को शहादत पर सहायता राशि दी जाती है, उसी तरह किसानों की दुर्घटना में मृत्यु पर भी उनके परिवार को सम्मानजनक सहायता मिलनी चाहिए।

कार्यक्रम के दौरान नेताओं ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि किसान शांतिप्रिय हैं, लेकिन अपने अधिकारों के लिए पूरी मजबूती से खड़ा होना जानते हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि जो भी किसानों के हितों से टकराएगा, उसे लोकतांत्रिक तरीके से करारा जवाब दिया जाएगा। कार्यकर्म में बड़ी संख्या में किसान संगठन के पदाधिकारी और समर्थक मौजूद रहे। कार्यक्रम के समापन पर सभी ने एक स्वर में देश किसान और शहीदों के सम्मान के लिए एकजुट रहने का संकल्प लिया।

इस मौके पर नवनियुक्त पदाधिकारी प्रदेश अध्यक्ष तराई ठाकुर अमर सिंह, प्रदेश अध्यक्ष युवा तराई ठाकुर अनुज सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष तराई जुबैर सिद्दीकी आदि मौजूद रहे।

# बरेली में दिव्यांग बच्चों के लिए पांच करोड़ की स्पेशल बिल्डिंग तैयार

**योगी सरकार में मिलेगी मुफ्त शिक्षा, प्रशिक्षण और भोजन की सुविधा**




शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** दिव्यांग बच्चों के लिए एक अत्याधुनिक मल्टीस्टोरी स्पेशल स्कूल भवन तैयार किया जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की दिव्यांग सशक्तिकरण नीति के तहत बन रहे इस भवन की लागत पांच करोड़ रुपये है। यह भवन राजकीय संकेत विद्यालय परिसर, नावल्टी चौराहे के पास स्थित है और अप्रैल 2026 में हैंडओवर किया जाएगा।

वर्तमान में इसी परिसर में विशेष बच्चों के लिए बचपन डे केयर प्री-नर्सरी सेंटर संचालित है। इस डे केयर सेंटर में कुल 33 विशेष बच्चे शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं, जिनमें 10 दृष्टिबाधित, 10 श्रवण बाधित और 13 मानसिक बाधित बच्चे शामिल हैं। सेंटर में तीन शिक्षिकाएं, एक समन्वयक और चार चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी कार्यरत हैं। जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी चमन सिंह ने बताया कि नई बिल्डिंग में अगले सत्र यानी अप्रैल 2026 से प्रवेश शुरू होंगे। 40 प्रतिशत या उससे अधिक दिव्यांगता वाले बच्चों को यहां निशुल्क शिक्षा, प्रशिक्षण, परिवहन सुविधा, मध्याह्न भोजन और शिक्षण सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी। नई बिल्डिंग की क्षमता 60 से अधिक बच्चों की होगी और प्रवेश पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर दिए जाएंगे। वर्तमान में 03 से 07 वर्ष आयु वर्ग के दृष्टिबाधित, श्रवणबाधित, मानसिक एवं बौद्धिक रूप से दिव्यांग बच्चों को प्री-प्राइमरी स्तर की विशेष शिक्षा दी जा रही है। बच्चों को उनकी बौद्धिक क्षमता के अनुसार समूहों में वर्गीकृत कर प्रशिक्षित विशेष शिक्षकों द्वारा शिक्षण-प्रशिक्षण कराया जाएगा। प्रत्येक बच्चे की व्यक्तिगत प्रोफाइल बनाई जाएगी, जिसमें उसकी प्रगति का समयबद्ध रिकॉर्ड नियमित रूप से अपडेट होगा।

बचपन डे केयर सेंटर के समन्वयक एसके गुप्ता ने बताया कि अप्रैल से सितंबर तक शिक्षण समय सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक और अक्टूबर से मार्च तक सुबह 10:30 बजे से दोपहर 2 बजे तक रहेगा। हर तीन माह में अभिभावक-शिक्षक बैठक आयोजित कर बच्चों की स्थिति पर चर्चा और काउंसलिंग की जाती है। सेंटर में शिक्षा, परिवहन, मेडिकल चेकअप, फिजियोथेरेपी और स्पीच थेरेपी जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध हैं।

शैक्षिक कैलेंडर के अनुसार क्रीड़ा दिवस, वार्षिक दिवस व अन्य गतिविधियां भी संचालित होती हैं।

## एक नजर

# दहेज के लिए विवाहिता से मारपीट पति सहित तीन पर रिपोर्ट

शाह टाइम्स संवाददाता

**नवाबगंज।** दहेज की मांग को लेकर विवाहिता के साथ मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने पति समेत तीन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

थाना नवाबगंज में दर्ज एफआईआर के अनुसार मेहनाज पत्नी शबी अहमद, निवासी हाफिजगंज ने आरोप लगाया है कि उसका पति शबी अहमद पुत्र अब्दुल हमीद, निवासी ग्राम न्युडि खुर्द थाना भुता दहेज को लेकर लंबे समय से प्रताड़ित करता आ रहा है। पीड़िता के अनुसार 18 जनवरी 2023 को दहेज की मांग पूरी न होने पर उसे मारपीट कर घर से निकाल दिया गया था, तब से वह अपने मायके में रह रही है। पीड़िता ने बताया कि 24 दिसंबर 2025 की शाम करीब 6:30 बजे जब वह नवाबगंज से दवा लेकर जा रही थी, तभी रिछौला किफायतुल्ला की पुलिया से पहले उसने देखा कि उसके मायके वालों द्वारा दान-दहेज में दी गई मोटरसाइकिल को उसका पति शबी अहमद, आबिर पुत्र करीम बख्श हाफिजगंज ,पप्पू पुत्र नामालूम निवासी परौरे थाना मीरगंज बेच रहे थे। विरोध करने पर आरोपियों ने उसके साथ गाली-गलौज की, मारपीट की और गला दबाकर जान से मारने का प्रयास किया। साथ ही भविष्य में जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# खेत की मेढ़ तोड़ने पर दबंगों ने महिला को पीटा

शाह टाइम्स संवाददाता

**नवाबगंज।** थाना नवाबगंज क्षेत्र के ग्राम गजरौला में खेत की मेढ़ तोड़ने के विवाद को लेकर एक विधवा महिला के साथ मारपीट और गाली-गलौज करने का मामला सामने आया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

क्षेत्र के ग्राम गजरौला की रामवती पत्नी स्व. नोनीराम ने थाना नवाबगंज में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 18 दिसंबर की शाम करीब पांच बजे उनके खेत की मेड़ तोड़ी जा रही थी। विरोध करने पर गांव के द्वारिका प्रसाद पुत्र भीमसेन, उसके पुत्र जयलाल, दीपक और जयराम ने गाली-गलौज करते हुए लात-घूंसों और लाठी-डंडों से मारपीट की। इस हमले में उन्हें शरीर के कई हिस्सों में चोटें आईं, जबकि दाहिने पैर में गंभीर चोट बताई गई है। पीड़िता का आरोप है कि शोर सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। महिला ने आरोप लगाया कि आरोपी जबरन उसकी जमीन पर कब्जा करना चाहते हैं।

# इज्जतनगर-दोहना अंडरपास 15 दिन के लिए रहेगा बंद

शाह टाइम्स ब्यूरो

**जलभराव की समस्या दूर करने के लिए मरम्मत कार्य होगा**

**बरेली।** इज्जतनगर मंडल के इज्जतनगर-दोहना स्टेशनों के मध्य स्थित अंडरपास संख्या 232 (दोहना स्टेशन के निकट) में जलभराव की समस्या को दूर करने के लिए मरम्मत कार्य किया जाएगा। यह कार्य 1 जनवरी, 2026 को सुबह 10 बजे से शुरू होगा।

मरम्मत कार्य के कारण उक्त अंडरपास से सड़क यातायात 1 जनवरी, 2026 को सुबह 10 बजे से 15 जनवरी, 2026 की शाम 5 बजे तक अस्थायी रूप से बंद रहेगा। दोहना से भोजीपुरा की ओर जाने वाले सड़क उपयोगकर्ताओं के लिए वैकल्पिक मार्ग उपलब्ध कराया गया है। वे दोहना से बैकुंठापुर होते हुए अभयपुर स्थित समपार संख्या 230 से नैनीताल रोड पर आ सकते हैं। इसी प्रकार, दोहना से बरेली की ओर जाने वाले लोग दोहना से पट्टी और भगवंतापुर होते हुए शैदपुर चुन्निलाल से बड़ा बाईपास के रास्ते बिलवा स्थित समपार संख्या 233 का उपयोग कर सकते हैं। रेल परिवहन प्रशासन ने सड़क उपयोगकर्ताओं को होने वाली असुविधा के लिए खेद व्यक्त किया है।

# रकम वसूली कुर्की करने गई टीम पर लगा अभद्रता करने व डेढ़ लाख रुपये ले जाने का आरोप, पुलिस जुटी जांच में

शाह टाइम्स संवाददाता

**फतेहगंज पश्चिमी।** थाना क्षेत्र के गांव पनबड़िया में बुधवार को ऋण राशि वसूली के चलते कुर्की करने गई तहसील की टीम और ऋण धारक के बीच हुए विवाद के मामले में ऋण धारक ओमनारायण की पत्नी गुड्डो देवी ने डीएम से शिकायत करके टीम पर अभद्रता करने, कानों से कुंडला नोचने और अलवारी में रखे डेढ़ लाख रुपये निकालकर ले जाने का आरोप लगाया है।

गांव पनवडिया निवासी गुड्डो देवी ने डीएम को बताया उनके पति ने भूमि विकास बैंक से 50 हजार का ऋण लिया था। इसमें 45 हजार रुपए जमा भी कर चुके है। इसके बाबजूद बगैर किसी नोटिस के अमीन मुनीश कुमार मिश्रा बुधवार को टीम के साथ वसूली करने पहुंच गए। एक दो दिन का समय मांगने पर आरोप है अमीन ने पीड़िता के साथ अभद्रता की। कान के कुंडल नोच लिए। इतनी ही नहीं आईएएस परीक्षा की तैयारी कर रहे छोटे बेटे की कोचिंग फीस जमा करने को अलवारी में रखे डेढ़ लाख रुपये भी निकालकर ले गए। पीड़िता ने कार्यवाही की मांग की है, जिस पर जांच के आदेश किए गए है।

# डीएम ने की पर्यावरण समितियों की बैठक

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** डीएम अविनाश सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को जिला पर्यावरण समिति, जिला वृक्षारोपण समिति और जिला गंगा समिति की बैठकें हुईं। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित इन बैठकों में डीएम ने विभिन्न विभागों को महत्वपूर्ण निर्देश दिए।

जिला पर्यावरण समिति की समीक्षा करते हुए डीएम ने नकटिया और किला नदी में सीधे सीवेज प्रवाहित करने वाले आवासीय भवनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने नगर निगम को नोटिसों के सापेक्ष कठोर कदम उठाने को कहा। साथ ही, सड़कों पर सुबह-शाम की जा रही सफाई का निरीक्षण नगर निगम के अधिकारियों को स्वयं करने के निर्देश दिए गए। स्मार्ट सिटी ऑडिटोरियम रोड को अति विशिष्ट अतिथियों के आवागमन के मद्देनजर साफ रखने के निर्देश भी नगर निगम को दिए गए। सड़कों के किनारे लगे पेड़-पौधों पर रेन गन का उपयोग कर पानी का छिड़काव करने को कहा गया। नगर स्वास्थ्य अधिकारी को प्लास्टिक जब्तीकरण बढ़ाने और जुर्माने की राशि में वृद्धि करने के आदेश दिए गए। नैनीताल रोड पर एयर फोर्स स्टेशन के पास रेलवे लाइन के किनारे अवैध रूप से संचालित डेयरियों को तत्काल हटाने के निर्देश भी दिए गए। अधिशासी अभियंता प्रांतीय खंड लोक निर्माण विभाग को सैटेलाइट से बीसलपुर चौराहा तक सड़क के दोनों ओर खड़े वाहनों से लगने वाले जाम को तत्काल हटवाने के निर्देश दिए गए। समस्त अधिशासी अधिकारी नगर निकायों को भी नगरीय क्षेत्रों में सड़क पर बंद खड़े वाहनों से जाम की समस्या न होने देने के लिए कहा गया। पुलिस अधीक्षक यातायात और संभागीय परिवहन अधिकारी को नगर क्षेत्र में मॉडिफाइड साइलेंसर वाली बाइकों के खिलाफ अभियान चलाकर कानूनी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। जिला गंगा समिति की बैठक में नगर निगम और समस्त अधिशासी अधिकारी नगर निकायों को निर्देश दिए गए कि नगरीय क्षेत्र में चिन्हित नालों में ठोस अपशिष्ट प्रवाहित होने से रोकने के लिए स्क्रीन बार लगवाए जाएं। नगर निगम को शहर के सभी नालों की सफाई के लिए विशेष अभियान चलाने को भी कहा गया। इसके अतिरिक्त, स्कूलों में नदी संरक्षण, स्वच्छता अभियान और पर्यावरण संरक्षण जैसे विषयों पर जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए गए।




**नकटिया-किला नदी में सीवेज रोकने, अवैध डेयरियां हटाने के निर्देश**

# तालाब किनारे पड़ा मिला युवक का शव

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** भुता थाना क्षेत्र के फैजनगर गांव के बाहर शुक्रवार सुबह एक युवक का शव तालाब किनारे पड़ा मिला। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। मृतक की पहचान 22 वर्षीय विशाल के रूप में हुई है।



जानकारी के अनुसार, विशाल 10 दिन पहले अपनी पत्नी मुस्कान को लेने के लिए उत्तराखंड के सितारगंज स्थित अपने ससुराल गया था। शुक्रवार सुबह जब ग्रामीण टहलने निकले, तो उन्होंने अमृत सरोवर तालाब के किनारे विशाल का शव देखा और उसके परिजनों को सूचना दी। मृतक के पिता रिंकू ने आरोप लगाया है कि लगभग डेढ़ महीने पहले विशाल की पत्नी मुस्कान नाराज होकर अपने मायके चली गई थी। उनकी पांच माह की एक छोटी बच्ची भी है। रिंकू के मुताबिक, विशाल पहले भी दो बार पत्नी को बुलाने ससुराल गया था, लेकिन वह नहीं आई थी। इस बार भी पत्नी के न आने के कारण विशाल ने यह कदम उठाया होगा। थाना प्रभारी निरीक्षक रविंद्र कुमार ने बताया कि मृतक के शरीर पर किसी प्रकार की चोट के निशान नहीं मिले हैं। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। मृत्यु का वास्तविक कारण पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा, जिसके आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# बहेड़ी में वीर बाल दिवस कार्यक्रम आयोजित

**राज्यसभा सांसद कठेरिया मुख्य अतिथि, साहिबजादों की शहादत को किया याद**

शाह टाइम्स संवाददाता

**बहेड़ी।** श्री गुरु नानक इंटर कॉलेज में वीर बाल दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद मिथलेश कठेरिया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बरेली सांसद छत्रपाल गंगवार, जिला प्रभारी चौधरी देवेंद्र सिंह और जिला अध्यक्ष सोमपाल शर्मा भी शामिल हुए।

राज्यसभा सांसद मिथलेश कठेरिया ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने श्री गुरु गोबिंद सिंह के प्रकाश पर्व पर वीर बाल दिवस मनाने की घोषणा की थी। यह दिवस हर साल 26 दिसंबर को मनाया जाता है और यह गुरु गोबिंद सिंह के पुत्रों साहिबजादा बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह की शहादत का प्रतीक है। सांसद कठेरिया ने बताया कि वजीर खान ने गुरु गोबिंद सिंह के बच्चों को जिंदा दीवार में चुनवा दिया था। जिस स्थान पर गुरु गोबिंद सिंह के पुत्रों को जिंदा चुना गया था, उसे आज फतेहगढ़ साहिब के नाम से जाना जाता है। उन्होंने इसे उन वीरों के शौर्य को सच्ची श्रद्धांजलि बताया। सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार ने मुगल शासकों द्वारा हिंदू धर्म को समाप्त करने के प्रयासों और सनातन संस्कृति को बचाने में गुरु गोबिंद सिंह के चारों पुत्रों के बलिदान को याद किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इन बलिदानी पुत्रों की शहादत और इतिहास की जानकारी के लिए देश के सभी विद्यालयों में इसका पाठ्यक्रम जोड़ने का ऐतिहासिक कार्य किया है।



जिला प्रभारी चौधरी देवेंद्र सिंह ने साहिबजादों के बलिदान को नमन करते हुए कहा कि उनकी कम उम्र में धर्म, सत्य और साहस की मिसाल युगों-युगों तक प्रेरणास्रोत बनी रहेगी। उन्होंने युवाओं से गुरु गोबिंद सिंह और उनके साहिबजादों के जीवन एवं बलिदान के बारे में जानने का आग्रह किया। जिला अध्यक्ष सोमपाल शर्मा ने भी गुरु गोबिंद सिंह के पुत्रों के आस्था की रक्षा में दिए गए बलिदान को नमन किया। कार्यक्रम में सिख समुदाय के बड़ी संख्या में लोगों ने सहभागिता की। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद मिथलेश कठेरिया, बरेली सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार, जिला प्रभारी चौधरी देवेंद्र सिंह, जिला अध्यक्ष सोमपाल शर्मा, पवन शर्मा, बहेड़ी गुरुद्वारा प्रबंध कमेटी के अध्यक्ष सरदार निरंजन सिंह, प्रशांत पटेल, वीरपाल गंगवार, डा. निर्भय गुर्जर, चंचल गंगवार, स्वाति गंगवार, ब्लॉक प्रमुख अमरिंदर सिंह गोल्डी, भूपेंद्र कुर्मी, अजय जायसवाल, नीरेंद्र सिंह राठौर, चौयरमैन वीरपाल मौर्य, राहुल साहू, मीडिया प्रभारी अंकित माहेश्वरी, अभय चौहान, सुनील गंगवार, सुनील रस्तोगी, मुकेश राजपूत, देवेंद्र सक्सेना, मंडल अध्यक्ष राहुल गुप्ता, सतपाल शर्मा, योगेंद्र मौर्य, हरीश कश्यप, बृजेश गंगवार आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# 18 दैनिक भोगी कर्मचारियों को मिले नियुक्ति पत्र

**वन विभाग ने किया नियमित, मंत्री ने सौंपे पत्र**




शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, उत्तर प्रदेश के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. अरुण कुमार ने 18 दैनिक भोगी कर्मचारियों को नियमित करते हुए नियुक्ति पत्र प्रदान किए। यह कार्यक्रम मुख्य वन संरक्षक, रूहेलखंड जोन, बरेली के कार्यालय परिसर में आयोजित किया गया।

वन विभाग में लंबे समय से अस्थायी रूप से कार्यरत इन कर्मचारियों को अब स्थायी नियुक्ति मिली है। उन्हें माली, अर्दली, ट्रैक्टर क्लीनर और क्षेत्र सहायक जैसे पदों पर नियुक्त किया गया है। वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार ने बताया कि सरकार कर्मचारियों के हितों के प्रति गंभीर है।

उन्होंने कहा कि दैनिक भोगी कर्मचारियों को चरणबद्ध तरीके से नियमानुसार नियमित करने की प्रक्रिया जारी है।

इस अवसर पर मुख्य वन संरक्षक रूहेलखंड जोन, बरेली के पी.पी. सिंह, प्रभागीय वनाधिकारी बरेली दीक्षा भंडारी, उप प्रभागीय वनाधिकारी आंवला विमल किशोर भारद्वाज, उप प्रभागीय वनाधिकारी बरेली संजीव कुमार जौहरी, क्षेत्रीय वनाधिकारी बरेली वैभव चौधरी, क्षेत्रीय वनाधिकारी फरीदपुर ऋषि कुमार और क्षेत्रीय वनाधिकारी मीरगंज संतोष कुमार मठपाल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# उत्तर प्रदेश व्यापार मंडल की तहसील युवा इकाई व नगर युवा इकाई का हुआ गठन

शाह टाइम्स संवाददाता

**शीशगढ़।** शुक्रवार को उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल की एक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें तहसील युवा इकाई व नगर युवा इकाई का गठन किया गया।

उत्तर प्रदेश युवा उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश संयुक्त महामंत्री अंकुश राज गुप्ता ने बताया कि उनके द्वारा गठित की गई नगर युवा इकाई एवं तहसील युवा इकाई एवं अन्य मार्केट के अध्यक्षों की घोषणा की गई है। अंकुश गुप्ता ने बताया कि राहुल देवल को शीशगढ़ व्यापार मंडल युवा इकाई का नगर अध्यक्ष बनाया गया। जबकि वकार नायक को तहसील युवा अध्यक्ष तथा तफसीर अहमद को गफ्फार मार्केट इकाई का अध्यक्ष बनाया गया है। फजले हक को सैनेट्री एसोसिएट का अध्यक्ष बनाया गया, जबकि लईक अहमद को युवा तहसील उपाध्यक्ष बनाया गया है। साथ ही मो अतहर अहमद को युवा तहसील प्रभारी बनाया गया है।



सभी ने उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल शीशगढ़ इकाई का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि शीशगढ़ में व्यापार मंडल से जुड़े सभी दुकानदारों के लिए वह हमेशा तैयार रहेंगे। यदि दुकानदार के साथ कोई भी घटना होती है तो सभी व्यापार मंडल के लोग साथ खड़े रहेंगे। अंकुश राज गुप्ता ने सीसीटीवी कैमरे लगाने के लिए सभी व्यापारियों से अनुरोध किया। साथ ही सभी व्यापारियों को घटतौली न करने एवं जीएसटी पंजीयन लेने के लिए प्रेरित किया। सभी मनोनीत पदाधिकारियों का फूल मालाएं पहनकर स्वागत किया। इस अवसर पर रोहित सिंह, मालिक भाई, वीरेंद्र गंगवार,धीरेन्द्र रस्तोगी, चंद्र पाल रस्तोगी, डा. राठी, मुज्जफर हुसैन सहित व्यापारी मौजूद रहे।

# नगर में खौफ का साया! बंदरों और आवारा कुत्तों का आतंक, नागरिक परेशान

शाह टाइम्स संवाददाता

**नवाबगंज।** इन दिनों कस्बे में बंदरों और आवारा कुत्तों का गढ़ बनता जा रहा है। गली-मोहल्लों में फैला आतंक ऐसा है कि लोग घर से निकलने में भी डरने लगे हैं। बच्चों को अकेले स्कूल भेजना तो अब जोखिम भरा हो गया है।

इसके साथ ही छतों से झपट्टा मारते बंदर, तो कभी सड़कों पर झुंड बनाकर दौड़ते आवारा कुत्तेख्रशहरवासियों की रोजमर्रा की जिंदगी डर के साए में गुजर रही है। कई इलाकों में सुबह की सैर और शाम की खरीदारी तक बंद हो चुकी है। लोग कहते हैं, "ऐसा लग रहा है जैसे शहर पर जानवरों का कब्जा हो गया हो। स्थानीय निवासियों का आरोप है कि बार-बार शिकायतों के बावजूद नगर पालिका प्रशासन और तहसील प्रशासन आंख मूंदे बैठा है। न तो बंदरों की धरपकड़ तेज हुई है और न ही आवारा कुत्तों पर कोई ठोस कार्रवाई नजर आ रही है। गुस्साए लोगों ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द समाधान नहीं हुआ तो वे सड़क पर उतरकर विरोध करेंगे।



### नगर पालिका ने कराई है कुत्तों की गिनती, बंदरों का क्या होगा

दिसंबर माह में नगर पालिका परिषद ने शासन के आदेशों पर नगर के आवारा और पालतू कुत्तों की जानकारी अपने सफाई प्रभारी से मांगी थी, लेकिन अभी इस मामले में कोई भी कार्यवाही नहीं हो पाई है। दूसरी ओर जहां नगर पालिका परिषद ने कुत्तों की तो जानकारी मांगी है, लेकिन बंदरों के इस झुंड के झुंड पर कोई कार्यवाही नहीं की गई है। शायद स्थानीय प्रशासन किसी बड़ी घटना का इंतजार कर रहा है।

# रिहर्सल परीक्षा से परखी जाएगी व्यवस्था

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** यूपी बोर्ड हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा को लेकर जिले में तैयारियां तेजी से चल रही हैं। परीक्षा केंद्र निर्धारित हो चुके हैं। 18 फरवरी से मुख्य परीक्षाएं शुरू होंगी। मुख्य परीक्षा शुरू होने से पहले रिहर्सल आयोजित की जाएगी। इसमें 129 परीक्षा केंद्रों पर कुल 92,137 परीक्षार्थी शामिल होंगे। हाईस्कूल में 49,977 और इंटरमीडिएट में 42,158 परीक्षार्थी रिहर्सल में भाग लेंगे। इस परीक्षा का उद्देश्य मुख्य परीक्षा से पहले बैठने की व्यवस्था, प्रश्नपत्र और उत्तरपुस्तिकाओं का वितरण, समय प्रबंधन और अनुशासन जैसी सभी प्रक्रियाओं को सही तरीके से देखना है। यह रिहर्सल केवल औपचारिकता नहीं है, बल्कि वास्तविक परीक्षा के अनुसार ही आयोजित की जाएगी। डीआईओएस डा. अजीत कुमार सिंह ने बताया कि परीक्षा की निगरानी और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सभी केंद्र व्यवस्थापकों को निर्देश दिए गए हैं कि सीसीटीवी कैमरे क्रियाशील हों, विद्युत आपूर्ति निरंतर रहे।

**शाह टाइम्स आपके साथ....**

**हमें बताएं अपने इलाके की समस्या**

प्रिय पाठक, शहर में यदि आपके घर के आसपास या इलाके में सड़क टूटी होने, कूड़ा न उठने जैसी कोई ऐसी समस्या है जो तमाम लोगों को परेशान कर रही है तो फोटो के साथ हमें लिख भेजें। हम आपकी समस्या को प्रमुखता से अपने अगले अंक में प्रकाशित करेंगे।

शाह टाइम्स के व्हाट्सएप नंबर 9720775874 पर अपनी समस्या आप हमें भेज सकते हैं।

# डीएम ने हाईवे से शराब की दुकानें हटाने के दिए निर्देश

**डीएम की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** डीएम अविनाश सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक में डीएम ने सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने और दुर्घटनाओं को कम करने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए।

डीएम ने हाईवे से 500 मीटर के दायरे में आने वाली सभी शराब की दुकानों को हटवाने का निर्देश दिया। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को नवंबर माह में हुई दुर्घटनाओं और उनमें उपचारित मरीजों की सूची तैयार करने को भी कहा। मुख्यमंत्री के निर्देशों का हवाला देते हुए डीएम ने दुर्घटना संभावित जिलों में क्रेन और एंबुलेंस की संख्या बढ़ाने पर जोर दिया। साथ ही, पेट्रोल पंपों और टोल प्लाजा पर ऐसे होर्डिंग और बैनर लगाने के निर्देश दिए गए, जिनसे लोग सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक हो सकें।

जिला गन्ना अधिकारी को निर्देश दिए गए कि भारी वाहन ट्रैक्टर की ट्रॉलियों पर रात में स्पष्ट दिखाई देने वाले रिफ्लेक्टर लगाए जाएं। आरटीओ को हाईवे और कट के पास हाई-मार्क्स लाइट लगाने के लिए कहा गया, ताकि लोगों को आवागमन में असुविधा न हो। परिवहन अधिकारी को सभी डबल डेकर बसों में सुरक्षा मानकों की जांच करने के निर्देश दिए गए। लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता को ब्लैक स्पॉट का चिन्हांकन समय पर पूरा करने को कहा गया। मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार, सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए एक बड़ा कार्यक्रम आयोजित करने की योजना बनाई गई। जिला विद्यालय निरीक्षक को सभी स्कूलों में बच्चों को सुरक्षा के प्रति जागरूक करने हेतु चित्रकला प्रतियोगिता और नुक्कड़ नाटक जैसे आयोजन कराने के निर्देश दिए गए।



बैठक में मुख्य विकास अधिकारी देवयानी, अपर जिलाधिकारी नगर सौरभ दुबे, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग भगत सिंह, जिला गन्ना अधिकारी दिलीप कुमार सैनी सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# आपात स्थिति में आने वाले मरीज उपचार से वंचित न रहें:डीएम

## डीएम ने की जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक, जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र बनाए जाने में ना हो कोई लापरवाही

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** शुक्रवार को जिलाधिकारी अस्मिता लाल की अध्यक्षता में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत जिला स्वास्थ्य समिति एवं शासी निकाय की बैठक आयोजित हुई। बैठक में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि आपात स्थिति में आने वाले किसी भी मरीज को आधार कार्ड या अन्य दस्तावेज के अभाव में उपचार से वंचित न किया जाए। सभी को समय से उपचार उपलब्ध कराना अनिवार्य है।

जिलाधिकारी ने जनपद में जगह-जगह मानसिक स्वास्थ्य कैम्प आयोजित करने के निर्देश दिए उन्होंने निर्देश दिए कि जिस तरीके से बागपत और बड़ौत में कार्य पूर्ण हो गया है। अन्य विकास करो में भी इस कार्य में गति लाई जाए। उन्होंने कहा कि 70 वर्ष से अधिक आयु वाले सभी व्यक्तियों तथा पेंशनधारकों के स्कूल में पढ़ने वाले अध्यापकों के माता-पिता के आयुष्मान कार्ड बनाए जाएं और कोई भी पात्र व्यक्ति वंचित न रहे। आशा कार्यकर्ताओं को घर-घर जाकर स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति जागरूक करने और उनका लंबित भुगतान तत्काल करने के आदेश दिए गए। जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत लाभार्थियों को नि:शुल्क भोजन उपलब्ध कराने तथा प्रसूता को 48 घंटे तक साम. ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर रुकवाकर देखभाल सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। कुपोषित ,अति कुपोषित बच्चों को एसएनसीयू वार्ड में भर्ती कर विशेष देखभाल करने और परिवार कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत पुरुष व महिला नसबंदी को बढ़ावा देने के निर्देश दिए। राष्ट्रीय अंधता निवारण कार्यक्रम के अंतर्गत निर्धारित लक्ष्य की प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिए और उन्होंने निर्देश दिए कि कोषागार कलेक्ट्रेट में कैंप लगाया जाए। जिलाधिकारी ने



विकासखंड बागपत की सभी ग्राम पंचायतों में सरकारी भवनों पर कैंप लगाने के निर्देश दिए। चिन्हित विरा. ेधी परिवारों के बच्चों का शत-प्रतिशत टीकाकरण करने और बुखार के मामलों में अनिवार्य रूप से टेस्ट कराकर ही दवा देने को कहा। उन्होंने जनित रोग नियंत्रण, मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रमों एवं जन-जागरूकता अभियानों को और प्रभावी ढंग से संचालित करने पर बल दिया। पोस्टमार्टम हाउस की समीक्षा के दौरान उन्होंने सीसीटीवी कैमरे, प्रकाश व्यवस्था एवं रोस्टर अनुसार डयूटी की सुनिश्चितता के निर्देश दिए उन्होंने निर्देश दिए कि जो पूर्व में कार्य बताए गए हैं वह पूर्ण हो जाने चाहिए। उन्होंने परिवार नियोजित संबंधित संबंधित कार्यो का प्रचार प्रसार करने के निर्देश दिए जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिए कि जो डायग्नोस्टिक सेंटर अवैध रूप से चलने उन पर प्रभावी कार्यवाही मिक करें अल्ट्रासाउंड में जहां कमियां है। उन पर कार्यवाही की जाए कोई भी अल्ट्रासाउंड सेंटर जनपद में अवैध रूप से नहीं चलेगा सभी मानकों को पूर्ण करना होगा। जन्म पंजीकरण का लक्ष्य के सापेक्ष 106 प्रतिशत पर भजन पर बात पर है जिस पर संतोषजनक व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र में किसी भी तरह की कोई लापरवाही नहीं होनी चाहिए। समय से तत्परता से बने जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र और टीका उत्सव के रूप में मनाया जाए। जिलाधिकारी नहीं है अभी निर्देश दिए की स्वास्थ्य केंटो पर बेडशीट प्रतिदिन रोस्टर के अनुसार लगाई जाए और कंबल साफ सुथरा रखें जाए। इसमें कोई भी लापरवाही प्रत्यय नहीं की जाएगी और प्रेशर कक्षा में हीटर गीजर आदि लगवाए जाने के निर्देश दिए जिससे कि मरीजों को किसी भी तरह की कोई समस्या ना हो। सीआरएस पोर्टल पर जन्म पंजीकरण के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए कि इसमें कोई लापरवाही ना हो। जो मरीज को अस्पताल में खाना दिया जाता उसकी समय समय पर खाद सुरक्षा अधिकारी गुणवत्ता की जांच अवश्य करें। अंत में जिलाधिकारी ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सरकारी अस्पताल या आवासीय परिसर की बिल्डिंग जर्जर अवस्था में है तो पीडी ऐसे विभागों का सत्यापन कर रिपोर्ट उपलब्ध कराये। सभी मरीजों और उनके परिजनों के साथ संवेदनशील व्यवहार रखते हुए गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी बृजेंद्र शुक्ल,मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा.तीरथ लाल ,डिप्टी सीएमओ डा.यशवीर सहित अन्य अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# पिछले 10 वर्षो से बंद पड़ी पानी की टंकी, गांववासी परेशान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** डोलचा गांव में पीने के पानी की टंकी पिछले 10 वर्षों से बंद पड़ी है। इससे ग्रामीणों को स्वच्छ और पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा है, जिससे उन्हें भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गांव में गंदगी की समस्या भी बनी हुई है। कई शिकायतों के बावजूद समाधान न होने पर समा. जसेवी दौलतराम ने इस मामले में कार्रवाई की मांग की है।

ग्रामीणों के अनुसार, पानी की टंकी के आसपास गोबर डाला जा रहा है, जिससे गंदगी और बढ़ रही है। पानी की आपूर्ति ठप होने से ग्रामीण दूषित पानी पीने को मजबूर हैं या दूर से पानी लाने को विवश हैं। समाजसेवी दौलतराम ने बताया कि इस पानी की टंकी का निर्माण जल निगम द्वारा 2014 में करोड़ों रुपये की लागत से कराया गया था। हालांकि, निर्माण के बाद से यह टंकी कभी ठीक से चालू नहीं हो पाई। दौलतराम ने आरोप लगाया कि वर्तमान ग्राम प्रधान के कार्यकाल में भी टंकी चालू नहीं हो पाई है। उन्होंने कहा कि ग्राम प्रधान लीकेज का बहाना बनाकर ग्रामीणों को गुम. राह करते हैं। गांव में सफाई व्यवस्था भी संतोषजनक नहीं है। समाजसेवी ने अधिकारियों से इस समस्या का तत्काल समाधान करने की मांग की है।

# हिडंन नदी का जलस्तर बढने से सैकड़ों बीघा फसल जलमग्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** हिडंन नदी का जलस्तर बढने से हरसिया गांव मे खेतो मे पानी भरने से सैकड़ो बीघा फसल को भारी नुकसान पहुंचा है। किसानो ने उच्च अधिकारियों से फसल का मुआवजा दिलाने की मांग की है।

हिडंन नदी का अचानक जलस्तर बढने से हरसिया गांव मे फसलो में पानी भरने से किसानो को नुकसान हुआ है। हरसिया गांव में जग्गा की 35 बीघा सरसो विपिन के सात बीधा गैंहू, देवक का दस बीघा गन्ना, मुकेश का आठ बीघा सरसो, सुनील का आठ बीघा गन्ना, अनिल का आठ बीघा गन्ना, आशीष के दस बीघा गैहूं, मुकेश के चालीस बीघा गैहूं, योगेश के तीस बीघा गैहूं, नानक के पांच बीघा गैहूं, अर्जुन के 26 बीघा गैहूं, बेदी के दस बीघा गैहूं, राजबीर के दस बीघा गैहूं, सरसो, रामबीर की 10 बीघा सरसो, महक के पांच बीघा गैहूं, सुरेश के दस बीघा गैहूं, धर्मदास के 60 बीघा गन्ना सरसो,तिलकराम के आठ बीघा गैहूं, शीशपाल के 27 बीघा गैहूं सरसो,सूरजभान के 10 बीघा गैहूं सरसो की फसल में पानी भरने से किसानो को नुकसान पहुंचा है। किसानो ने उच्च अधिकारियों से मुआवजा दिलाने की मांग की है।



# पूर्व प्रधानमंत्री के जन्मदिवस पर भाजपाइयों ने चलाया सफाई अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमीनगरसराय।** भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने अटल स्मृति समारोह कार्यक्रम के अन्तर्गत मन्दिरों में साफ-सफाई कर भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री पण्डित अटल बिहारी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया।

अमिनगर सराय में भाजपाइयों ने भाजपा नेता अमित बंसल के प्रतिष्ठान बंसल इलेक्ट्रॉनिक एवं फर्नीचर शोरूम पर अटल के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। उनके द्वारा किये गये जनकल्याणकारी कार्यों को याद करते हुए पूर मंडल अध्यक्ष संजय उपाध्याय ने कहा कि सभी कार्यकर्ताओं को साथ लेकर चलने वाले पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेई का जन्मोत्सव हम सभी कार्यकर्ता उत्सव की तरह मनाते हैं। अटल जी सभी कार्यकर्ताओं का सम्मान करते थे। वरिष्ठ भाजपा नेता अमित बंसल ने कहा कि सरल स्वभाव के धनी अटल का सम्मान विपक्ष के सभी नेता करते थें। इस दौरान संजीव विश्वकर्मा, अजय पाल. ीवाल, संजय गर्ग, अमित बंसल, श्याम सुंदर गर्ग, सचिन कुमार, रुद्र बंसल, अमित गुप्ता आदि मौजूद रहे।



# सीएमओं ने किया सीएचसी बडौत में विटामिन 'ए' सम्पूरण अभियान का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** 9 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों में रोगों से लड़ने की प्रतिरा. ेधक क्षमता बढ़ाने एवं कुपोषण से बचाव के उद्देश्य से जनपद में विटामिन 'ए' सम्पूरण अभियान का आयोजन किया जा रहा है। यह अभियान 26 दिसम्बर, 2025 से 24 जनवरी, 2026 तक संचालित किया जाएगा।

जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा. सुरुचि शर्मा ने बताया कि प्रदेश के समस्त 09 माह से 05 वर्ष तक के बच्चों को प्रत्येक छह माह के अंत. राल पर विटामिन 'ए' की खुराक दी जाती है। इसी क्रम में वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंतर्गत विटामिन 'ए' सम्पूरण कार्यक्रम के द्वितीय चरण का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान के दौरान कार्यक्रम से संबंधित समस्त गतिविधियां सुनिश्चित की जाएंगी। विटामिन 'ए' सम्पूरण कार्यक्रम का शुभारंभ आज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, बड़ौत में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा.तीरथ लाल द्वारा किया गया। जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने निर्देश दिए कि विटामिन 'ए' सम्पूरण कार्यक्रम के द्वितीय चरण का सफलतापूर्वक संचालन किया जाए तथा लक्षित बच्चों को शत-प्रतिशत विटामिन 'ए' की खुराक से आच्छादित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी। जनपद में इस अभियान के अंतर्गत कुल 1,52,287 बच्चों को विटामिन 'ए' की खुराक दी जाएगी आज से जनपद में सभी स्थलों पर यह अभियान प्रारंभ किया गया है। जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा अभिभावकों से अपील की गई है कि वे अपने बच्चों को विटामिन 'ए' की खुराक दिलाने हेतु जागरूक रहें और अभियान में सक्रिय सहयोग प्रदान करें। इस अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डा.विजय गर्ग उपस्थित रहे।





# 10 दिवसीय मधुमखी पालन प्रशिक्षण आरम्भ




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** कल्याण ग्रामोद्योग सेवा संस्थान टयोढी ब्लॉक बड़ौत मे ग्रामोद्योग विकास योजना के तहत हनी मिशन कार्यक्रम के अंतर्गत 10 दिवसीय मधुमखी पालन प्रशिक्षण का आरम्भ हुआ। इस अवसर पर चौधरी चरण सिंह बहुउद्देश्यय प्रशिक्षण केंद्र पंजोखरा शामली से आये रविकांत ने खादी ग्रामोद्योग आयोग की योजनाओं केविषय मे जानकारी दी। गुलावटीसेआये योगेश शर्मा ने मधुमखी पालन केसंबंध मेजानक. ारी दी। डा.योगेश जिन्दल ने अपने सम्बोधन मे मधुमखीपालन केविषय एंव शहद का व्यापार कैसेकरे उसकी पूर्ण जानकारी दी। कार्यक्रम मे प्रशिक्षण लेने वालो मे सोनिया, बीना, पूनम, प्रवीण कुमार कश्यप, विकास राणा, अंकुर जिन्दल, प्रिया जैन, अनिल कश्यप, रोबिन कुमार गोयल, यश जैन, हिमांशु जैन आदि उपस्थित रहे, यह प्रशिक्षण शिविर 10 दिन तक चलेगा।

## एक नजर

# नामिनी से आसान हुआ मृत्यु दावा निपटान, परिजन को मिला एक लाख का संबल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** शुक्रवार को आकस्मिक परिस्थितियों में समय पर बैंकिंग सहायता किसी परिवार के लिए बड़ा संबल बन सकती है। इसका उदाहरण तब देखने को मिला जब देवनागरी इंटर कॉलेज के कर्मचारी रहे स्वर्गीय संजीव के निधन के बाद उनकी धर्मपत्नी को केनरा बैंक द्वारा मृत्यु दावा लाभ की राशि उपलब्ध कराई गई। केनरा बैंक क्षेत्रीय कार्यालय बागपत के क्षोत्रीय प्रमुख मिन्हाजुल क़मर एवं मंडल प्रबंधक प्रतीक श्रीवास्तव ने केनरा प्रीमियम पेरोल योजना के अंतर्गत स्वर्गीय संजीव की धर्मपत्नी एवं नॉमिनी सुमन, निवासी ग्राम सांकलपट्टी, पोस्ट खटा प्रहलादपुर, जनपद बागपत को एक लाख रुपये का चेक प्रदान किया। अधिकारियों ने बताया कि खाताधारक द्वारा समय रहते नामिनी दर्ज कराने के कारण दावा निपटान में कोई बाधा नहीं आई और परिवार को तत्काल राहत मिल सकी। इस अवसर पर अधिकारियों ने इसे सभी खाताधारकों के लिए एक सीख बताते हुए कहा कि बैंक खाते, बीमा व पेरोल योजनाओं में नामिनी की जानकारी अवश्य दर्ज करानी चाहिए, ताकि किसी अप्रत्याशित स्थिति में परिजनों को आर्थिक सहायता मिलने में देरी न हो। कार्यक्रम में खट्टा प्रहलादपुर शाखा के शाखा प्रभारी अंकित कुमार एवं संसाधन अनुभाग के प्रभारी रचित अग्रवाल भी मौजूद रहे।

# कीर्तन समागम का देखा सजीव प्रसारण 30 युवाओं को किया गया सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** शुक्रवार को धर्म की रक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले साहिब श्री गुरु गोबिंद सिंह के सुपुत्र साहिबजादा जोरावर सिंह एवं साहिबजादा फतेह सिंह की पावन स्मृति में आयोजित वीर बाल दिवस तथा साहिब श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी वर्ष के अवसर पर आयोजित कीर्तन समागम कार्यक्रम का सजीव प्रसारण आज कलेक्ट्रेट सभागार, बागपत में देखा गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों एवं युवाओं के साथ सजीव प्रसारण देखा तथा वीर साहिबजादों और गुरु तेग बहादुर के बलिदान को नमन किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि गुरु साहिबानों का बलिदान भारतीय इतिहास में धर्म, मानवता और न्याय की रक्षा का अद्वितीय उदाहरण है, जो आज की युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत है। कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी अस्मिता लाल द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 30 युवाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। उन्होंने युवाओं को समाज और राष्ट्र के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का ईमानदारी से निर्वहन करने तथा सकारात्मक योगदान देने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी बृजेंद्र मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा.तीरथ लाल जिला कार्यक्रम अधिकारी नागेंद्र मिश्रा ,जिला स्तरीय अधिकारीगण, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में युवा उपस्थित रहे। कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ।

# किसानों ने किया 1 से 3 जनवरी तक गन्ना मिलों को आपूर्ति बंद करने का फैसला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** किसानों ने 1 से 3 जनवरी तक गन्ना मिलों को आपूर्ति बंद करने का फैसला किया है। यह निर्णय गन्ने के भाड़े में की गई वृद्धि के विरोध में लिया गया है। दाहा गांव में आयोजित एक पंचायत में किसानों ने यह चेतावनी दी।

पंचायत में किसानों ने कहा कि यदि बढ़ा हुआ भाड़ा वापस नहीं लिया गया, तो वे तीन दिनों तक क्रय केंद्रों पर गन्ना नहीं डालेंगे। यह फैसला 1 जनवरी से 3 जनवरी तक लागू रहेगा। दाहा गांव में विकास राणा के आवास पर हुई इस पंचायत में किसानों ने सरकार के फैसले पर आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि सरकार ने गन्ने का भाड़ा 30 रुपये बढ़ाया है, लेकिन साथ ही 3 रुपये ढुलाई भाड़ा भी बढ़ा दिया है, जिसे किसानों के साथ धोखा बताया गया। किसानों का तर्क है कि जब भाव केवल 27 रुपये बढ़ा है, तो 30 रुपये की घोषणा क्यों की जा रही है। किसानों ने चेतावनी दी कि यदि 3 रुपये बढ़ा हुआ भाड़ा वापस नहीं लिया गया, तो वे गन्ना मिलों को गन्ना देने पर विचार करेंगे। उन्होंने कहा कि यदि आवश्यकता पड़ी, तो यह तीन दिवसीय हड़ताल आगे दस दिनों के लिए भी बढ़ाई जा सकती है। बागपत में जगह-जगह किसानों की पंचायतें शुरू हो गई हैं और किसान एकजुट होते दिख रहे हैं। मिल के कर्मचारी और अधिकारी किसानों को समझाने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन किसान अपनी मांगों पर अडिग हैं और किसी भी समझौते के लिए तैयार नहीं हैं। पंचायत की अध्यक्षता जगदीश सिंह ने की, जबकि संचालन मा. आनंद छिल्लर ने किया। इस दौरान ब्रह्मपाल सिंह, सूबे सिंह, अरविंद राणा, प्रताप सिंह, विनोद, तेजपाल, सतवीर, राजवीर, विनेश, चरण सिंह और मांगेराम सहित कई किसान मौजूद रहे।



# कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मनाई डा.मनमोहन सिंह की पुण्यतिथि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** शहर कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में कार्यालय पर कांग्रेस पदाधिकारीयो कार्यकर्ताओं ने विश्व विख्यात अर्थशास्त्री शिक्षाविद महान विचारक पूर्व प्रधानमंत्री स्व.डा.मनमोहन सिंह की पुण्यतिथि के अवसर पर उनकी तशवीर पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित कर नमन किया। भावपूर्ण स्मरण करते हुए विचार गोष्ठी का आयोजन किया। गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रामहरि पंवार ने कहा डा.मनमोहन सिंह ने किसान मजदूर गरीबों दलितो शोषितो वंि. चतों के हित मे अनेकों हितकारी योजनाऔ का सर्जन किया। किसानों के हित मे 72000 करोड रीण माफ कर खराब आर्थिक स्थिति से बहार निकाला उन्हे किसानों का मसीहा भी कहा जाता है। शिक्षा स्वास्थ्य रोजगार के क्षेत्र मे बेहतर कार्य किये उनकी गम्भीरता सादगी सरलता उदारता हर भारतीय जनमानस के दिलो दिमाग मे बसी है। उन्होंने मनरेगा योजना सूचना का अधिकार खाद्य सुरक्षा कानून भूमि अधिग्रहण अधिनियम शिक्षा का अधिकार कानून खाद्य सुरक्षा अधि. नियम आधार योजना परमाणु समझौता लागू कर देश को शिखर पर पहुंचाया अर्थव्यवस्था की नीव को मजबूती प्रदान की ऐसे महान शिक्षा विद की देश को आज भी जरूरत है। उनके आदर्शो पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर पूर्व पीसीसी कृष्ण हरि पंवार रविन्द्र तोमर रामरंग पंवार मीडिया प्रभारी ओमकार दत्त शर्मा शर्मा बिजेन्द्र शर्मा महेन्द्र भगत फारूक् संदीप सुनील कुमार अशोक कुमार अनीस प्रविन्द्र आदि उपस्थित रहे।



# पुलिस ने युवक को किया भड़काऊ वीडियो पोस्ट करने के आरोप में गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** खेकड़ा कस्बे में एक मुस्लिम युवक को सोशल मीडिया पर भड़काऊ वीडियो पोस्ट करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। इस वीडियो से धार्मिक भावनाएं भड़काने और सांप्रदायिक माहौल बिगाड़ने का प्रयास किया गया था।

वायरल वीडियो में बांग्लादेश में एक हिंदू युवक की जलकर हत्या का फुटेज दिखाया गया था। आरोपी युवक वीडियो में यह कहते हुए भी नजर आ रहा था कि जो भी उनके नबी की शान में गुस्ताखी करेगा, उसका यही अंजाम होगा।

इस पोस्ट के सामने आते ही स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश फैल गया। हिंदू रक्षा दल के नगर प्रमुख शुभम यादव ने पुलिस को शिकायत दी, जिसमें उन्होंने रिहान नामक व्यक्ति पर धार्मिक भावनाओं को भड़काने वाला वीडियो बनाने और अपलोड करने का आरोप लगाया। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल मुकदमा दर्ज किया। शिकायत के आधार पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी रिहान को गिरफ्तार कर लिया।

हिंदू संगठनों ने इस घटना पर गहरा आक्रोश व्यक्त किया और ऐसे लोगों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई की मांग की, ताकि भविष्य में कोई ऐसी हरकत करने की हिम्मत न कर सके। हिंदू नेता आक. ाश त्यागी ने कहा कि ऐसी जिहादी मानसिकता वाले लोगों पर कठोरता कार्रवाई होनी चाहिए। जिससे कोई बीजिहादी मानसिकता का व्यक्ति इस तरह की हरकत ना कर सके।

# मौत के खुलासे को लेकर पुराने आदेशों को निरस्त कर किया नई जांच समिति का पुनर्गठन

**शाह टाइम्सस संवाददाता**

**बागपत।** जिला संयुक्त चिकित्सालय में सांप के काटने से भर्ती कराई गई एक महिला की मौत अब केवल एक चिकित्सकीय मामला नहीं रह गया है, बल्कि यह स्वास्थ्य व्यवस्था की जवाबदेही और संवेदनशीलता पर गंभीर सवाल खड़े कर रहा है। भाकियू टिकैत के एनसीआर महासचिव प्रदीप धामा की पत्नी सुंदर देवी को चार नवंबर की रात उनके घर पर सांप ने काट लिया था। परिजन बिना समय गंवाए उन्हें जिला संयुक्त चिकित्सालय बागपत लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने इलाज शुरू किया।

परिजनों का आरोप है कि अस्पताल में इलाज के दौरान गंभीर लापरवाही बरती गई। मृतका के पति प्रदीप धामा का कहना है कि उनकी पत्नी को जरूरत से अधिक दवाएं दी गई, जिससे उसकी हालत लगातार बिगड़ती चली गई और उनकी मृत्यु हो गई। उन्होंने इस पूरे मामले की शिकायत मुख्य चिकित्सा अधिकारी से की और निष्पक्ष जांच की मांग उठाई। मामला सामने आने के बाद प्रशास. निक और स्वास्थ्य विभाग के स्तर पर हलचल तेज हो गई। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पहले भी एक जांच समिति गठित की गई थी, लेकिन लंबे समय तक न तो कोई जांच रिपोर्ट प्रस्तुत की गई और न ही कोई ठोस प्रगति सामने आई। इससे मृतका के परिजनों में आक्रोश बढ़ता गया और प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे। इसी को ध्यान में रखते हुए जिला. धिकारी ने 21 दिसंबर को पुराने आदेशों को निरस्त करते हुए जांच समिति का पुनर्गठन किया। नई जांच समिति में अपर जिलाधिकारी के साथ अनुभवी चिकित्सा अधिकारी डा.विभाष राजपूत और फोरेंसिक विशेषज्ञ को शामिल किया गया है। मेरठ मंडल के अपर निदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य के निर्देश पर गाजियाबाद के जिला एमएमजी चिकित्सालय से फोरेंसिक विशेषज्ञ डा.विशन कुमार मान को जांच के लिए नामित किया गया है। समिति को निर्देश दिए गए हैं कि वह इलाज की पूरी प्रक्रिया, दी गई दवाओं, चिकित्सकीय रिकॉर्ड और मृत्यु के कारणों की गहन जांच कर निष्पक्ष रिपोर्ट प्रस्तुत करे। प्रशासन का स्पष्ट कहना है कि यदि जांच में इलाज में लापरवाही या मानवीय त्रुटि सामने आती है तो संबंधित चिकित्सकों के खिलाफ सख्त विभागीय कार्रवाई की जाएगी। वहीं मृतका के परिजन और सामाजिक संगठन इस मामले में न्याय की उम्मीद लगाए हुए हैं। यह मामला अब जिले की स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और जवाबदेही की एक बड़ी परीक्षा बन गया है, जिसकी निष्पक्ष जांच पर आम जनता की निगाहें टिकी हुई हैं।



# जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** शुक्रवार को जिले में सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण, यातायात व्यवस्था को मजबूत बनाने तथा आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आज कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की एक महत्वपूर्ण और व्यापक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने की। इस बैठक में सड़क सुरक्षा से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर गहन चर्चा की गई और संबंधित विभागों को स्पष्ट, सख्त और समयबद्ध निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि सड़क सुरक्षा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। जिला. धिकारी अस्मिता लाल ने कहा कि सड़क सुरक्षा को केवल चालान या नियमों तक सीमित नहीं रखा जा सकता। यह सीधे-सीधे आम नागरिकों के जीवन से जुड़ा विषय है। उन्होंने कहा कि सड़क की गुणवत्ता, रोशनी, ट्रैफिक सिग्नल, अनुशासित ड्राइविंग, समय पर चिकित्सा सहायता और जन-जागरूकता आदि ये सभी मिलकर ही सड़क सुरक्षा को मजबूत बनाते हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सड़क सुरक्षा से जुड़े सभी कार्यों को गंभीरता से लिया जाए।

# वीर बाल दिवस, गुरु गोविंद सिंह के साहिबजादों का बलिदान याद करने के लिए समर्पितः हरीश गंगवार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** भारतीय जनता पार्टी कार्यालय, रामपुर पर वीर बाल दिवस के अवसर पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। आयोजित गोष्ठी में रामपुर जनपद के सिख समाज से जुड़े नेता ने सहभागिता की, कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप से जिला प्रभारी चौधरी राजा वर्मा और जिला अध्यक्ष हरीश गंगवार उपस्थित रहे।

जिला अध्यक्ष हरीश गंगवार ने कहा, भारत में हर साल 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस मनाया जाता है। यह दिन सिखों के दसवें गुरु गुरु गोबिंद सिंह जी के छोटे साहिबजादों-जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह के अद्वितीय बलिदान को याद करने के लिए समर्पित है। गुरु गोबिंद सिंह जी के पुत्रों ने बहुत कम उम्र में धर्म, सच्चाई और मानवता की रक्षा के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिए थे उनका साहस आज भी देश को प्रेरणा देता है।



हरीश ने कहा, गुरु गोबिंद सिंह जी सिख धर्म के महान गुरु थे। उन्होंने खालसा पंथ की स्थापना की और अन्याय के खिलाफ खड़े होने का संदेश दिया। उनके चार पुत्र थे- साहिबजादा अजित सिंह, साहिब. जादा जुझार सिंह, साहिबजादा जोरावर सिंह और साहिबजादा फतेह सिंह, सन् 1705 के आसपास पंजाब में मुगल शासकों का अत्याचार बढ़ गया था। मुगल सेना गुरु गोबिंद सिंह जी को पकड़ना चाहती थी। इस कारण गुरु जी को अपने परिवार से अलग होना पड़ा।

उनके दो बड़े पुत्र, साहिबजादा अजित सिंह और साहिबजादा जुझार सिंह, मुगल सेना से युद्ध करते हुए वीरगति को प्राप्त हुए। उस समय उनकी उम्र बहुत कम थी, लेकिन उनका साहस अद्भुत था।

कार्यक्रम में सूर्य प्रकाश पाल, सुनीता सैनी, अभय गुप्ता, सुभाष भटनागर, अशोक बिश्नोई, रविंद्र सिंह रवि, सरदार सतनाम सिंह, मोहन लोधी, जगपाल यादव, अर्जुन रस्तोगी, सरदार विक्रम सिंह, शुभम सक्सेना, मोहित सैनी, सरदार जोगा सिंह संधू, सरदार परविंदर सिंह, सरदार तरनजीत सिंह ग्रोवर, सरदार तरसेम सिंह, सरदार निर्मल सिंह, सरदार लखविंदर सिंह, सरदार सोनू वृक, प्रदीप गुप्ता, महेंद्र सैनी, लक्ष्मी सैनी, पारुल अग्रवाल, आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# विधानसभा स्तरीय विधायक खेल प्रतियोगिता का आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टाण्डा।** शुक्रवार को मनसब अली स्पोर्ट स्टेडियम टाण्डा में विधायक खेल स्पर्धा विधानसभा क्षेत्र स्वार का शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक शफीक अहमद अंसारी ने फीता काटकर एवं हरी झंडी दिखाकर किया तथा विजेता खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर एवं प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया।



100 मीटर सीनियर वर्ग में रवि , एब्यूजर व पंकज मौर्या,100 मीटर सब जूनियर बालक वर्ग में समीर, नमन व मंदीप यादव, 100 मीटर जूनियर बालिका वर्ग में अनु यादव,आशी व हिबा, 100 मीतर सीनियर वर्ग में सीमा, खुशी व संगीता। वॉलीबॉल जूनियर वर्क बालक में रेनबो इंटर कॉलेज की टीम प्रथम ब सीकमपुर की टीम द्वितीय रही फुटबॉल सब जूनियर बालक वर्ग में सवार की टीम प्रथम खजुआ खेड़ा की द्वितीय रही।सीनियर पुरुष वर्ग में वॉलीबॉल में मसवासी प्रथम ब दढ़ियाल मुस्तकम की टीम द्वितीय रही।

जूनियर बालक पर कबड्डी में रसूलपुर की टीम प्रथम डिलारी की टीम द्वितीय रही।

प्रतियोगिता में विशाल कुमार जिला युवा कल्याण अधिकारी, नंदन सिंह क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी, प्रभु दयाल, मुद्र सईद सागर ,कुमारी सोनम नीरज, वकील एडवोकेट, शरीफ जमील, अकबर अली, मुहम्मद तनवीर, अहमद नबी सैफी, जहीर जिया, सलीम कसगर, दीपक नागर, मंसूरी आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम प्रभारी बृजेश कुमार बिश्नोई ने प्रतियोगिता के समापन पर सभी का धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया।

# बाल विवाह मुक्त भारत राष्ट्रीय अभियान के अन्तर्गत 100 दिवसीय विशेष कार्यक्रम संचालित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** बाल विवाह की रोकथाम एवं जन जागरूकता के उद्देश्य से बाल विवाह मुक्त भारत राष्ट्रीय अभियान के अन्तर्गत 100 दिवसीय विशेष कार्यक्रम का संचालन 08 मार्च 2026 तक किया जाना है। निर्धारित कार्यक्रमोंधगतिविधियों में यदि कोई शासकीय अवकाश पड़ता है, तो संबंधित कार्यक्रमधगतिविधि को अगले कार्य दिवस में आयोजित किया जाएगा।

जिला प्राबेशन अधिकारी ईरा आर्या ने बताया कि अभियान को तीन चरणों में संचालित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रथम चरण में 31 दिसम्बर 2025 तक समस्त खण्ड विकास अधिकारी कार्यालयों, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय द्धनगर एवं ग्रामीण क्षेत्रऋ, आश्रम पद्धति विद्यालयों, राजकीय एवं निजी प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, माध्यमिक विद्यालयों, कॉलेजों एवं विश्वविद्यालयों में छात्र-छात्राओं, शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं विद्यालय प्रबंधन के मध्य प्रतिज्ञा एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

उन्होंने बताया कि द्वितीय चरण में 01 से 31 जनवरी 2026 ब्लॉक परिसर चमरौआ, शिव मंदिर भमरौआध्रठौड़ा, गुरुद्वारा साहिब रामपुरधबिलासपुर, ग्राम पंचायत गुजरेला द्धथाना भोटऋ, जिला महिला चिकित्सालयधगिरजाघर, मजार हाफिज शाह जमाल उल्लाह रामपुर, बगदादी शाह मजार, समस्त प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, चयनित ग्राम पंचायतें, राजकीय एवं निजी विद्यालय, जिला बाल संरक्षण इकाईध्चाइल्ड हेल्पलाइन में धार्मिक नेताओं एवं विभिन्न धर्मों के श्रद्धालु समुदायों के साथ प्रवचन, विशेष प्रार्थनाध्सभाओं का आयोजन किया जाएगा। इसके अतिरिक्त विवाह से जुड़े मैरिज हॉल, बैंक्विट हॉल, बैंड पार्टी, डीजे, कैटरर्स, फोटोग्राफर, टेंट हाउस आदि के माध्यम से भी बाल विवाह के दुष्परिणामों एवं संबंधित कानूनों पर प्रकाश डालते हुए जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

उन्होंने बताया कि तृतीय चरण में 01 फरवरी से 08 मार्च 2026 तक वन स्टॉप सेंटर, कांशीराम कॉलोनी द्धपहाड़ी गेटध्शाहबाद गेटऋ, नगर पालिका एवं नगर पंचायत, विकास खण्ड मिलक व चमरौआ, समस्त ग्राम पंचायत एवं पंचायत भवनों में ग्राम पंचायतध्नगर निकाय स्तर पर जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

कार्यक्रमों में ग्राम पंचायत सदस्य, ग्राम सभा, वार्ड सदस्य, पार्षद, स्वयंसेवी कार्यकर्ता तथा जोखिम ग्रस्त परिवार कृविशेष रूप से गरीबी, सामाजिक बहिष्कार एवं परम्परागत प्रथाओं के कारण बाल विवाह के जोखिम में रहने वाले परिवार कृको लक्षित किया जाएगा। अभियान के माध्यम से बाल विवाह के विरुद्ध व्यापक जन जागरूकता उत्पन्न कर समाज को इस कुप्रथा से मुक्त करने का प्रयास किया जाएगा।

# जनता दर्शन में स्वास्थ्य सहायता को डीएम ने पात्र दंपत्ति को स्वयं सौंपा आयुष्मान कार्ड

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** जनता की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण की दिशा में जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी द्वारा निरंतर संवेदनशील एवं जनहितकारी पहल की जा रही है। इसी क्रम में विगत दिनों आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम के दौरान तहसील सदर अंतर्गत ग्राम डूंगरपुर निवासी मो।चमन एवं उनकी पत्नी अनम अपने स्वास्थ्य उपचार से संबंधित समस्या लेकर जिलाधिकारी के समक्ष उपस्थित हुए थे। दंपत्ति ने अवगत कराया कि आर्थिक कठिनाइयों के कारण वे आवश्यक चिकित्सीय उपचार कराने में असमर्थ हैं तथा उनके पास आयुष्मान भारत योजना का कार्ड उपलब्ध नहीं है।



प्रकरण की गंभीरता को .ष्टिगत रखते हुए जिलाधिकारी ने तत्काल स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि संबंधित पात्रता की जांच कर आयुष्मान कार्ड निर्गत कराया जाए।

जिलाधिकारी के निर्देशों के अनुपालन में स्वास्थ्य विभाग द्वारा शीघ्र कार्रवाई करते हुए आयुष्मान कार्ड तैयार कराया गया। तत्पश्चात आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी ने स्वयं मो।चमन को आयुष्मान कार्ड प्रदान किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की मंशा है कि कोई भी पात्र व्यक्ति उपचार के अभाव में वंचित न रहे। आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों को निःशुल्क एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

आयुष्मान कार्ड प्राप्त होने पर लाभार्थी दंपत्ति ने जिलाधिकारी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस सहायता से उन्हें अब बेहतर इलाज की सुविधा प्राप्त होगी।

# राष्ट्रीय लोक दल ने की रामपुर में धान खरीद के घोटाले की जांच की मांग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** शुक्रवार को राष्ट्रीय लोक दल के प्रदेश महासचिव मोहम्मद उस्मान बबलू एवं जिला अध्यक्ष हाफिज फैयाज हसन गुड्डू ने जिला. धिकारी रामपुर को एक पत्र सौंपकर जनपद में धान खरीद में हो रहे बड़े घोटाले की निष्पक्ष जांच की मांग की।



प्रदेश महासचिव मोहम्मद उस्मान बबलू ने बताया कि जनपद रामपुर में 114 धान खरीद केंद्र स्थापित हैं, लेकिन इन केंद्रों पर बिहार व बंगाल से लाए गए धान की खरीद की जा रही है। स्थानीय किसानों के नाम पर फर्जी किसानों के अंगूठे व सत्यापन कराकर कागजी खानापूर्ति की जा रही है, जो पूरी तरह से गलत और भ्रष्टाचार का गंभीर मामला है। राष्ट्रीय लोक दल इस तरह की अनियमितताओं को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगा।

जिला अध्यक्ष हाफिज फैयाज हसन गुड्डू ने आरोप लगाया कि बिलासपुर नवीन मंडी सहित कई धान खरीद केंद्रों पर बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि किसानों के साथ खुला अन्याय हो रहा है।

प्रदेश महासचिव मोहम्मद उस्मान बबलू ने कहा कि जनपद रामपुर के धान खरीद केंद्र प्रभारियों के भ्रष्टाचार की पोल राष्ट्रीय लोक दल उजागर करेगा और जिलाधिकारी रामपुर से अपेक्षा की कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दूध का दूध और पानी का पानी किया जाएगा। ज्ञापन देने वालों में मोहम्मद इदरीश अंसारी द्धजिला उपाध्यक्षऋ, रिजवान अली द्धनिजी सचिव जिला अध्यक्षऋ, महफूज खान, मुनाजिर हुसैन सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# वीर बालक दिवस पर प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** महिला कल्याण विभाग द्वारा वीर बाल दिवस कार्यक्रम का आयोजन बाल गृह शिशु सदन रामपुर में जिला प्रोवेशन अधिकारी के नेतृव मे किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वीर खालसा सेवा समिति के अध्यक्ष अवतार सिंह जी व अन्य सदस्य द्वारा प्रतियोगिता मे निबन्ध एवं पोस्टर प्रीतियोगिता में प्रथम एवं दित्तीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली बालि. काओं को मोमेंटो व कलर किट देकर सम्मानित किया गया व बालिकाओं की सराहना की गई।

बाल गृह शिशु सदन रामपुर के बच्चों द्वारा भी वीर बाल दिवस के कार्यक्रम मे पोस्टर प्रीतियोगिता व



देश भक्ति के कार्यक्रम किए गए। अवतार सिंह जी के द्वारा बच्चों को बताया गया की शिक्षा का उद्देश्य विकास करना है इसके अतिरिक्त खेल के प्रति बच्चों को जागरूक किया। बच्चों को वीर बाल दिवस के अवसर पर चारो साहबजादों की वीरता के बारे मे बताया गया। जिला प्रोवेशन अधिकारी द्वारा वीर खालसा ग्रुप के सभी सदस्यों को स्मृति चिन्ह व शाल देकर सम्मानित किया गया। शत्रुघन को भी स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर जिला प्रोबेशन अधिकारी ईरा आर्या, अधीक्षक बाल ग्रह कुलवंत सिंह, वीर खालसा समिति, वन स्टॉप सेंटर से चांद बी , सामाजिक परामर्शदाता चारु चौधरी, चाइल्ड हेल्पलाइन से जिला कोऑर्डिनेटर निजामुद्दीन, डिस्ट्रिक्ट सुपरवाइजर मशकूर साहब, केस वर्कर संजू कुमार, हब पफॉर एंपावरमेंट ऑफ वूमेन से जेंडर स्पेशलिस्ट निदा जैदी एवं महिला कल्याण विभाग का स्टापफ उपस्थित रहा।

### अवैध खनन पर सख्ती जनपद में रात्रिकालीन सघन चेकिंग अभियान लगातार जारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी के स्पष्ट निर्देशों के क्रम में जनपद में अवैध खनन, अवैध खनिज परिवहन तथा ओवरलोडिंग जैसी गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने के उद्देश्य से प्रशासन द्वारा ठोस एवं कड़े कदम उठाए जा रहे हैं। जनपद में स्थापित कुल 09 चेक प्वाइंटों पर रात्रि 08:00 बजे से प्रातः 07:00 बजे तक अधिकारियों एवं कर्मचारियों की तैनात टीमों द्वारा निरन्तर एवं सघन चेकिंग अभियान संचालित किया जा रहा है।

25 दिसम्बर 2025 को रात्रिकालीन चेकिंग अभियान के अंतर्गत तहसील स्वार क्षेत्र में स्थित चेक पोस्ट मसवासी चौराहा, मानपुर तिराहा एवं हैप्पी पुलिया अजीतपुर रोड, स्वारऋ पर दो पालियों में गहन जांच की गई।

# विधायक शफीक अहमद अंसारी ने शहीद उधम सिंह जी की प्रतिमा का किया अनावरण

**शाह टाइम संवाददाता**

**स्वार।** शुक्रवार विधायक शफीक अहमद अंसारी स्वार टांडा ने शहीद उधम सिंह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ग्राम फाजिलपुर निकट पुसवाड़ा में शहीद उधम सिंह कंबोज जी के जन्मोंउत्सव पर शहीद उधम सिंह की प्रतिमा का अनावरण किया । माननीय विधायक जी आज आज अपने काफिले के साथ विद्यालय पहुंचे। विद्यालय के छात्र एवं छात्राओं ने विधायक की का फूल मालाओं से स्वागत किया।

इस उपलक्ष्य में विद्यालय के छात्र एवं छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। विधायक जी ने कहा शहीद उधम जी भारत के महान स्वतंत्रता सेनानी थे जिनको सन 1940 में लंदन की पेंटनविले जेल के



गवर्नर माइकल की हत्या का आरोप लगाकर फांसी की सजा दे दी गई। हर साल देशभर के लोग 31 जुलाई को शहीद उधम सिंह जी को श्रद्धांजलि देते हैं इसी उपलक्ष्य में आज इस विधालय में मुझे शहीद उधम सिंह जी की प्रतिमा के अनावरण का अवसर प्राप्त हुआ यह हमारे आदर्श हैं। इन्हीं के आदर्शों पर चलकर आज हम लोग यहां तक पहुंचे हैं।इस दौरान विशिष्ठ अतिथि विधायक गदरपुर उत्तराखंड अरविंद कुमार पांडे, हरेन्द्र सिंह लाडी,भाजपा नेत्री डोली रन्धावा, प्रधान नत्थाराम, मुन्शी राम,सतनाम सिंह रन्धावा, फारूक अंसारी, जिला 0प0सदस्य खलील अहमद, मुंशीराम अध्यक्ष, जयमल राम प्रबंधक,राजवीर सिंह चौहान प्रधानाचार्य,दीपक नागर,दीप गोयल,नूर हसन ठाकुर, नाहिद खां,फैजान बल्ली,इस्लाम मेंबर, अमीरूल हसन,जुल्फेकार अली, वसीम अहमद,पंकज सैनी,डॉ समी एवं काफी संख्या मैं लोग मौजूद रहे।

## कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी धनौरा जनपद-अमरोहा

पत्रांकः: 3306 /लेखा/पंचम/15वां वित/विज्ञप्ति/2025-26 दिनांकः: 26-12-2025

**-::अल्पकालीन निविदा ::-**

महामहिम राज्यपाल उ.प्र. की ओर से विकास खण्ड धनौरा के द्वारा 15 वां वित्त योजना/ पंचम राज्य वित्त के अन्तर्गत (धनराशि की प्रत्याष में) निम्न कार्यों को कराने हेतु दिनांक 27-12-2025 के अपरान्ह 2-00 बजे से सीलबन्द निविदायें (टेण्डर) पंजीकृत फर्मो एवं ठेकेदारो के लिये आमन्त्रित की जाती हैं, जिनका लोक निर्माण विभाग/ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग अथवा जिला पंचायत में पंजीकरण होना आवश्यक है। निविदायें दिनांक 31-12-2025 तक बेची जायेंगी। दिनांक 06-01-2026 अपरान्ह 1-00 बजे तक कार्यालय में निविदादाता अपनी निविदा कार्यालय में जमा कर सकते है। दिनांक 07-01-2026 अपरान्ह 4-00 बजे अधोहस्ताक्षरी अथवा अधोहस्ताक्षरी के द्वारा नामित प्रतिनिधि के द्वारा खोली जायेंगी। यदि उक्त दिवस में कोई अवकाश होता है तो अगले कार्य दिवस में कार्य किया जायेगा। कार्य से सम्बन्धित बिल ऑफ क्वान्टिटी किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती हैं। अपरिहार्य कारणवश बिना किसी सूचना के निविदाओं को स्वीकृत एवं अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी का होगा।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | प्रांकलन की धनराशि | धारोहर राशि 10 प्रतिशत | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | चकनवाला मु. में वन्दे से प्रलाद के मकान की ओर सी.सी. व नाली निर्माण कार्य। | 257085.00 | 25700.00 | 928.00 | 3 माह |
| 2 | कौराला में सामुदायिक केन्द्र के कक्ष में टाईल्स बिजली फिटिगं व अंन्य कार्य। | 844609.00 | 84500.00 | 928.00 | 3 माह |
| 3 | शहजादपुर में मैन रोड से स्कुल के पास से भजन के मकान की ओर सी.सी. व नाली निर्माण कार्य। | 291491.00 | 29200.00 | 928.00 | 3 माह |
| 4 | जैधल मुस्तकम के चान्दरा में सडक पर गुडडू और देवेन्द्र के खेत पर पुलिया निर्माण कार्य। | 226058.00 | 22700.00 | 928.00 | 3 माह |
| 5 | ग्राम पतेवा में मैन रोड से सुरेश के मकान की ओर सी0सी0 व नाली का अवशेष कार्य | 303804.00 | 30400.00 | 928.00 | 3 माह |

1- निविदा प्रपत्र दिनांक 27-12-2025 से 31-12-2025 तक किसी भी कार्य दिवस में निविदा शुल्क रू. 928-00 का बैंक ड्राफ्ट/ऑर्डर चैक जमाकर के प्राप्त की जा सकती है।
2- निविदा आपूर्तिकर्ताओं को 10 प्रतिशत धरोहर राशि के राष्ट्रीय बचत पत्र एवं बैकों सावधि बचत पत्र जो खण्ड विकास अधिकारी धनौरा के पक्ष में बन्धक हो , अनिवार्य रूप से जमा करना होगा।
3- निविदा आपूर्तिकर्ताओं को आयकर,जी.एस.टी. एवं लेवरसेस नियमानुसार वहन करना होगा।
4- निविदा आपूर्तिकर्ताओं का आयकर,व्यापार कर,श्रम विभाग में पंजीकरण अनिवार्य है।
5- अनुबन्ध हेतु रू0 100/- एवं शपथ -पत्र हेतु रू0 10/- का नॉन जूडिशियल स्टाम्प पेपर भी उपलब्ध कराना होगा, जो नाटरी द्वारा सत्यापित कराना होगा।

खण्ड विकास अधिकारी
धनौरा (अमरोहा)

**शाह टाइम्स**
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं मौहल्ला सुफी टोला शाहजहांपुर रोड़ बरेली, उप्र।
**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0581-2562222 (बरेली)
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No UPHIN/2003/11165
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

## कार्यालय नगर पालिका परिषद पीलीभीत।

पत्रांक: 139/न0पा0परि0पी0/2025-26 दिनांक: 26/12/2025

**ई-निविदा सूचना**

समस्त ठेकेदारों/फर्मो को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद पीलीभीत द्वारा 'सीवरेज एवं जल निकासी' योजना के अर्न्तगत निम्न विवरण अनुसार ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा प्रपत्र उ0प्र0 की ई प्रोक्योरमेंट की बेबसाइट http:etender.up.nic.in में उपलब्ध है।

| | |
|---|---|
| Bid Publishing Date | 27/12/2025 04:00 PM |
| Bid Download and upload Date | 27/12/2025 04:00 PM |
| Last Date & time of bid submission | 16/01/2026 04:00 PM |
| Date & time of tecnical bid opening | 16/01/2026 04:00 PM |

1- निविदा खुलने की तिथि में यदि अवकाश होता है तो निविदा अगले कार्य दिवस में खोली जायेंगी। तकनोंकि बिड खुलने के बाद फाइनेंशियल बिड खोली जायेंगी। नियम एवं शर्ते पालिका के निर्माण विभाग में किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।
2- निविदा मूल्य नगर पालिका परिषद पीलीभीत के ऐक्सेस बैंक खाता सं0 62801010006255 आई0एफ0एस0सी0कोड UTIB0000628 NEFT/RTGS द्वारा जमा करने के उपरान्त रसीद की स्कैन कापी एवं जमानत धनराशि एन0एस0सी0/एफ0डी0आर0 के रूप में अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद पीलीभीत के नाम बन्धक कराकर निविदा के साथ अपलोड करना अनिवार्य है। जमानत धनराशि NEFT/RTGS के माध्यम से भी उपरोक्त बैंक खाते में जमा की जा सकती है।

**अधिशासी अधिकारी**
नगर पालिका परिषद
पीलीभीत।

**अध्यक्ष**
नगर पालिका परिषद
पीलीभीत।

# झोला छाप डाक्टर के अस्पताल पर स्वास्थ्य विभाग की बड़ी कार्रवाई, किया गया सील

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी।** शुक्रवार को क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए झोला छाप डॉक्टर द्वारा अवैध रूप से संचालित अस्पताल और डेंटल लैब को सील कर दिया। यह कार्रवाई लगातार मिल रही शिकायतों और जांच में अनियमितताएं पाए जाने के बाद की गई।प्राप्त जानकारी के अनुसार नोडल अधिकारी देवेश चौधरी अपनी टीम के साथ नगर में पहुंचे जहां पर जेपी अपोलो अस्पताल में ओटी को सील किया गया और फिर खघ्रसोल में आदित्य डेंटल क्लिनिक वेलकम फार्मा बड़ागांव, डॉ हवीब क्लिनिक बड़ागांव, यूनिक डेंटल बड़ागांव सील किया गया नोडल अधिकारी ने बताया कि उक्त झोला छाप डॉक्टर बिना किसी वैध डिग्री और पंजीकरण के वर्षों से मरीजों का इलाज कर रहे हैं। अस्पताल में न तो मानक सुविधाएं उपलब्ध हैं और न ही प्रशिक्षित स्टाफ मौजूद हैं। इसके बावजूद मरीजों से मोटी रकम वसूली जा रही थी।स्वास्थ्य विभाग की टीम जब मौके पर पहुंची तो

जांच में सामने आई गंभीर खामियां



अस्पताल और डेंटल लैब में कई गंभीर खामियां पाई गईं। डेंटल लैब में बिना पंजीकरण के इलाज किया जा रहा था।अस्पताल परिसर में साफ–सफाई की स्थिति बेहद खराब थी, बायो मेडिकल वेस्ट का उचित निस्तारण नहीं किया जा रहा था, जिससे संक्रमण फैलने का खतरा बना हुआ था।मरीजों की जान से हो रहा था खिलवाड़ स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि झोला छाप डॉक्टर द्वारा गलत इलाज और मनमानी दवाइयां देने से मरीजों की जान को गंभीर खतरा होता हे। कई मरीजों ने गलत इलाज से तबीयत बिगड़ने की शिकायत भी होती है।

सभी अनियमितताओं को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने तत्काल प्रभाव से अस्पताल और डेंटल लैब को सील कर दिया। साथ ही संबंधित झोला छाप डॉक्टर के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है।स्वास्थ्य विभाग ने आम जनता से अपील की है कि वे इलाज के लिए केवल पंजीकृत और योग्य डॉक्टरों के पास ही जाएं। किसी भी संदिग्ध अस्पताल, क्लीनिक या डेंटल लैब की जानकारी तुरंत विभाग को दें।इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में हड़कंप मचा हुआ है और अन्य अवैध रूप से संचालित अस्पतालों व लैब संचालकों में भी भय का माहौल है।

# गुरु नानक एकेडमी में वीर बाल दिवस श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया

**साहिबजादों के बलिदान को किया गया नमन, छात्रों ने कविता, भाषण व नाटड प्रस्तुति से मोहा मन**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक।** गुरु नानक एकेडमी मिलक आज वीर बाल दिवस श्रद्धा, सम्मान और उत्साह के साथ मनाया गया। यह कार्यक्रम सिख धर्म के दसवें गुरु गुरु गोबिंद सिंह जी के चार साहिबजादों के महान बलिदान को स्मरण करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के चेयरमैन विशेष शर्मा एवं उपाध्यक्ष रिजवान खान द्वारा दीप प्रज्वलन एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इसके पश्चात कक्षा 11



व 12 के विद्यार्थियों ने वीर साहिबजादों के जीवन, साहस और बलिदान पर प्रभावशाली कविताएं और भाषण प्रस्तुत किए। विद्यालय के छात्रों द्वारा प्रस्तुत प्रेरणादायक नाटड प्रस्तुति ने उपस्थित जनसमूह को भावविभोर कर दिया। इस अवसर पर निबंध प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़–चढ़कर भाग लिया।

विद्यालय की एमडी मीनू मिश्रा एवं प्रधानाचार्य ने अपने संबोधन में कहा कि ह्वीर साहिबजादों का बलिदान हमें सत्य, साहस और धर्म के मार्ग पर अडिग रहने की प्रेरणा देता है।

वहीं उप प्रधानाचार्य अमित गंगवार ने छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में अमनजोत सिंह शासन, अकांक्षा गंगवार, अंजलि गंगवार, प्रगान्त पाण्डेय सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# वीर बालक दिवस पर प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** महिला कल्याण विभाग द्वारा वीर बाल दिवस कार्यक्रम का आयोजन बाल गृह शिशु सदन रामपुर में जिला प्रोवेशन अधिकारी के नेतृव मे किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वीर खालसा सेवा समिति के अध्यक्ष अवतार सिंह जी व अन्य सदस्य द्वारा प्रतियोगिता मे निबन्ध एवं पोस्टर प्रीतियोगिता में प्रथम एवं दित्तीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली बालिकाओं को मोमेंटो व कलर किट देकर सम्मानित किया गया व बालिकाओं की सराहना की गई। बाल गृह शिशु सदन रामपुर के बच्चों द्वारा भी वीर बाल दिवस के कार्यक्रम मे पोस्टर प्रीतियोगिता व देश भक्ति के कार्यक्रम किए गए। अवतार सिंह जी के द्वारा बच्चों को बताया गया की शिक्षा का उद्देश्य विकास करना है इसके अतिरिक्त खेल के प्रति बच्चों को जागरूक किया।

बच्चों को वीर बाल दिवस के अवसर पर चारो साहबजादों की वीरता के बारे मे बताया गया। जिला प्रोवेशन अधिकारी द्वारा वीर खालसा ग्रुप के सभी सदस्यों को स्मृति चिन्ह व शाल देकर सम्मानित किया गया। शत्रुघन को भी स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला प्रोबेशन अधिकारी ईरा आर्या, अधीक्षक बाल ग्रह कुलवंत सिंह, वीर खालसा समिति, वन स्टॉप सेंटर से चांद बी, सामाजिक परामर्शदाता चारु चौधरी, चाइल्ड हेल्पलाइन से जिला कोऑर्डिनेटर निजामुद्दीन, डिस्ट्रिक्ट सुपरवाइजर मशकूर साहब, केस वर्कर संजू कुमार, हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वूमेन से जेंडर स्पेशलिस्ट निदा जैदी एवं महिला कल्याण विभाग का स्टाफ उपस्थित रहा।

# अवैध खनन रोकथाम को लेकर लेखपालों का प्रशिक्षण सम्पन्न

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** अपर जिलाधिकारी प्रशासन डॉ. नितिन मदान की अध्यक्षता में जिला सहकारी बैंक सभागार में लेखपालों का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

प्रशिक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी ने लेखपालों को निर्देशित किया कि अपने–अपने क्षेत्रों में अवैध खनन की किसी भी गतिविधि पर सतर्क .ष्टि रखें तथा ऐसी किसी भी सूचना की तत्काल जानकारी संबंधित उपजिलाधिकारी एवं जिला प्रशासन को दें।

उन्होंने स्पष्ट किया कि अवैध खनन के विरुद्ध कार्यवाही तहसील एवं थाना स्तर से संयुक्त रूप से की जानी है। साथ ही उन्होंने बताया कि काश्तकार अपने निजी उपयोग के लिए अधिकतम 100 घन मीटर तक मिट्टी का खनन कर सकते हैं, वह भी केवल उसी गाटा संख्या से, जिसके लिए अनुमति प्राप्त हो। इसके लिए काश्तकार का पोर्टल पर पंजीकरण अनिवार्य है तथा खनन के समय संबंधित अभिलेख अपने साथ रखना आवश्यक होगा। अपर



जिलाधिकारी ने कहा कि यदि किसी भी स्थान पर व्यवसायिक उद्देश्य से मिट्टी का अवैध खनन पाया जाता है, तो संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी।

ईंट–भठों के संबंध में उन्होंने निर्देश दिए कि भठा संचालकों द्वारा एक मुश्त समाधान योजना के अंतर्गत रॉयल्टी जमा की जानी अनिवार्य है तथा उनका लाइसेंस एक वर्ष के लिए वैध होता है। सभी लेखपाल यह सुनिश्चित करें कि ईंट भठा संचालकों द्वारा प्रस्तुत किए गए समस्त अभिलेख वैध एवं अद्यतन हों। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि यदि किसी लेखपाल की लापरवाही अथवा संलिप्तता पाई जाती है तो उसके विरुद्ध नियमानुसार विभागीय कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में डिप्टी कलेक्टर कुमार संजय एवं खान अधिकारी अमित रंजन उपस्थित रहे।

# डीएम ने किया खनन मॉनीटरिंग कंट्रोल रूम का औचक निरीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने कलेक्ट्रेट परिसर स्थित खनन मॉनीटरिंग कंट्रोल रूम का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान जनपद में अवैध उपखनिजधमिट्टी के खनन एवं परिवहन के विरुद्ध शून्य सहनशीलता की नीति के अंतर्गत जिलाधिकारी द्वारा विशेष कन्ट्रोल नम्बर 8679072802 जारी किया गया है।

जिलाधिकारी ने स्पष्ट रूप से निर्देशित किया है कि जनपद में कहीं पर भी यदि अवैध उपखनिज अथवा मिट्टी का खनन या परिवहन किया जाना संज्ञान में आता है, तो उसकी सूचना बिना किसी संकोच के तत्काल कन्ट्रोल रूम नम्बर पर उपलब्ध कराई जाए।

इस कन्ट्रोल रूम के माध्यम से प्राप्त प्रत्एक शिकायत को गम्भीरता, प्राथमिकता एवं त्वरितता के साथ लेते हुए सम्बन्धित उपजिलाधिकारी, खनन एवं राजस्व अधिकारियों को तत्काल प्रेषित किया जाएगा, ताकि मौके पर पहुंचकर कठोर एवं विधिसम्मत कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके।

जिलाधिकारी ने यह भी स्पष्ट किया है कि अवैध खनन में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध किसी भी स्तर पर कोई शिथिलता नहीं बरती जाएगी तथा दोषियों पर नियमानुसार कठोरतम कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

# मोहम्मद कासिम अंसारी बने व्यापार मंडल के नगर महामन्त्री

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** शुक्रवार को व्यापार मंडल की एक बैठक व्यापार मंडल कार्यालय पर आयोजित की गई।

बैठक में नगर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रद्धपीएचसीऋ को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रद्धसीएचसीऋमें अपडेट करने की मांग की गई जिससे कि मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सके अधिक डॉक्टर और सुविधाएं मिल सकें। सीएचसी में पीएचसी की तुलना में अधिक विशेषज्ञ डॉक्टर नर्स और पैरामेडिकल स्टाफ होते हैं जिससे गंभीर बीमारियों और आपात स्थितियों का बेहतर इलाज संभव हो सके व्यापार मंडल की इस बैठक में इस मांग का औपचारिक प्रस्ताव



पारित किया गया एवं यह प्रस्ताव स्थानीय विधायक,जिलाधिकारी व मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं स्वास्थ्य विभाग को भेजा जाएगा। इसके अलावा व्यापार मंडल का विस्तार करते हुए मोहम्मद कासिम अंसारी एवं आदेश चंद्रा को नगर मंत्री बनाया गया और अपेक्षा की गई कि व्यापार मंडल को और ज्यादा मजबूत करने का कार्य करेंगे।

बैठक में व्यापार मंडल अध्यक्ष कपिल गुप्ता, महामंत्री विनोद पाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष बृजनंदन सागर, उपाध्यक्ष अनिल दिवाकर, इरशाद सिद्दीकी, सुमित यादव, राकेश मौर्य, रवि मौर्य मौजूद रहे।

# पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती को सुशासन दिवस के रूप में मनाया

**पालिका अध्यक्ष दीक्षा गंगवार के आवास पर एकत्र हुए भाजपाई**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक।** भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई जी की जयंती को सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया और उनके महत्वपूर्ण राष्ट्रहित में किए गए कार्यों को याद किया गया और एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की गई। इस अवसर पर दीक्षा गंगवार अध्यक्ष नगर पालिका परिषद मिलक एवं कुंवर नरेंद्र सिंह गंगवार समाज एवं भाजपा नेता ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किए इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष सुरेश गंगवार, जिला उपाध्यक्ष प्रेम शंकर पांडे, ऋषि पांडे, नन्हे राम पांडे, पूर्व मंडल अध्यक्ष मनोज पांडे, मंडल अध्यक्ष ममता अत्री, मंडलमन्त्री बसंत कुमार एडवोकेट, चंद्रभान मित्तल, योगी पाण्डेय, प्रदीप जाटव एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार, युवक की मौत, दो घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक।** घने कोहरे में अज्ञात वाहन की टक्कर के बाद सड़क हादसा हुआ है, जिसमें एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई और दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना गुरुवार देर रात की है । कोतवाली मिलक क्षेत्र के लोहा पट्टी–भागीरथ हाईवे पर हुई।

बरेली जिले के मीरगंज थाना क्षेत्र के तीन युवक शेखीपुरा निवासी सोनू, मालीपुरा निवासी छंगे और रतनपुरी निवासी 24 वर्षीय मुकेश खाना बनाने का काम करते हैं। वे तीनों लोहा पट्टी–भागीरथ हाईवे के किनारे स्थित एक मढ़ी के वार्षिक मेले में काम करने आए थे। काम समाप्ति के बाद वे रात में बाइक से घर लौट रहे थे।

उस समय घना कोहरा छाया हुआ था,।जिससे .श्यता बेहद कम थी। तभी पीछे से आ रहे एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मारी और वहां से फरार हो गया। इस टक्कर के कारण तीनों सड़क पर गिर गए।

गिरने के बाद पीछे से आ रहे एक अन्य वाहन की चपेट में आकर मुकेश की मौके पर ही मौत हो गई। सोनू का दाहिना हाथ कट गया और वहीं छंगे का दाहिना पैर कट गया गंभीर रूप से घायल हो गए।

मृतक मुकेश के परिजनों ने बताया कि वह अपने परिवार में इकलौते कमाने वाले सदस्य थे। उनकी मौत से परिवार को गहरा आघात लगा है। मुकेश अपने पीछे दो छोटे बच्चों, पत्नी, बहन, छोटे भाई और बुजुर्ग मां को छोड़ गए हैं।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। और मृतक के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है। दोनों गंभीर घायल युवकों को इलाज के लिए भी जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पुलिस ने घटना में शामिल अज्ञात वाहनों की तलाश शुरू कर दी है।

# वाहन की टक्कर से महिला की मौत, शिनाख्त नहीं

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**मसवासी।** पट्टीकला में खटीमा पानीपत फोरलेन मार्ग पर रात अज्ञात वाहन ने एक महिला को कुचल दिया और चालक–वाहन सहित फरार हो गया। महिला के चीथड़े उड़ गए पुलिस ने उठाकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा है। गुरुवार की रात लगभग अज्ञात महिला पट्टी कला में खटीमा पानीपत फोर लाइन मार्ग पर बाजपुर दिशा की ओर पैदल जा रही थी। इसी दौरान पीछे से आ रहे तेज रफ्तार वाहन ने उसे जबरदस्त टक्कर मार दी टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि महिला के चीथड़े उड़ गए। और महिला के शरीर के चीथड़े इधर–उधर बिखर गए। दुर्घटना के कुछ ही देर बाद फोर लाइन मार्ग पर राहगीरों और वाहन चालकों की भीड़ इकठ्ठा हो गई और इस मामले की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और उसके छत व छत शव को उठाकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है महिला की कोई शिनाख्त नहीं हो पाई है।

# वार्षिक उत्सव व शोभायात्रा को लेकर अग्रवाल सभा की तैयारियां जोरों पर

**28 दिसंबर को रामपुर में रहेगा उत्सव का माहौल**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** अग्रवाल सभा रामपुर की एक महत्वपूर्ण बैठक उत्सव पैलेस कोसी मंदिर मार्ग पर सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। बैठक में 28 दिसंबर को आयोजित होने वाली महाराजा अग्रसेन जयंती के भव्य कार्यक्रम की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान आयोजन को सफल बनाने के लिए सभी पदाधिकारियों को उनके–उनके कार्य और जिम्मेदारियां स्पष्ट रूप से सौंप दी गईं।

बैठक में अध्यक्ष प्रवेश कुमार



अग्रवाल द्वारा बताया गया कि 28 दिसंबर को रामपुर में महाराजा अग्रसेन जयंती पूरे उल्लास और भव्यता के साथ मनाई जाएगी।

सुबह से लेकर रात तक सामाजिक, सांस्कृतिक और धार्मिक कार्यक्रमों की श्रृंखला चलेगी, जिससे पूरा शहर अग्रसेनमय नजर आएगा।

सुबह अग्रथान द्धमैराथनऋ प्रात: 7:00 बजे स्टेट बैंक मुख्य शाखा से मिस्टन गंज चौराहा पर संपन्न होगी। दोपहर 11 बजे एक भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो गांधी समाधि से प्रारंभ होकर राजद्वारा, मिस्टन गंज, सराफा बाजार, जच्चा–बच्चा केंद्र होते हुए पुन: मिस्टन गंज, सराय गेट से गुजरती हुई उसव पैलेस पर संपन्न होगी। शोभायात्रा में समाज के लोग पारंपरिक वेशभूषा, बैंड–बाजों और जयघोष के साथ भाग लेंगे।

शोभायात्रा के उपरांत कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा, जिनमें बच्चों, युवाओं और महिलाओं की भागीदारी आकर्षण का केंद्र रहेगी। कार्यक्रम के अंत में आयोजकों द्वारा प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित कर पुरस्कार वितरित किए जाएंगे।

अग्रवाल सभा के पदाधिकारियों ने सभी समाजबंधुओं से कार्यक्रम में बढ़–चढ़कर भाग लेने की अपील करते हुए कहा कि यह आयोजन सामाजिक एकता, संस्कृति और परंपरा को सशक्त करने का प्रतीक बनेगा। 28 दिसंबर को रामपुर में महाराजा अग्रसेन जयंती का यह आयोजन निश्चित ही यादगार और ऐतिहासिक साबित होगा।

इस मौके पर डॉ अजय कुमार अग्रवाल, गिर्रिज सरन अग्रवाल, डॉ सुमित गोयल, ईश्वर सरन अग्रवाल, पवन कुमार जैन, दीपक जिंदल, दिनेश अग्रवाल, सचिन सिंघल, मोहित अग्रवाल, तरुण अग्रवाल, प्रमोद कुमार अग्रवाल, वीरेंद्र गर्ग, विनोद कुमार अग्रवाल, शरद कुमार गुप्ता, सौरभ अग्रवाल, पुष्पेंद्र अग्रवाल, पंकज अग्रवाल, अंकुर अग्रवाल, सचिन अग्रवाल एडवोकेट, संजय गर्ग, निखिल अग्रवाल, गोविंद अग्रवाल, महेश अग्रवाल, अंकित अग्रवाल, मोहित अग्रवाल, डॉ पुलकित अग्रवाल, नीरज अग्रवाल, अमित राज अग्रवाल, अंकुश अग्रवाल, अनुज गोयल, अर्शित अग्रवाल, रचित मांगलिक, सजल अग्रवाल, अंकुर अग्रवाल, मोनिका जैन, रेखा अग्रवाल, रेनू गर्ग, अमिता अग्रवाल, पूनम गुप्ता, नेहा अग्रवाल, प्रभा अग्रवाल, सरिता सिंघल, नामित सिंघल, अरुणा मांगलिक, कमलेश अग्रवाल, नीलम अग्रवाल, मोनिका गर्ग, शेफाली अग्रवाल, दीपिका सिंघल, नीतू अग्रवाल, नीना अग्रवाल, आदि मौजूद रहें।

# बच्चे के पेट मे घुसी कैंची, इलाज के दौरान बच्चे की मौत, परिवार मे मचा कोहराम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** सामान की थैली काटने के लिए लेकर भागे बच्चे के गिरने से उसके पेट मे कैंची घुस गई जिसमे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे बाजपुर के अस्पताल ले गए जिसमे इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई बच्चे की मौत से परिवार मे कोहराम मच हुआ है।

नगर के मोहल्ला रजा पार्क निवासी अशरफ की पुत्री फरीदा अपने छह वर्षीय पुत्र अरहम के साथ मुरादाबाद के भोजपुर पीपलसाना से अपने पिता के घर कुंडो का त्यौहार मनाने आई थी कि शुक्रवार की सुबह अरहम 6, वर्षीय बच्चो के साथ जाकर परचून की दुकान से खाने कुरकुरे की थैली लेकर आया था कि घर मे रखी कैंची से उठाकर सामन की थैली काटने के लिए लेकर जा रहा था कि अचानक वह कैची पर गिर गया जिससे कैंची बच्चे के पेट मे घुस गई ओर घायल हो गया बच्चे के पेट मे कैंची घुसी देख परिवार मे चीख पुकार मच गई तुरन्त परिजनो ने बच्चे को बाजपुर एक अस्पताल ले जाकर भर्ती



कराया। लेकिन बच्चे की इलाज के दौरान मौत हो गई। बच्चे की मौत से परिवार कोहराम मच हुआ है परिवार का रो–रोकर बुरा हाल है। बच्चों को दफन करने के लिए उसकी मां और नाना भोजपुर पीपलसाना ले गए हैं परिजनों का रोते–रोते बुरा हाल है।

# तेंदुए के हमले में घायल पूर्व उप प्रधान के घर जांच को पहुंची वन विभाग की टीम, ग्रामीणों ने किया विरोध जमकर किया हंगामा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** चौकी क्षेत्र के गांव बिजारखाता में तेंदुए के हमले में घायल हुए पूर्व उप प्रधान के घर वन विभाग की टीम बिना आवाज दिए प्रवेश कर गई जिससे नाराज परिवार जनों ने विरोध कर हंगामा किया और वन विभाग के अधिकारियों को खरी खोटी सुनाई। वन विभाग की टीम ने परिवार को दबाव में लेकर यह लिखवा लिया है की रात के अंधेरे में किसी अनजाने जानवर ने हमला किया है। वन विभाग ने तेंदुए के पद चिन्ह तलाशने की जरूरत महसूस नहीं की। बीते मंगलवार की रात्रि विजारखाता में तेंदुए ने आबादी क्षेत्र में घुसकर पूर्व उप प्रधान जफर अली के



घर में घुसकर उन पर हमला कर दिया था जिससे वह घायल हो गए थे। घायल का मरहम पट्टी करने के बाद स्थानीय अस्पताल में इलाज कराया गया था सूचना के बाद भी वन विभाग की टीम ने तेंदुए के पद चिन्ह तलाशने की कोशिश नहीं की जिससे ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ गई। दो दिन बाद शुक्रवार की दोपहर वन विभाग की टीम पूर्व उप प्रधान के घर पहुंची। और जंगली जानवर होने का बहाना बनाकर परिवार जनों पर लिखवाने के लिए दबाव बनाने लगे जिसे पूर्व प्रधान के पुत्र ने विरोध जताया और बिना किसी आवाज दिए घर में घुसने का जमकर विरोध किया और खरी खोटी सुनाई इस दौरान घायल पूर्व उपप्रधान। घर पर मौजूद नहीं थे। कुछ देर बाद पूर्व प्रधान घर पहुंचे तो उन्होंने वन विभाग के अधिकारियों को आपबीती सुनाई वन रेंजर सुरेश चंद जोशी ने मामले में लीपा पोती करने के लिए यह लिखवा कर लिया कि किसी जंगली जानवर ने रात के अंधेरे में हमला किया है जिसकी तेंदुए के तौर पर शिनाख्त नहीं हो पाई है। वन दरोगा कुलबीर सिंह को भी विरोध का सामना करना पड़ा उन्हें भी गांव के लोगों ने खरी खोटी सुनाई। मोहल्ले के ही राहत जान नवी जान शफीक अहमद रईस अहमद ने आरोप लगाया की वन विभाग ने पदचिह्न तलाशने की कोशिश नहीं की और मामले की लीपापोती करने में जुट गया है। उधर वन रेंजर सुरेश जोशी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

हिन्दी दैनिक शाह टाइम्स समाचार पत्र में समाचार एवं विज्ञापन सूचनाएं प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें।

इमरान हुसैन
जिला प्रभारी रामपुर
कार्यालय निकट कचहरी का गेट नं. 02 कपूर फोटो स्टेट वाली गली
रामपुर मो. नं.9720093014
shahtimesrmp@gmail.com

**सम्बन्ध विच्छेद सूचना**

मैंने अपने पुत्र मोहम्मद राशिद को गलत संगत में पड़ जाने तथा गलत आचरण के चलते अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिया है। भविष्य में मुझसे व मेरे परिवार से उसका कोई सम्बन्ध नहीं रहेगा अपने कृत्य का वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

**मोहम्मद हनीफ पुत्र सादुल्ला**
**निवासी– ग्राम बिजारखाता**
**तह.स्वार, जनपद रामपुर।**

## संक्षिप्त खेल समाचार

### महाराष्ट्र ने सिक्किम को आठ विकेट से हराया

**जयपुर, वार्ता।** प्लेयर ऑफ द मैच राजवर्धन हंगारगेकर (21 रन पर चार विकेट) की घातक गेंदबाजी से महाराष्ट्र ने सिक्किम को विजय हजारे ट्रॉफी एलीट ग्रुप सी मैच में शुक्रवार को 192 गेंद शेष रहते आठ विकेट से हरा दिया। महाराष्ट्र ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करते हुए सिक्किम को 150 रन पर ढेर करने के बाद 18 ओवर में दो विकेट पर 153 रन बनाकर मुक. ाबला जीत लिया। महाराष्ट्र की तरफ से पृथ्वी शॉ ने 51, अर्शिन कुलकर्णी ने 40 और कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ ने नाबाद 38 रन बनाए। सिक्किम की पारी में हंगारगेकर के चार विकेट के अलावा रामकृष्ण घोष ने तीन विकेट लिए।

### सूर्या, श्रुति, टॉप दो सीड को हराकर सेमीफाइनल में पहुंचीं

**विजयवाड़ा, वार्ता।** लोकल पसंदीदा सूर्या करिश्मा तामिरी और अनुभवी श्रुति मुंडाडा ने शुक्रवार को यहां सीनियर नेशनल बैडमिंटन चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए सीधे गेम में टॉप दो सीड को हराया। सूर्या करिश्मा टॉप सीड उन्नति हुड्डा के लिए बहुत मजबूत साबित हुईं, उन्होंने अपना क्वार्टर फाइनल सिर्फ 36 मिनट में 21-12, 21-15 से जीता, जबकि श्रुति ने दूसरी सीड और पूर्व नेशनल चैंपियन अनुपमा उपाध्याय को 39 मिनट में 22-20, 21-12 से हराया। सेमीफाइनल में, सूर्या करिश्मा का सामना रक्षिता श्री से होगा, जब 18 साल की खिलाड़ी ने एक गेम से पिछड़ने के बाद वर्ल्ड जूनियर चैंपियनशिप की सिल्वर मेडलिस्ट तन्वी शर्मा को 16-21, 21-14, 21-18 से हराया। पुरुषों के सिंगल्स कैटेगरी में, टॉप सीड किरण जॉर्ज को 11वीं सीड रौनक की चुनौती से पार पाने के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ी, उन्होंने 41 मिनट में 21-18, 21-18 से जीत हासिल की। अब उनका सामना 2024 ओडिशा ओपन चैंपियन ऋत्विक से होगा।

### युवराज संधू दूसरे राउंड में शानदार 64 के स्कोर के साथ टॉप पर पहुंचे

**जमशेदपुर, वार्ता।** युवराज संधू जमशेदपुर के बेल्डीह और गोलमुरी गोल्फ कोर्स में खेले जा रहे 2 करोड़ रुपये के टाटा ओपन 2025 और पीजीटीआई के सीजन-फिनाले के दूसरे राउंड में अपने शानदार आठ-अंडर 64 के स्कोर की बदौलत लीडरबोर्ड में टॉप पर पहुंच गए हैं। युवराज (67-64), जिन्होंने शुक्रवार को बेल्डीह में खेला था, ने हाफवे स्टेज पर कुल 11-अंडर 131 का स्कोर बनाया और तीन शॉट की बढ़त के साथ अपने पिछले रात के आठवें स्थान से सात स्थान ऊपर आ गए। युवराज, जिन्होंने इस साल पीजीटीआई पर छह बार जीत हासिल की है, पहले ही 2025 पीजीटीआईऑर्डर ऑफ मेरिट का ताज जीत चुके हैं और इस तरह अगले साल के लिए डीपी वर्ल्ड टूर में अपनी जगह पक्की कर ली है।

# मेलबर्न में एक दिन में 20 विकेट गिरे, ऑस्ट्रेलिया टॉप पर

**● मेजबान टीम 46 ओवर में 152 रन पर ऑलआउट हो गई जबकि इंग्लैंड 30 ओवर से भी कम में सिर्फ 110 रन पर ढेर हुई**



**मेलबर्न, वार्ता।** पिछले साल के बॉक्सिग डे टेस्ट की तुलना में मेलबर्न पिच पर सिर्फ चार मिलीमीटर ज्यादा घास होने से बॉक्सिग डे पर पिच शरारती हो गई, जिससे 20 विकेट गिरे, जो ऑस्ट्रेलिया में पहले दिन गिरे संयुक्त रूप से तीसरे सबसे ज्यादा विकेट हैं। मेजबान टीम 46 ओवर के अंदर 152 रन पर ऑल आउट हो गई, जिसके बाद इंग्लैंड एक कदम और आगे बढ़कर 30 ओवर से भी कम में सिर्फ 110 रन पर ढेर हो गई, यह सब एमसीजी में 94,199 दर्शकों की रिकॉर्ड भीड़ के सामने हुआ।

दिन का अंत शानदार ड्रामे के साथ हुआ। स्कॉट बोलैंड, ट्रैविस हेड के साथ ओपनिग करने आए और उन्होंने एक पूरा ओवर सुरक्षित रूप से खेला, जिससे पूरे स्टेडियम में मौजूद दर्शक बहुत खुश हुए, जो दिन भर के रोमांचक एक्शन के बाद पहले से ही अपनी सीटों पर खड़े थे। बेन स्टोक्स ने टॉस जीतकर ऑस्ट्रेलिया को पहले बल्लेबाजी करने भेजा, लेकिन इसमें एक अजीब विडंबना थी कि इंग्लैंड सालों तक घर पर सपाट पिचों पर तैयारी करने के बाद एक बार फिर हरी सीमिग पिच पर खेल रहा था, और ऑस्ट्रेलियाई चुनौती के लिए अपनी तेज गेंदबाजी की योजना ऊंचाई और उछाल के हिसाब से बना रहा था, जबकि चुनौती ने अलग सवाल पूछे। हालांकि, इस बार उनके गेंदबाजों ने बेहतर जवाब दिया, उन्होंने पूरी लेंथ पर गेंदें फेंकी और तुरंत इनाम पाया। ट्रैविस हेड, जिन्होंने दौरे पर पहले एक और मुश्किल पिच पर इंग्लैंड को चोट पहुंचाई थी, गस एटकिसन की गेंद पर अपने स्टंप्स पर आउट हो गए, लेकिन पहले बदलाव के गेंदबाज के रूप में जोश टंग के आने से सच में मैच का रुख बदल गया। जेक वेदरल्ड दुर्भाग्य से लेग साइड में आउट हो गए, लेकिन इसके बाद की गेंदों ने यह साबित कर दिया कि पर्थ और ब्रिस्बेन में टंग की कितनी कमी खली थी। मार्नस लाबुशेन ने बाहर जाती हुई गेंद पर किनारा लगाया, जबकि स्टीव स्मिथ एक तेज इन-स्विगर पर बोल्ड हो गए। 51 रन पर 4 विकेट गिरने के बाद, उस्मान ख्वाजा और एलेक्स कैरी ने ऑस्ट्रेलिया को संभालने के लिए मिलकर 72 रन पर 4 विकेट तक पहुंचाया। लेकिन 38 रन की यह साझेदारी ब्रेक के बाद चौथे ओवर में टूट गई जब एटकिसन ने ख्वाजा का किनारा लिया। इस बार, स्निको पर आवाज और स्पाइक एक साथ आए और ऑन-फील्ड फैसला पलट दिया गया।

स्टोक्स, जिन्होंने दोपहर के सेशन में एटकिसन के साथ बॉलिग की शुरुआत की थी, उन्होंने एक अच्छी प्लानिग के तहत कैरी को लेग स्लिप पर कैच करवाया, जिससे ऑस्ट्रेलिया 91 रन पर 6 विकेट गंवाकर मुश्किल में आ गया। यह और भी बुरा हो सकता था, लेकिन माइकल नेसर को दो बार किस्मत का साथ मिला क्योंकि किनारे कॉर्डन में शॉर्ट गिरे, पहले जेमी स्मिथ के सामने और बाद में जो रूट के सामने, जिससे यह सवाल उठा कि क्या इंग्लैंड के कीपर और स्लिप कॉर्डन बहुत पीछे खड़े थे। नेसर ने मिले मौकों का पूरा फायदा उठाया और पलटवार किया, जोश टंग के एक ओवर में चार चौके लगाए, जबकि कैमरन ग्रीन ने मुश्किल पिच पर धैर्य और समझदारी दिखाई। सातवें विकेट के लिए उनकी 52 रन की साझेदारी ने ऑस्ट्रेलिया को 150 रन के पार पहुंचाया, हालांकि ग्रीन की पारी एक जोखिम भरे सिगल और नॉन-स्ट्राइकर एंड पर ब्रायडन कार्स के डायरेक्ट हिट से खत्म हुई। मिशेल स्टार्क इस सीरीज में 50 से ज्यादा के एवरेज के साथ आए थे, लेकिन इस बार सस्ते में आउट हो गए, स्टोक्स ने मिड-ऑफ पर पीछे दौड़कर एक शानदार कैच पकड़ा। रिप्ले में दिखा कि कार्स का अगला पैर क्रीज के अंदर था, लेकिन तीसरे अंपायर ने बॉलर के पक्ष में फैसला दिया। फिर टंग ने निचले क्रम के बल्लेबाजों को आउट किया, उसी ओवर में बोलैंड और नेसर, जो पारी के टॉप स्कोरर थे, को आउट करके ऑस्ट्रेलिया में अपना पहला पांच विकेट हॉल पूरा किया। इंग्लैंड की शुरुआत खराब रही। बेन डकेट ने जल्दी ही स्टार्क को मिड-ऑन पर कैच दे दिया, जबकि नेसर, जो अपना पहला रेड-बॉल टेस्ट खेल रहे थे, ने ऑफ साइड से बाहर जाती गेंद पर एज लगाकर जैकब बेथेल को आउट किया। जैक क्रॉली भी जल्द ही आउट हो गए, अपने शरीर से दूर जाती गेंद पर जोर से शॉट लगाने की कोशिश में, जिससे इंग्लैंड 8 रन पर 3 विकेट गंवाकर मुश्किल में आ गया। स्टीव स्मिथ ने दूसरे स्लिप पर यह कैच पकड़ा, जिससे वह एक फील्डर के तौर पर सबसे ज्यादा कैच लेने के मामले में राहुल द्रविड़ के 210 कैच के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ गए। सिर्फ जो रूट (214) के पास उनसे ज्यादा कैच हैं। फिर नेसर ने एक और विकेट लिया, रूट की क्रीज पर बेकार को. शिश को एक जाने-पहचाने बाहरी किनारे के साथ खत्म किया और अनुभवी बल्लेबाज को 15 गेंदों पर शून्य पर आउट कर दिया। यह उनके टेस्ट करियर का 15वां शून्य था। सात ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आए हैं। हैरी ब्रूक ने अगली गेंद पर छक्का मारा और गेंद के बार-बार गड़बड़ करने के बावजूद ट्रैक पर दौड़ने के लिए उत्सुक दिखे, लेकिन विडंबना यह है कि वह पगबाधा आउट हो गए, बोलैंड की एक गेंद पर क्रीज में फंस गए जो अंदर की तरफ आई थी।

## स्मिथ ने द्रविड़ का कैच रिकॉर्ड तोड़ा



**● राहुल द्रविड़ ने 164 टेस्ट में 210 कैच लपके थे, स्टीव स्मिथ 122 टेस्ट में 212 कैच के साथ राहुल द्रविड़ से आगे निकल गए हैं**

**मेलबर्न, वार्ता।** स्टीव स्मिथ ने एक फील्डर के तौर पर सबसे ज्यादा कैच लेने के मामले में राहुल द्रविड़ के 210 कैच के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया है। सिर्फ जो रूट (214) के पास उनसे ज्यादा कैच हैं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ इंग्लैंड की शुरुआत खराब रही। बेन डकेट ने जल्दी ही स्टार्क को मिड-ऑन पर कैच दे दिया, जबकि नेसर, जो अपना पहला रेड-बॉल टेस्ट खेल रहे थे, ने ऑफ साइड से बाहर जाती गेंद पर एज लगाकर जैकब बेथेल को आउट किया। जैक क्रॉली भी जल्द ही आउट हो गए, अपने शरीर से दूर जाती गेंद पर जोर से शॉट लगाने की कोशिश में, जिससे इंग्लैंड 8 रन पर 3 विकेट गंवाकर मुश्किल में आ गया। स्टीव स्मिथ ने दूसरे स्लिप पर यह कैच पकड़ा, जिससे वह एक फील्डर के तौर पर सबसे ज्यादा कैच लेने के मामले में राहुल द्रविड़ के 210 कैच के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ गए। सिर्फ जो रूट (214) के पास उनसे ज्यादा कैच हैं। राहुल द्रविड़ ने 164 टेस्ट में 210 कैच लपके थे जबकि स्मिथ 122 टेस्ट में 212 कैच के साथ द्रविड़ से आगे निकल गए हैं। जो रूट ने 162 टेस्ट में 214 कैच लपके हैं।

## 70 टीमें जूनियर नेशनल खो-खो चैंपियनशिप में भाग लेंगी

**लद्दाख, जम्मू-कश्मीर, पुदुचेरी, चंडीगढ़, दादर नगर हवेली और दिल्ली केंद्र शासित प्रदेश हैं जो चैंपियनशिप में में भाग ले रहे हैं**

**बेंगलुरु, वार्ता।** 44वीं जूनियर नेशनल खो खो चैंपियनशिप 2025-26 में लगभग 35 लड़कों और इतनी ही लड़कियों की टीमों के भाग लेने की उम्मीद है, जो 31 दिसम्बर, 2025 से 4 जनवरी, 2026 तक गुंजूर, बेंगलुरु में होगी।

लद्दाख, जम्मू और कश्मीर, पुडुचेरी, चंडीगढ़, दादरा और नगर हवेली और दिल्ली केंद्र शासित प्रदेश हैं जो चैंपियनशिप में भाग ले रहे हैं। राज्यों के अलावा, कोल्हापुर, विदर्भ और मध्य भारत जैसे मान्यता प्राप्त खो खो संघों का प्रतिनिधित्व करने वाली टीमें भी चैंपियनशिप में खिताब के लिए मुकाबला करेंगी, जो लीग-कम-नॉकआउट आधार पर होगी। सभी की निगाहें महाराष्ट्र पर होंगी, जिसने 25 से 29 नवम्बर, 2024 तक अलीगढ़, उत्तर प्रदेश में आयोजित 43वीं जूनियर नेशनल खो खो चैंपियनशिप लड़कों और लड़कियों दोनों श्रेणियों में खिताब जीता था। लड़कों और लड़िकयों दोनों श्रेणियों में प्री-क्वार्टर फाइनल मैच सुबह और क्वार्टर फाइनल मैच दोपहर में 03 जनवरी को होंगे। 04 जनवरी को, सेमीफाइनल सुबह और उसके बाद फाइनल होंगे। लड़कों और लड़िकयों दोनों टीमों को 8-8 समूहों में बांटा गया है। कर्नाटक राज्य खो खो संघ के अध्यक्ष श्री लोकेश्वरा ने कहा कि रेफरी के अलावा, तकनीकी अधिकारियों, कोचों और संघ के अधिकारियों सहित लगभग 25 अधिकारियों को चैंपियनशिप की तैयारियों और सुचारू संचालन के लिए तैनात किया गया है। खिलाड़ियों के रहने और खाने की व्यवस्था स्टेडियम के 3-4 किमी के दायरे में की गई है, और उनके आने-जाने के लिए 10 बसें लगाई गई हैं। चैंपियनशिप गुंजूर के अटल बिहारी वाजपेई स्टेडियम में आयोजित की जा रही है।खो खो फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष सुधांशु मित्तल ने कहा कि यह खो खो का एक फेस्टिवल है जिसमें देश भर के युवा टैलेंट टाइटल के लिए मुकाबला करते हैं। यह जूनियर टैलेंट के लिए अपने स्किल्स दिखाने का एक प्लेटफॉर्म भी है। टैलेंट की पहचान और उसे पहचानना खेल और खिलाड़ियों को बढ़ावा देने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, क्योंकि हम पूरी लगन से खो खो को एशियन गेम्स, कॉमनवेल्थ गेम्स और ओलंपिक्स में शामिल करने का लक्ष्य रखते हैं। भारत 9-14 मार्च, 2026 तक पहली कॉमनवेल्थ खो खो चैंपियनशिप की मेजबानी करेगा, जबकि 58वीं सीनियर नेशनल खो खो चैंपियनशिप (पुरुष और महिला) 2025-26 11-15 जनवरी, 2026 तक काजीपेट, तेलंगाना में और 35वीं सब-जूनियर नेशनल खो खो चैंपियनशिप (लड़के और लड़कियां) 2025-26 कुरुक्षेत्र, हरियाणा में 31 जनवरी 2026 से 4 फरवरी 2026 तक आयोजित की जाएगी।

## विराट-पंत की फिफ्टी, दिल्ली ने बनाए 252 रन




**● दिल्ली ने गुजरात के खिलाफ ट्रॉफी में एलीट ग्रुप डी मैच में शुक्रवार को 254 रन बनाए**

**बेंगलुरु, वार्ता।** स्टार बल्लेबाज विराट कोहली (77) के लगातार दूसरे अर्द्धशतक और कप्तान ऋषभ पंत (70) की शानदार पारियों की बदौलत दिल्ली ने गुजरात के खिलाफ विजय हजारे ट्रॉफी में एलीट ग्रुप डी मैच में शुक्रवार को 50 ओवर में नौ विकेट पर 254 रन का स्कोर बना लिया।

पिछले मैच में शतक जड़ने वाले विराट ने इस मुकाबले में अपनी फॉर्म जारी रखते 61 गेंदों में 13 चौकों और एक छक्के की मदद से 77 रन बनाए जबकि पंत ने 79 गेंदों पर 70 रन में आठ चौके और दो छक्के लगाए।

हर्ष त्यागी ने 40 और सिम. रजीत सिंह ने नाबाद 15 रन का योगदान दिया। गुजरात की तरफ से विशाल जायसवाल ने 42 रन देकर सर्वाधिक चार विकेट लिए।




## रोहित शून्य पर लुढ़के, लेकिन मुंबई ने उत्तराखंड को 51 रन से हराया

**जयपुर, वार्ता।** स्टार बल्लेबाज और पूर्व भारतीय कप्तान रोहित शर्मा विजय हजारे ट्रॉफी में एलीट ग्रुप सी मैच में उत्तराखंड के खिलाफ शुक्रवार को शून्य पर लुघ्क गए लेकिन मुंबई ने उत्तराखंड को 51 रन से हरा दिया। मुंबई ने सात विकेट पर 331 रन का मजबूत स्कोर बनाने के बाद उत्तराखंड को नौ विकेट पर 280 रन पर रोक दिया।

उत्तराखंड की तरफ से ओपनर युवराज चौधरी ने 96 रन की शानदार पारी खेली। इससे पहले पिछले मैच के शतकधारी रोहित को देवेंद्र सिंह बोरा ने आउट किया। लेकिन मुशीर खान (55), सरफराज खान (55) और प्लेयर ऑफ द मैच हार्दिक तामोरे ने नाबाद 93 रन का योगदान देकर मुंबई को मजबूत स्कोर तक पहुंचाने में मदद की। शम्स मुलानी ने 48 रन बनाए। उत्तराखंड की तरफ से बोरा 74 रन पर तीन विकेट लेकर सबसे सफल रहे।

## रिंकू ने 56 गेंदों में जड़ा शतक

**● रिंकू सिंह की तूफानी पारी की बदौलत यूपी ने चंडीगढ़ को 227 रनों से दी मात**



**राजकोट, वार्ता।** टी-20 विश्व कप से पहले उत्तर प्रदेश के स्टार बल्लेबाज रिंकू सिंह ने विजय हजारे ट्रॉफी में एलीट ग्रुप बी मैच में चंडीगढ़ के खिलाफ तूफानी बल्लेबाजी करते हुए शानदार शतक जड़ा।

रिंकू ने महज 60 गेंदों पर नाबाद 106 रन बनाकर अपनी टीम को विजय हजारे ट्रॉफी ग्रुप बी मुकाबले में 4 विकेट के नुकसान पर 367 रन के विशाल स्कोर तक पहुंचाया जिसके जवाब में चंडीगढ़ की टीम 29.3 ओवर में 140 रन पर लुढ़क गई। यूपी की तरफ से जीशान अंसारी ने 29 रन देकर चार विकेट लिए। आर्यन जुयाल को उनकी 134 रन की पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला। इससे पहले रिंकू ने चौकों और छक्कों की बारिश करते हुए 11 चौके और 4 गगनचुंबी छक्के लगाए। रिंकू के अलावा आर्यन जुयाल ने भी शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन किया। उन्होंने 118 गेंदों पर 134 रन की तेज पारी खेली, जिसमें 7 चौके और 8 छक्के शामिल रहे। वहीं, ध्रुव जुरेल ने भी अहम योगदान देते हुए 57 गेंदों पर 11 चौकों की मदद से 67 रन बनाए। इसके अलावा समीर रिजवी ने 36 रन जोड़े, जबकि प्रशांत वीर 12 रन बनाकर नाबाद रहे। चंडीगढ़ ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया था। उत्तर प्रदेश की शुरुआत हालांकि खराब रही और महज 2-1 ओवर में सलामी बल्लेबाज अभिषेक गोस्वामी एक रन बनाकर आउट हो गए। इसके बाद आर्यन जुयाल और ध्रुव जुरेल ने पारी को संभालते हुए दूसरे विकेट के लिए 98 रन की साझेदारी की और टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश ने इससे पहले हैदराबाद को हराकर टूर्नामेंट में शानदार आगाज किया था।

## ब्रजेश पाठक ने पीएम को दिया नेशनल बॉलीबॉल चैंपियनशिप का निमंत्रण

**● ब्रजेश पाठक ने 'एक्स' पर पोस्ट किया कि पीएम से आत्मीय भेंट कर स्नेहिल सानिध्य और मार्गदर्शन प्राप्त हुआ**

**लखनऊ/दिल्ली, वार्ता।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात कर उन्ह चार से 11 जनवरी तक वाराणसी में आयोजित होने वाली नेशनल बॉलीबॉल चैंपियनशिप में शामिल होने का निमंत्रण दिया। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के साथ वाराणसी के महापौर अशोक तिवारी भी मौजूद रहे। मुलाकात के बाद ब्रजेश पाठक ने 'एक्स' पर पोस्ट किया ष प्रधानमंत्री से आत्मीय भेंट कर स्नेहिल सानिध्य और मार्गदर्शन प्राप्त हुआ तथा उनके बहुमूल्य समय के लिए आभार व्यक्त किया। इस मुलाकात को राजनी. तिक नजरिए से भी अहम माना जा रहा है। हाल ही में लखनऊ में भाजपा के ब्राह्मण विधायकों की बैठक के बाद प्रदेश की राजनीति में चर्चाएं तेज हैं। 23 दिसम्बर 2025 को कुशीनगर से भाजपा विधायक पीएन के आवास पर हुई इस बैठक में करीब 40-50 ब्राह्मण विधायक और एमएलसी शामिल हुए थे। बैठक में ब्राह्मण समाज की घटती राजनीतिक भागीदारी, जातिगत संतुलन और विभिन्न सामुदायिक मुद्दों पर मंथन किया गया। गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश में कुल 52 ब्राह्मण विधायक हैं, जिनमें से 46 भारतीय जनता पार्टी से हैं। ऐसे में पाठक की पीएम से यह मुलाकात खेल आयोजन के निमंत्रण के साथ-साथ सियासी दृष्टि से भी महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

## टी-20 वर्ल्ड कप 2026 ट्रॉफी टूर ने डीपी वर्ल्ड के साथ कतर-ओमान का दौरा किया



**कतर में, ट्रॉफी एक पारंपरिक धो नाव से दोहा कॉर्निश पहुंची, जो शहर के स्काईलइन के सामने थी**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत में राम सेतु के नाम से मशहूर, सांस्कृतिक रूप से पूजनीय एडम ब्रिज पर अपने शानदार लॉन्च के बाद, डीपी वर्ल्ड के साथ आईसीसी पुरुष टी-20 वर्ल्ड कप 2026 ट्रॉफी टूर ने कतर और ओमान में अपना सफर सफलतापूर्वक पूरा किया। इस दौरान दोनों देशों के प्रमुख शहरों और मशहूर जगहों पर फैंस, छात्रों और समुदायों को शामिल किया गया। कतर में, ट्रॉफी एक पारंपरिक धो नाव से दोहा कॉर्निश पहुंची, जो शहर के स्काईलइन के सामने थी। यह देश की समुद्री विरासत और ग्लोबल खेल में उसकी बढ़ती भूमिका का प्रतीक था। देश भर की अपनी यात्रा के दौरान, ट्रॉफी ने कतर के कई सबसे मशहूर जगहों का दौरा किया, जिनमें सीलाइन बीच, एस्पायर जोन (जिसे दोहा स्पोर्ट्स सिटी के नाम से भी जाना जाता है), कटारा कल्चरल विलेज, सूक वकीफ और लुसैल बुलेवार्ड शामिल हैं। इन पड़ावों ने फैंस को ट्रॉफी के साथ जुड़ने का मौका दिया, साथ ही कतर की विरासत और आधुनिक विकास के मेल को भी दिखाया। इस टूर का मुख्य फोकस सामुदायिक जुड़ाव पर था। ट्रॉफी को एक केंद्रीय सार्वजनिक सभा स्थल पर सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित किया गया, जिसमें राष्ट्रीय खिलाड़ी, दूतावास और सामुदायिक नेता मौजूद थे, जिससे फैंस को ऑन-ग्राउंड एक्टिवेशन और फोटो के अवसरों के माध्यम से जुड़ने का मौका मिला। यह टूर स्कूलों और विश्वविद्यालयों तक भी पहुंचा, जिसमें बिरला पब्लिक स्कूल, यूडीएसटी यूनिवर्सिटी और कतर फाउंडेशन शामिल हैं, जिससे हजारों छात्र जुड़े और खेल के माध्यम से समावेशिता को बढ़ावा मिला। कतर फाउंडेशन में विशेष बातचीत में समावेशी पहलों पर प्रकाश डाला गया, जिसमें ऑटिज्म से पीड़ित बच्चों के साथ जुड़ाव भी शामिल था। देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले कार्यबल को सम्मान देने के लिए, एशियन टाउन में एक विशेष एक्टिवेशन आयोजित किया गया, जिसमें दक्षिण एशियाई समुदाय और क्रिकेट के प्रति उनके प्यार का जश्न मनाया गया। कतर का सफर रेगिस्तान में सूर्यास्त के समय ट्रॉफी के प्रदर्शन के साथ समाप्त हुआ, जो देश में टूर के एक यादगार अध्याय के अंत का प्रतीक था। कतर के बाद, ट्रॉफी ओमान पहुंची, जहां इसने खेल स्थलों, सांस्कृतिक स्थलों और सार्वजनिक स्थानों का दौरा किया। प्रमुख पड़ावों में मुत्तरा किला, सुल्तान कबूस ग्रैंड मस्जिद, रॉयल ओपेरा हाउस मस्कट, ओमान अक्रॉस एजेस म्यूजियम, जबल अखदर व्यूप्वाइंट और कुरम बीच शामिल थे, जो फैंस के साथ बातचीत और मीडिया जुड़ाव के लिए सुंदर पृष्ठभूमि प्रदान करते थे। इस टूर का फोकस इंडियन स्कूल मस्कट और इंडियन स्कूल अल वादी अल कबीर जाकर युवाओं और फैंस को जोड़ने पर था, जिससे स्टूडेंट्स को ट्रॉफी को करीब से देखने का मौका मिला।

## नोएडा निजास ने कानपुर वॉरियर्स को मात दी

**नोएडा, वार्ता।** उत्तर प्रदेश के नोएडा सेक्टर 21 ए स्थित नोएडा इनडोर स्टेडियम में देर रात गुरुवार को यूपी कबड्डी लीग सीजन दो प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया।

अकस्मात शुरू हुए देर रात कबड्डी प्रतियोगिता का पहला मुकाबला नोएडा निजास और कानपुर वारियर्स के बीच हुआ जहां नोएडा निजास ने कानपुर वारियर्स के 39-36 से मात देकर जीत दर्ज की। उत्तर प्रदेश कबड्डी सीजन दो प्रतियोगिता के आयोजकों द्वारा शुक्रवार को जानकारी दी गई कि उत्तर प्रदेश कबड्डी लीग सीजन दो प्रतियोगिता की शुरुआत गत बुधवार को होना था, जिसके लिए आयोजकों द्वारा जिला प्रशासन एवं खेल संबंधी प्रशासन से अनुमति में देरी होने के चलते ए समस्या सामने आई जिस कारण जिला प्रशासन द्वारा बढ़ते प्रदूषण के स्तर पर ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान चतुर्थ के अंतर्गत पाबंदियों अथवा निर्देशों का हवाला देते हुए कबड्डी खेल आयोजन को स्थगित कर दिया गया था,जो 24 दिसम्बर तय तारीख के मुताबिक आयोजित नहीं की जा सकी, अथवा कुछ समय पश्चात जिला प्रशासन के जारी निर्देशों के अनुपालन के तहत कबड्डी खेल परिसर में एयर प्यूरिफायर और मास्क लगाने की अनिवार्य शर्त पर आयोजन के लिए मंजूरी दे दी गई।

## सम्पादकीय

शनिवार , 27 दिसम्बर 2025

# देर से उठाया कदम

आखिरकार भारत ने बांग्लादेश के प्रति अपना रुख सख्त कर दिया है, लेकिन देर हो चुकी है। जब दीपू दास की हत्या हुई थी, उसी समय भारत की प्रतिक्रिया आनी चाहिए थी, लेकिन अब तक चार अल्पसंख्यकों की हत्या के बाद भारत की प्रतिक्रिया सामने आई है, जिसे देर से उठाया जा रहा कदम बताया जा रहा है। किसी भी देश में वहां के नागरिकों की सुरक्षा की जिम्मेदारी वहां की सरकार की होती है, लेकिन भारत ने इस पर कोई कदम नहीं उठाया था। दीपू दास की हत्या के बाद भारत में प्रदर्शन हुए, राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन भेजे गए, तब कहीं जाकर भारत सरकार ने अपना मुंह खोला है। विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हिंसा, एचवन बी वीजा, ऑस्ट्रेलिया टेरर अटैक और कनाडा में भारतीय छांत्र की मौत मामले पर प्रतिक्रिया दी। बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हो रही हिंसा के मामले को लेकर मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल का कहना है कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के खिलाफ जो हो रहा है वो चिंता का विषय है। हम बांग्लादेश में हाल ही में एक हिंदू युवक की हत्या की निंदा करते हैं। इस अपराध के दोषियों को न्याय के कटघरे में लाया जाएगा। भारत का हमेशा यह ध्येय रहा है कि पड़ोसी देशों से संबंध अच्छे रहे, लेकिन यूनुस सरकार ने इन संबंधों पर पानी फेर दिया। भारत बांग्लादेश के लोगों के साथ अपने संबंधों को मजबूत करने के पक्ष में है। बांग्लादेश में शांति और स्थिरता चाहता हैं। सरकार को देश के नागरिकों से कई शिकायतें मिली हैं, जिन्हें अपने वीजा अपाइंटमेंट को रीशेड्यूल करने में दिक्कतें आ रही हैं। वीजा से जुड़े मुद्दे किसी भी देश के संप्रभु अधिकार क्षेत्र में आते हैं। इन मुद्दों और अपनी चिंताओं को भारत ने अमेरिकी पक्ष के सामने उठाया है। उल्लेखनीय है कि बुधवार को बांग्लादेश में भीड़ ने जबरन वसूली के आरोप में अमृत मंडल नामक हिंदू शख्स को पीट-पीटकर मार डाला। इससे पहले मैमनसिंह के भालुका में कथित ईशनिंदा के आरोप में 25 साल के हिंदू गारमेंट फैक्ट्री वर्कर दीपू चंद्र दास की भी भीड़ ने हत्या कर दी थी,जिसको लेकर भारतभर में विरोध प्रदर्शन हुए थे। अब इस मामले में बालीवुड के अभिनेता और अभिनेत्रियां सामने आने लगे हैं। सभी ने बांग्लादेश में हुई हत्याओं की कड़ी निंदा की है और इसे नरसंहार का नाम दे डाला है।हम दुनिया के दूसरे छोर पर हो रही घटनाओं पर रोते रहेंगे, जबकि हमारे अपने भाई-बहन जलाकर मार दिए जा रहे हैं। किसी भी रूप में मौजूद उग्रवाद की निंदा और विरोध करना जरूरी है, इससे पहले कि हम अपनी इंसानियत को भूल जाएं।

## राहुल गांधी की गतिविधियों पर नजर



राहुल गांधी के विदेश दौरों के दौरान भारतीय दूतावास के अधिकारी उन पर नजर रखते हैं और कई बार विदेशी नेताओं से उन्हें न मिलने को कहा जाता है, मैने खुद देखा है कि राहुल गांधी के होटल, मीटिंग्स और एयरपोर्ट पर उनकी गतिविधियों पर नजर रखी जाती है, हालांकि इसके सबूत नहीं हैं, लेकिन अनुभव के आधार पर यह बात कह रहा हूं, भाजपा के राहुल पर देश की छवि को नुकसान पहुंचाने के आरोप बेबुनियाद हैं , विदेश यात्राएं अचानक तय नहीं होतीं, बल्कि महीनों पहले से उनका कार्यक्रम बनता है, सच तो सच होता है, चाहे वह भारत में बोला जाए या विदेश में, डबल स्टैंडर्ड नहीं हो सकते, राहुल गांधी या कांग्रेस का किसी भी तरह के एंटी-इंडिया नेटवर्क से कोई संबंध नहीं है। सब बकवास है। **-सैम पित्रोदा, चेयरमैन, ओवरसीज कांग्रेस**

# देश को याद आ रहे आर्थिक संकट से उबारने वाले डा. मनमोहन सिंह


डॉ. मनमोहन सिंह भारतीय राजनीति के ऐसे व्यक्तित्व रहे हैं जिनका नाम आते ही सादगी, ईमानदारी, विद्वता और दूरदर्शिता का भाव स्वत: मन में उभर आता है। वे केवल एक प्रधानमंत्री नहीं थे, बल्कि आधुनिक भारत की आर्थिक नींव को मजबूती देने वाले एक ऐसे शिल्पकार थे जिनकी सोच, निर्णय और कार्यशैली ने देश की दिशा ही बदल दी। उनका जीवन इस बात का उदाहरण है कि शांत स्वभाव, गहरी समझ और निस्वार्थ भावना के साथ भी कोई व्यक्ति देश को नई ऊंचाइयों तक पहुंचा सकता है।

डॉ. मनमोहन सिंह का जन्म 26 सितम्बर 1932 को तत्कालीन अविभाजित भारत के गाह (अब पाकिस्तान में) नामक गांव में हुआ था। विभाजन के समय उन्होंने अपने परिवार के साथ भारत आकर कठिन परिस्थितियों में जीवन की नई शुरुआत की। बचपन से ही वे अत्यंत मेधावी थे। पढ़ाई के प्रति उनकी लगन इतनी गहरी थी कि सीमित संसाधनों के बावजूद उन्होंने शिक्षा को ही अपना सबसे बड़ा हथियार बनाया। पंजाब विश्वविद्यालय से स्नातक करने के बाद वे कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय पहुंचे और फिर ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय से अर्थशास्त्र में डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त की। यह अपने आप में एक असाधारण उपलब्धि थी, क्योंकि उस दौर में विदेश जाकर उच्च शिक्षा प्राप्त करना आसान नहीं था।

शिक्षा पूरी करने के बाद उन्होंने अध्यापन और शोध को अपना प्रारंभिक क्षेत्र बनाया। दिल्ली स्कूल ऑफ इकनॉमिक्स और पंजाब विश्वविद्यालय जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों में उन्होंने छात्रों को अर्थशास्त्र पढ़ाया। उनके व्याख्यानों में गहराई, तार्किकता और व्यावहारिक दृष्टिकोण साफ झलकता था। धीरे-धीरे उनकी पहचान एक गंभीर और विद्वान अर्थशास्त्री के रूप में बनने लगी। यही कारण था कि उन्हें भारत सरकार में आर्थिक मामलों से जुड़े कई महत्वपूर्ण पदों पर कार्य करने का अवसर मिला।

डॉ. मनमोहन सिंह का प्रशासनिक जीवन बेहद प्रभावशाली रहा। वे भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर बने, योजना आयोग के उपाध्यक्ष रहे और बाद में प्रधानमंत्री के आर्थिक सलाहकार भी बने। इन सभी पदों पर रहते हुए उन्होंने हमेशा देशहित को सर्वोपरि रखा। वे निर्णय लेने से पहले गहराई से सोचते थे और किसी भी मुद्दे को भावनाओं के बजाय तथ्यों और आंकड़ों के आधार पर परखते थे। उनकी यही विशेषता उन्हें एक असाधारण नीति-निर्माता बनाती है। साल 1991 भारत के इतिहास का एक निर्णायक मोड़ था। देश गंभीर आर्थिक संकट से गुजर रहा था। विदेशी मुद्रा भंडार लगभग समाप्त हो चुका था, महंगाई बढ़ रही थी और आर्थिक व्यवस्था चरमराने लगी थी। ऐसे समय में प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव ने डॉ. मनमोहन सिंह को वित्त मंत्री नियुक्त किया। यह एक साहसिक निर्णय था, क्योंकि वे राजनीति में सक्रिय नहीं थे, लेकिन उनकी काबिलियत पर पूरा देश भरोसा करता था।

वित्त मंत्री के रूप में डॉ. मनमोहन सिंह ने जो ऐतिहासिक फैसले लिए, उन्होंने भारत की आर्थिक तस्वीर ही बदल दी। उन्होंने उदारीकरण, निजीकरण और वैश्वीकरण की नीति को अपनाया, जिसे आमतौर पर एलपीजी सुधार कहा जाता है। लाइसेंस राज की समाप्ति, विदेशी निवेश को बढ़ावा, उद्योगों को स्वतंत्रता, आयात-निर्यात में सरलता और बैंकिंग सुधार जैसे कदमों ने भारतीय अर्थव्यवस्था को नई गति दी। यह वही दौर था जब भारत विश्व अर्थव्यवस्था से मजबूती से जुड़ना शुरू हुआ। आज जो भारत एक उभरती हुई आर्थिक शक्ति के रूप में देखा जाता है, उसकी नींव उसी समय रखी गई थी। साल 2004 में डॉ. मनमोहन सिंह देश के प्रधानमंत्री बने। यह अपने आप में एक ऐतिहासिक क्षण था, क्योंकि वे स्वतंत्र भारत के पहले ऐसे प्रधानमंत्री थे जो सीधे तौर पर राजनीति की पारंपरिक पृष्ठभूमि से नहीं आए थे। उन्होंने कभी आक्रामक भाषण नहीं दिए, न ही वे दिखावे में विश्वास रखते थे।




उनकी ताकत उनके काम, उनकी ईमानदारी और उनकी दूरदृष्टि थी। प्रधानमंत्री के रूप में उनके कार्यकाल को विकास, स्थिरता और सामाजिक कल्याण के लिए जाना जाता है। उनके नेतृत्व में भारत ने आर्थिक मोर्चे पर उल्लेखनीय प्रगति की। देश की विकास दर तेज हुई, विदेशी निवेश बढ़ा और भारत को वैश्विक मंच पर एक जिम्मेदार और भरोसेमंद राष्ट्र के रूप में पहचान मिली। उन्होंने सूचना प्रौद्योगिकी, दूरसंचार, शिक्षा और बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में बड़े सुधार किए। उनकी सरकार की सबसे बड़ी उपलब्धियों में मनरेगा योजना मानी जाती है, जिसने ग्रामीण भारत को रोजगार की गारंटी दी। इस योजना ने करोड़ों गरीब परिवारों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान की और गांवों की अर्थव्यवस्था को मजबूत किया। शिक्षा के क्षेत्र में सर्व शिक्षा अभियान और शिक्षा का अधिकार कानून जैसे कदमों ने देश के भविष्य को मजबूत आधार दिया। स्वास्थ्य के क्षेत्र में राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन ने दूर-दराज के इलाकों तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाईं। विदेश नीति के क्षेत्र में भी डॉ. मनमोहन सिंह का योगदान उल्लेखनीय रहा। उन्होंने अमेरिका के साथ परमाणु समझौता कर भारत को वैश्विक परमाणु शक्ति के रूप में मान्यता दिलाई। यह समझौता भारत के लिए ऊर्जा सुरक्षा के लिहाज से अत्यंत महत्वपूर्ण था। इसके अलावा उन्होंने पड़ोसी देशों के साथ संबंध सुधारने, व्यापार बढ़ाने और शांति बनाए रखने पर भी जोर दिया। वे हमेशा संवाद और सहयोग के पक्षधर रहे। डॉ. मनमोहन सिंह की सबसे बड़ी विशेषता उनकी ईमानदारी थी। राजनीति में रहते हुए भी उनके ऊपर कभी व्यक्तिगत भ्रष्टाचार का कोई दाग नहीं लगा। वे एक साधारण जीवन जीते थे, सादे कपड़े पहनते थे और बिना किसी दिखावे के अपना कार्य करते थे। सत्ता में रहते हुए भी उन्होंने कभी अपनी मर्यादा नहीं छोड़ी। वे आलोचनाओं से विचलित नहीं होते थे और चुपचाप अपना काम करते रहते थे। उनके आलोचक भी इस बात से इंकार नहीं कर सकते कि वे एक सच्चे राष्ट्रभक्त और विद्वान नेता थे। उनका जीवन और कार्य आने वाली पीढ़ियों को हमेशा प्रेरित करता रहेगा और भारतीय इतिहास में उनका स्थान सदैव सम्मान के साथ सुरक्षित रहेगा। **-मौ. इमरान**

# भयंकर तेजी से क्यों पिघल रहे ग्लेशियर

**ग्लेशियरों का कम होना बढ़ते वैश्विक तापमान के सबसे भयावह परिणामों में से एक है। ग्लेशियरों के पिघलने से समुद्र तल में वृद्धि होती है जिससे तटीय क्षरण बढ़ता है। इसके साथ ही साथ उग्र तटीय तूफान पैदा होते रहते हैं क्योंकि समुद्री तापमान में वृद्धि होती है और गर्म हवाएं बहुत तेज रफ्तार से चलती हैं, जिससे समुद्री बर्फ और ग्लेशियर पिघलते हैं और महासागर गर्म होते हैं। समुद्र की धाराएं दुनिया भर में मौसम व समुद्री जीव-जंतुओं को प्रभावित करती हैं। ग्लेशियरों के पिघलने से जैव विविधता को नुकसान पहुंचता है और जीव-जंतुओं की दुर्लभ प्रजातियां खत्म होने लगती हैं। इसके अलावा ग्लेशियरों के पिघलने से दीर्घावधि में ताजे पानी की मात्रा में कमी आ सकती है। साथ ही समुद्र के किनारे बसे शहरों के जलमग्न होने का खतरा भी है।**

पृथ्वी पर करीब 2 लाख ग्लेशियर (हिमनद) हैं, किंतु अब ग्लोबल वार्मिंग एवं बढ़ते प्रदूषण के कारण दुनिया भर के ग्लेशियरों का पिघलना तेजी से बढ़ रहा है। पॉट्सडैम इंस्टिट्यूट फॉर क्लाइमेट चेंज इंपैक्ट में जलवायु प्रोफेसर का कहना है कि पिछले 100 सालों में दुनिया के समुद्र तल में 35 फीसदी इजाफा ग्लेशियरों के पिघलने की वजह से हुआ है।

जर्नल दी क्रायोस्फियर में प्रकाशित शोध के अनुसार बर्फ अब 65 प्रतिशत ज्यादा तेजी से पिघल रही है। 1994 से 2017 के बीच 28 लाख करोड़ टन बर्फ पिघल चुकी है। किलिमंजारो पहाड़ों की बर्फ 1912 के बाद से 80 प्रतिशत से अधिक पिघल गई है। भारत में गढ़वाल हिमालय में ग्लेशियर के तेजी से पिघलने के आधार पर वैज्ञानिकों का मानना है कि अधिकांश मध्य और पूर्वी हिमालय के ग्लेशियर 2035 तक गायब हो सकते हैं। कुछ समय पूर्व ही अंटार्कटिका में दुनिया का सबसे बड़ा हिमखंड 'ए-76' टूट कर अलग हुआ है। इसका कुल क्षेत्रफल 4320 वर्ग किलोमीटर है। यह हिमखंड अंटार्कटिका में मौजूद ग्लेशियर रोने आइस शेल्फ के पश्चिमी हिस्से से टूटकर वेडेल सागर में गिरा है।

शोधकर्ताओं के अनुसार तेजी से बर्फ पिघलने के कारण समुद्र का जल स्तर तेजी से बढ़ रहा है, जिसके कारण पूरी दुनिया पर बड़ा संकट आ रहा है। ग्लेशियरों के पिघलने से दुनिया के उन लोगों पर असर पड़ेगा जिनके लिए ग्लेशियर ही पानी का प्रमुख स्रोत हैं। इससे अकेले दक्षिण-पूर्व एशिया में ही 70 करोड़ लोगों के जीवन पर असर पड़ेगा। हिमालय के ग्लेशियर आस-पास रहने वाले 25 करोड़ लोगों और ऐसी नदियों को पानी देते हैं जो करीब 1.65 अरब लोगों के लिए भोजन, ऊर्जा और कमाई का साधान है।



नेदरलैंड्स की डेल्फ्ट यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी के हैरी जोकोलारी के अनुसार ज्यादातर लोग इस बात का महत्व नहीं समझते कि बर्फ की विशाल संरचनाएं कितनी जरूरी हैं। एक स्वस्थ ग्लेशियर गर्मी में थोड़ा पिघलता है और सर्दियों में और बड़ा बन जाता है। इसका मतलब है कि लोगों को जब पानी की ज्यादा जरूरत होती है तो उन्हें ग्लेशियर से पानी मिलता है। प्रमुख शोधकर्ता व लीड्स विश्वविद्यालय के प्रो. थॉमस स्लेटर का अनुमान है कि समुद्री जल स्तर में हर एक सेंटीमीटर की वृद्धि से करीब एक लाख लोग विस्थापित होंगे। इसके साथ ही प्राकृतवासों व वन्य जीवों पर भी खतरा है। हाल ही में विश्व मौसम विज्ञान संगठन की स्टेट ऑफ ग्लोबल क्लाइमेट रिपोर्ट 2020 से पता चला है कि 2020 इतिहास का सबसे गर्म वर्ष था। नेशनल ओशिएनिक एंड एटमॉस्फेरिक एडमिनिस्ट्रेशन (एनओएए) के नेशनल सेंटर फॉर एनवायर्नमेंटल इंफॉर्मेशन (एनसीईआई) द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2021 इतिहास का छठा सबसे गर्म वर्ष था। रिपोर्ट के अनुसार पिछले वर्ष तापमान 20वीं सदी के औसत तापमान से 0.84 डिग्री सेल्सियस ज्यादा दर्ज किया गया था। स्पष्ट है पृथ्वी अब तेजी से गर्म होती जा रही है जिसका असर ग्लेशियरों पर हो रहा है। आईपीसीसी की रिपोर्ट में बताया गया है कि यदि हम ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन को रोकने में सफल हो जाएं और दुनिया के तापमान में बढ़त को उद्योग-पूर्व स्तर से 1.5 डिग्री सेल्सियस अधिक पर सीमित कर दिया जाए तब भी एशिया के ऊंचे पर्वतों के ग्लेशियर अपनी एक तिहाई बर्फ खो सकते हैं। पहाड़ों के ऊपर उड़ने वाली धूल तेजी से बर्फ को पिघला रही है, क्योंकि धूल में सूरज की रोशनी अवशोषित हो जाती है जिसकी वजह से बढ़ी गर्मी के कारण बर्फ पिघलने लगती है।


**( स्रोत फीचर्स )**

# नर्वस सिस्टम में धीरे-धीरे बढ़ता है पर्किंसन रोग

पर्किंसन रोग नर्वस सिस्टम में धीरे-धीरे बढ़ता एक डिसऑर्डर है जिससे पूरे शरीर की गतिविधि प्रभावित होती है। शुरू में धीरे-धीरे इसके बढ़ते रहने के कारण आमतौर पर इसके कोई लक्षण नजर नहीं आते हैं या बमुश्किल किसी हाथ में कंपकंपी महसूस होती है। आम तौर पर हाथों में कंपकंपी से ही पर्किंसन की मौजूदगी की पुष्टि हो जाती है, लेकिन इसके साथ ही जकडन या शारीरिक गतिविधियों में धीमापन या अति संवेदनशीलता जैसे लक्षण भी प्रकट हो सकते हैं। शुरुआती चरणों में चेहरे पर शायद कोई लक्षण न दिखे या टहलते समय बाजुओं में कोई झटका महसूस न हो सके, लेकिन जुबान धीमी या अस्पष्ट हो सकती है और रोग बढने के साथ ही ये लक्षण बदतर होने लगते हैं। ऐसी स्थिति में किसी अनुभवी न्यूरोलॉजिस्ट से तत्काल संपर्क करना जरूरी है।

पर्किंसन रोग में मस्तिष्क के कुछ स्नायु तंत्र (न्यूरॉन) धीरे-धीरे कमजोर या मृतप्राय होने लगते हैं। कई लक्षण उन न्यूरॉन की क्षति के कारण बढ़ जाते हैं जो आपके मस्तिष्क तक रासायनिक संदेशवाहक यानि डोपेमाइन बनाते हैं। डोपेमाइन का स्तर जब कम हो जाता है तो इससे मस्तिष्क की गतिविधि असामान्य होने लगती है, जिससे पर्किंसन के लक्षण सामने आने लगते हैं। पर्किंसन रोग की वजह अभी तक अज्ञात है, लेकिन इसके पनपने में कई कारक जिम्मेदार माने जाते हैं, जिनमें शामिल हैं- आनुवांशिक, पर्यावरण प्रभाव, लेवी बॉडीज की मौजूदगी। इसके रिस्क फैक्टर्स है:-उम्र, वंशानुगत, लिंग, टॉक्सिन की चपेट में आना: इसके लक्षण और संकेत अलग-अलग तरह के लोगों पर अलग-अलग तरह के हो सकते हैं। शुरुआती लक्षण बहुत मामूली और न पहचाने जाने लायक हो सकते हैं। अक्सर ये लक्षण शरीर के एक हिस्से से शुरू होते हैं और जब तक शरीर के दोनों तरफ लक्षणों का असर होता है, तब तक अमूमन वह हिस्सा बहुत बिगड़ चुका होता है। कंपकंपी, धीमी गतिविधि, सख्त मांसपेशियां, शरीर की असाधारण मुद्रा और संतुलन, स्वाभाविक गतिविधियों पर विराम, बोली में बदलाव, लिखावट में बदलाव। सबसे अच्छा होगा कि मेडिकल स्थिति के आधार पर किसी अनुभवी न्यूरोलॉजिस्ट से जांच करवाएं, शारीरिक जांच कराएं और इसके लक्षणों और संकेतों का मूल्यांकन करें। एमआरआई, मस्तिष्क की अल्ट्रासाउंड, एसपीईसीटी और पीईटी स्कैन जैसी इमेजिंग जांच भी दूसरे तरह के डिसऑर्डर का पता लगाने में मददगार साबित हो सकती है।

इमेजिंग टेस्ट सिर्फ पर्किंसन्स रोग की डायग्नोसिस में मददगार नहीं होती है। कई बार पर्किंसन रोग की पहचान करने में बहुत समय लग जाता है। डॉक्टर आपकी स्थिति और समय के साथ आपके लक्षणों का मूल्यांकन करने तथा पर्किंसन्स रोग की पहचान करने के लिए मूवमेंट डिसऑर्डर में प्रशिक्षित न्यूरोलॉजिस्टों से नियमित रूप से परामर्श लेते रहने की सलाह दे सकते हैं। डीप ब्रेन स्टिमुलेशन (डीबीएस) में सर्जन आपके मस्तिष्क के एक खास हिस्से में इलेक्ट्रोड का प्रत्यारोपण करते हैं। ये इलेक्ट्रोड्स आपके कॉलरबोन के पास आपके सीने में इंप्लांट किए गए जनरेटर से जुड़े होते हैं, जिससे आपके मस्तिष्क तक इलेक्ट्रिकल पल्स भेजे जाते हैं और आपके पर्किंसन रोग के लक्षणों को कम किया जा सकता है। डीप ब्रेन स्टिमुलेशन अक्सर एडवांस स्टेज में पहुंच चुके पर्किंसन पीड़ितों को दिया जाता है, जिन पर दवाइयों का असर खत्म हो जाता है। डीबीएस चिकित्सा स्थिति के उतार-चढ़ाव को स्थिर कर सकता है, अस्वाभाविक गतिविधियों (डिसकिनेसियास) को कम या रोक सकता है, कंपकंपी, अकड़न को कम कर सकता है और सामान्य गतिवधियों में आई कमी को सुधार सकता है। डिसकिनेसियास पर नियंत्रण पाने के लिए ली जा रही दवाइयों का असर प्रभावी बनाने के लिए डीबीएस कारगर होता है। हालांकि डीबीएस उन समस्याओं में मददगार नहीं होता, जिनमें कंपकंपी के अलावा चिकित्सा पद्धति का कोई असर नहीं होता। कंपकंपी यदि दवाइयों से बहुत ज्यादा नियंत्रित नहीं हो पाती है, तो इसे डीबीएस से नियंत्रित किया जा सकता है। पीडी के लक्षणों को कम करने के लिए दवाइयों का तात्कालिक प्रभाव ही होता है। जब किसी व्यक्ति पर दवाइयों का प्रभावी असर रहता है तो उसे ऑन-फेज कहा जाता है और जब दवाइयां उस पर बेअसर हो जाती है तो उसे ऑफ फेज कहा जाता है। एक समय बाद शरीर पर दवाइयों का प्रभाव खत्म हो जाता है और दवाइयां लेने की दर बढ़ जाती है। मरीज को यदि दिन में तीन बार दवाइयां लेने की सलाह दी जाती है तो प्रभाव कम होते रहने के कारण उस पर दिन में आठ से ज्यादा बार भी दवाइयां लेनी पड़ सकती है। इससे उसके जीवन की गुणवत्ता प्रभावित होती है, क्योंकि उसमें कई बार ऑन और ऑफ प्रभाव की स्थिति में जीना पड़ जाता है। डीबीएस मरीज पर लगातार 24 घंटे तक प्रभावी रहता है। इससे डिसकिनेसियास की स्थिति से भी निपटा जा सकता है जिस कारण अस्वाभाविक गतिविधियां रुक जाती हैं। इसके अलावा डीबीएस कंपकंपी में उतार-चढ़ाव नहीं आने देता है, जैसाकि दवाइयां लेने से होता है। दवाइयां अनिश्चित लक्षणों के प्रभाव को कम कर सकती हैं और काम पर जाने या खरीदारी करने की योजना बनाने वाले मरीजों में अटैक का खतरा बना रह सकता है क्योंकि दवाइयों का असर किसी भी वक्त कम हो सकता है जिससे उनके जीवन की गुणवत्ता प्रभावित हो सकती है।



**इमेजिंग टेस्ट सिर्फ पर्किंसन्स रोग की डायग्नोसिस में मददगार नहीं होती है। कई बार पर्किंसन रोग की पहचान करने में बहुत समय लग जाता है। डॉक्टर आपकी स्थिति और समय के साथ आपके लक्षणों का मूल्यांकन करने तथा पर्किंसन्स रोग की पहचान करने के लिए मूवमेंट डिसऑर्डर में प्रशिक्षित न्यूरोलॉजिस्टों से नियमित रूप से परामर्श लेते रहने की सलाह दे सकते हैं।**

(साभार प्र.सा.)



नई दिल्ली। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की पहली पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी।

## दक्षिणी लेबनान में इजरायली हवाई हमले में हिजबुल्लाह सदस्य की मौत

**बेरुत/यरूशलेम।** दोपहर दक्षिणी लेबनान में गुरुवार को इजरायली हवाई हमले में हिजबुल्लाह का एक सदस्य मारा गया। लेबनानी सूत्रों और इजरायली सेना ने यह जानकारी दी। लेबनान की आधिकारिक राष्ट्रीय समाचार एजेंसी (एनएए) ने बताया कि गुरुवार दोपहर सीमावर्ती गांव मजदल सेल्म के प्रवेश द्वार पर एक इजरायली ड्रोन ने एक पिकअप ट्रक को निशाना बनाया। लेबनान के सार्वजनिक स्वास्थ्य मंत्रालय के आपातकालीन संचालन केंद्र ने पुष्टि की कि हमले में एक नागरिक मारा गया। एक सुरक्षा सूत्र ने मृतक की पहचान मोहम्मद अला अल-दीन नामक हिजबुल्लाह सदस्य के रूप में की।

## भारत में मिल रही नकली रेबीज वैक्सीनः ऑस्ट्रेलिया

**नई दिल्ली।** आस्ट्रेलिया में वैक्सीन के लिए काम करने वाली सरकार की संस्थान आस्ट्रेलियन टेक्निकल एडवाइजरी ग्रुप आन इम्यूनाइजेशन (एटीएजीआई) ने शुक्रवार को भारत में इस्तेमाल होने वाली रेबीज वैक्सीन के लिए चेतावनी जारी की है। ये चेतावनी **ABHAYRAB** ब्रांड के लिए जारी की गई है। चेतावनी में कहा गया है। **ABHAYRAB** ब्रांड की वैक्सीन नकली है और रेबीज बीमारी के लिए फायदेमंद नहीं है। नवम्बर 2023 से ये नकली वैक्सीन सप्लाई हो रही है। एटीएजीआई के मुताबिक नकली वैक्सीन में सही मात्रा में एक्टिव इंग्रीडिएंट नहीं हैं। **ABHAYRAB** का इस्तेमाल आस्ट्रेलिया में नहीं होता है।

# भारत की आर्थिक वृद्धि अनुमानों से कहीं बेहतर होगी

### अगले दो वर्ष तक दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में बना रहेगाः गोल्डमैन सैक्स

**नई दिल्ली।** वैश्विक स्तर पर काम करने वाले अमेरिका के निवेश बैंक गोल्डमैन सैक्स के एक ताजा अनुमान के अनुसार भारत अगले दो वर्ष तक दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में बना रहेगा और देश की वृद्धि की रफ्तार वैश्विक स्तर पर लगाए जा रहे अनुमानों से बेहतर होगी।

इस प्रतिष्ठित बैंकिंग की शुक्रवार को प्रकाशित मैक्रोइकोनॉमिक आउटलुक (वृहत आर्थिक परिदृश्य) रिपोर्ट के 2026 में भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में वास्तविक (स्थिर कीमत पर) वृद्धि 6.7 प्रतिशत और 2027 में 6.8 प्रतिशत रह सकती है। यह धीमी पड़ रही वैश्विकअर्थव्यवस्था के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था के बढ़ते जुझारूपन और संरचनात्मक शक्ति को दिखाता है। रिपोर्ट के अनुसार भारत की वृद्धि के बारे में ये अनुमान अधिकांश विकसित और उभरती अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में काफी ऊपर हैं। भारत से इस तरह के प्रदर्शन




यह सुधार मुख्य रूप से महंगाई में कमी और वित्त बाजार की स्थिति के धीरे-धीरे सामान्य होने को देखते हुए है

की उम्मीद ऐसे समय में है जबकि कड़ी वित्तीय स्थितियों, भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं और लगातार व्यापार बाधाओं के कारण वैश्विक अर्थव्यवस्था की वृद्धि धीमी होने के आसार हैं। गोल्डमैन सैक्स का अनुमान है कि 2026 में वैश्विक अर्थव्यवस्था लगभग 2.8 प्रतिशत की अपेक्षाकृत स्थिर लेकिन मामूली गति से बढ़ेगी, जो मौजूदा अनुमानों से थोड़ी अधिक है। अनुमान में यह सुधार मुख्य रूप से महंगाई में कमी और वित्त बाजार की स्थिति के धीरे-धीरे सामान्य होने को देखते हुए है। रिपोर्ट में कहा गया है कि इस वैश्विक परिदृश्य में भारत निर्यात पर अत्यधिक निर्भरता के बिना वृद्धि की उच्च दर को बनाए रखने की अपनी क्षमता की दृष्टि से अलग दिखता है। वैश्विक मांग में उतार-चढ़ाव के आगे कमजोर पड़ने वाली कई प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के बिपरीत भारत की वृद्धि दर एक बड़ी सीमा तक घरेलू खपत, सार्वजनिक निवेश और संरचनात्मक सुधारों से संचालित हो रही है। रिपोर्ट में उम्मीद जताई गई है कि भारत का बड़ा आंतरिक बाजार, बढ़ता घरेलू खर्च और सरकार के नेतृत्व में बुनियादी ढांचे का लगातार विस्तार देश में आर्थिक गतिविधि के लिए मजबूत आधार के रूप में काम करेगा है। इसके अनुसार, 'सार्वजनिक पूंजीगत व्यय भारत के मध्यम अवधि के दृष्टिकोण का एक प्रमुख चालक बना हुआ है।

## संक्षिप्त समाचार

### जापान में 58 अरब डालर के रिकॉर्ड रक्षा बजट को मंजूरी

**टोक्यो।** जापान के मंत्रिमंडल ने क्षेत्रीय तनाव और चीन की बढ़ती सैन्य गति. विधियों को देखते हुए शुक्रवार को अब तक के सबसे बड़े रक्षा बजट को अपनी मंजूरी दे दी। आगामी वित्तीय वर्ष के लिए जापान सरकार ने रक्षा क्षेत्र को लगभग 58 अरब डॉलर का आवंटन किया है। जापानी मुद्रा एन में यह राशि नौ हजार अरब एन है। स्थानीय मीडिया जापान टुडे के मुताबिक इस भारी भरकम बजट का मुख्य उद्देश्य जापान की जवाबी हमले की क्षमता को बढ़ाना और अत्याधु. निक मानवरहित हथियारों, ड्रोनों के जरिए तटीय सुरक्षा को पुख्ता करना है।

### नाइजीरिया ने आईएस ठिकानों पर हवाई हमलों की पुष्टि की

**अबुजा।** नाइजीरियाई सरकार ने इस बात की पुष्टि की कि अमेरिका सहित अंतर्राष्ट्रीय सहयोगियों ने मिलकर अफ्रीकी देश के पश्चिमोत्तर हिस्से के आईएस के आतंकी ठिकानों पर हवाई हमले किए हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता किमिबी एबिएनफा ने कहा कि यह अभियान पश्चिमी अफ्रीकी देश में आतंकवाद और हिसक उग्रवाद को खत्म करने के लिए अमेरिका सहित अंतर्राष्ट्रीय साझेदारों के साथ नाइजीरिया के सुरक्षा सहयोग का हिस्सा था।

### ईरान में पूर्व अफगान पुलिस कमांडर की हत्याः मीडिया रिपोर्ट

**तेहरान।** ईरान की राजधानी तेहरान में एक सशस्त्र हमले में एक पूर्व अफगान पुलिस कमांडर की हत्या कर दी गई। अर्ध-सरकारी समाचार एजेंसी मेहर ने गुरुवार को यह जानकारी दी। मेहर ने ईरान पुलिस के एक जानकार सूत्र के हवाले से बताया कि मृतक की पहचान इकरामुद्दीन सरी के रूप में हुई है, जो पूर्व अफगान सरकार के तहत उत्तरी अफगानिस्तान के तखर प्रांत में पुलिस कमांडर थे। सरी को वलियासर स्ट्रीट स्थित अपने कार्यस्थल से निकलने के बाद गोली मार दी गई।

# H-1B वीजा में देरी पर भारत ने जताई चिंता

### कहाः बच्चों की पढ़ाई और परिवारों पर गंभीर असर, वह अपने नागरिकों के हितों की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है

**नई दिल्ली।** विदेशों में रह रहे भारतीय नागरिकों से जुड़े मामलों को लेकर भारत सरकार ने एक बार फिर साफ किया है कि वह अपने नागरिकों के हितों की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। वीजा परेशानियों, सुरक्षा से जुड़े मामलों, भगोड़े अपराधियों की वापसी और विदेशों में भारतीय छात्रों की मौत जैसे मुद्दों पर विदेश मंत्रालय ने अपनी स्थिति स्पष्ट की है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि सरकार को एच1बी वीजा नियुक्ति के बार-बार पुनर्निर्धारित होने को लेकर कई शिकायतें मिली हैं। इस कारण बड़ी संख्या में भारतीय नागरिक लंबे समय से विदेशों में फंसे हैं, जिससे उनके परिवार और बच्चों की पढ़ाई पर गंभीर असर पड़ा है।

प्रवक्ता ने बताया कि वीजा से जुड़े मुद्दे किसी भी देश के संप्रभु अधिकार क्षेत्र में आते हैं, लेकिन भारत ने अपनी चिंताएं अमेरिका के सामने नई दिल्ली और वाशिंगटन डीसी, दोनों जगह उठाई हैं। संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ लगातार बातचीत की जा रही है ताकि भारतीय नागरिकों को हो रही दिक्कतों को कम किया जा सके। भारत ने अमेरिका में काम करने वाले हजारों भारतीय पेशेवरों से जुड़े एच-1बी वीजा मामले पर गंभीर चिंता जताई है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि बड़ी संख्या में भारतीय आवेदकों के पहले से तय एच-1बी वीजा साक्षात्कार अचानक रद्द या आगे खिसका दिए गए हैं, जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने




भारत ने अमेरिका में काम करने वाले हजारों भारतीय पेशेवरों से जुड़े एच-1बी वीजा मामले पर तथ्यों से अवगत कराया

साप्ताहिक प्रेस ब्रीफिंग में बताया कि सरकार को कई भारतीय नागरिकों से शिकायतें मिली हैं। इन शिकायतों में कहा गया है कि वीजा साक्षात्कार पुनर्निर्धारित होने के कारण वे लंबे समय से भारत में फंसे हुए हैं और अमेरिका लौटकर अपनी नौकरी जाइन नहीं कर पा रहे हैं।

मंत्रालय के अनुसार, दिसम्बर के मध्य से जिन एच-1बी वीजा आवेदकों के साक्षात्कार तय थे, उन्हें अचानक कई महीनों के लिए टाल दिया गया है। कुछ आवेदकों को ई-मेल के जरिए बताया गया कि उनके साक्षात्कार अब अगले साल मई तक के लिए बढ़ा दिए गए हैं। बताया जा रहा है कि यह फैसला सोशल मीडिया प्रोफाइल और आनलाइन गतिविधियों की अतिरिक्त जांच के चलते लिया गया है। साथ ही ये भी स्पष्ट किया कि वीजा से जुड़े फैसले किसी भी देश के संप्रभु अधिकार क्षेत्र में आते हैं, लेकिन भारत ने इस मुद्दे को अमेरिका के सामने नई दिल्ली और वाशिंगटन डीसी, दोनों जगह उठाया है। उन्होंने कहा कि इस देरी से भारतीय नागरिकों और उनके परिवारों को आर्थिक, पारिवारिक और शैक्षणिक स्तर पर गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। रणधीर जायसवाल ने आस्ट्रेलिया के बान्डी बीच में हुई आतंकी घटना पर भी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि भारत इस हमले से जुड़े जिम्मेदार लोगों की गतिविधियों से अवगत है और इस मामले में संबंधित विदेशी एजेंसियों के संपर्क में है। विदेश मंत्रालय ने दोहराया कि भारत उन सभी लोगों को वापस लाने के लिए प्रतिबद्ध है, जो देश में कानून से बचकर विदेशों में छिपे हुए हैं। इसके लिए कई देशों से बातचीत चल रही है। प्रवक्ता ने कहा कि प्रत्यर्पण की प्रक्रिया में कई कानूनी स्तर होते हैं, लेकिन सरकार की मंशा साफ है कि ऐसे लोग भारत लौटें और अदालतों में मुकदमे का सामना करें। कनाडा में एक भारतीय छात्र की मौत पर विदेश मंत्रालय ने गहरा दुख जताया। रणधीर जायसवाल ने बताया कि सरकार मृतक छात्र के परिवार के संपर्क में है और स्थानीय अधिकारियों से मौत की परिस्थितियों को लेकर जानकारी ली जा रही है। भारत का दूतावास परिवार को हर संभव सहायता प्रदान कर रहा है।

## बांग्लादेश में हिंदुओं की हत्या नजरअंदाज नहीं कर सकतेः भारत

**नई दिल्ली।** भारत ने बांग्लादेश में जारी अशांति और अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचारों को लेकर चिंता जताई है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को साप्ताहिक प्रेस ब्रीफिंग में कहा कि हिंदू युवक दीपू चंद्र दास की निर्मम हत्या को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। जायसवाल ने कहा कि हम ढाका में हिंदू युवक की हत्या की निंदा करते हैं और उम्मीद करते हैं कि अपराधियों को जल्द से जल्द सजा मिलेगी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने यह भी कहा कि सरकार ललित मोदी और विजय माल्या को वापस लाने के लिए काम कर रही है। उन्होंने इसके अलावा कई सवालों के जवाब दिए। जायसवाल ने कहा कि भारत बांग्लादेश में फैलाई जा

### विदेश मंत्रालय बोलाः हत्यारों को जल्द सजा मिले, भगोड़े ललित मोदी-माल्या को वापस लाएंगे

रही भारत-विरोधी झूठी कहानी को खारिज करता है। वहां कानून-व्यवस्था और सुरक्षा बनाए रखना बांग्लादेश की अंतरिम सरकार की जिम्मेदारी है। उन्होंने बताया कि अंतरिम सरकार के कार्यकाल के दौरान अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा की 2,900 से अधिक घटनाएं दर्ज की गई हैं। इन घटनाओं को महज मीडिया की बयानबाजी या राजनीतिक हिंसा कहकर खारिज नहीं किया जा सकता। जायसवाल ने आगे कहा कि भारत बांग्लादेश के लोगों के साथ अपने संबंधों को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# पाक ने एलओसी पर एंटी ड्रोन सिस्टम तैनात किए

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने पाक-अधिकृत कश्मीर (पीओ.के) में लाइन ऑफ कंट्रोल (एलओसी) के पास एंटी-ड्रोन सिस्टम तैनात कर दिए हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक नए काउंटर-अनमैन्ड एरियल सिस्टम रावलकोट, कोटली और भिंबर सेक्टर में लगाए गए हैं। काउंटर-अनमैन्ड एरियल सिस्टम वह तकनीक है, जो दुश्मन के ड्रोन को पहचानने, ट्रैक करने और उन्हें जैम या मार गिराने के लिए इस्तेमाल की जाती है। पाकिस्तानी सेना को आशंका है कि भारत फिर से ऑपरेशन सिंदूर जैसा खतरनाक कदम उठा सकता है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक पाकिस्तान ने एलओसी पर 30 से ज्यादा खास एंटी-ड्रोन यूनिट्स तैनात की हैं। ये तैनाती मुर्री की 12वीं इन्फैंट्री डिवीजन और 23वीं इन्फैंट्री डिवीजन ने की हैं, जो कोटली/भिंबर इलाके की ब्रिगेड्स को संभालती हैं। इसका मकसद एलओसी के पास हवाई निगरानी और इलेक्ट्रानिक वारफेयर क्षमता मजबूत करना है। स्पाइडर एंटी-ड्रोन सिस्टम रेडियो फीक्वेंसी के जरिए ड्रोन का पता लगाता है और करीब 10 किलोमीटर तक छोटे ड्रोन और लोइटरिंग म्यूनिशन पहचान



पाक सेना ने आशंका जताई कि भारत फिर से ऑपरेशन सिंदूर जैसा खतरनाक कदम उठा सकता है

सकता है। यह पोर्टेबल और वाहन-माउंटेड दोनों रूपों में उपलब्ध है। यह ड्रोन के कम्युनिकेशन को बाधित कर हवा में रुकने, वापस लौटने या लैंड करने पर मजबूर करता है। स्पाइडर काउंटर-यूएएस सिस्टम को पाकिस्तान की ग्लोबल इंडस्ट्रियल एंड डिफेंस सोल्यूशन (जीआईडीएस) ने विकसित किया है। सुफ्रा जैमिंग गन-यह कंधे पर रखकर चलाया जाने वाला हथियार है जिसकी रेंज करीब 1.5 किलोमीटर है। यह ड्रोन के कंट्रोल, वीडियो और जीपीएस लिंक को बाधित करता है। यह एक साथ कई कामीकाजे ड्रोन को डिएक्टिवेट कर सकती है। सुफ्रा जैमिंग गन को पाक के नेशनल इलेक्ट्रानिक्स काम्प्लेक्स ने विकसित किया है।

# पाक के परमाणु शस्त्र दुनिया के लिए खतरा

### दस्तावेजों से खुलासाः पुतिन ने 24 साल पहले जॉर्ज बुश को किया था आगाह

**नई दिल्ली।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने साल 2001 में अमेरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति जार्ज डब्ल्यू बुश से अपनी पहली मुलाकात के दौरान पाकिस्तान को लेकर चिंता जताई थी। पुतिन ने कहा था कि पाकिस्तान असल में एक सैन्य शासन यानी जुंटा है, जिसके पास परमाणु हथियार हैं।

यह कोई लोकतांत्रिक देश नहीं है। पुतिन के मुताबिक, इसके बावजूद पश्चिमी देश पाकिस्तान की आलोचना नहीं करते, जो चिंता की बात है। उन्होंने कहा था कि इस मुद्दे पर खुलकर चर्चा होनी चाहिए। दोनों नेता पाकिस्तान के अंदरूनी हालात, राजनीतिक अस्थिरता और परमाणु कमांड सिस्टम को लेकर चिंतित थे। उन्हें डर था कि



यह कोई लोकतांत्रिक देश नहीं हैः पुतिन

अगर हालात बिगड़े तो परमाणु तकनीक गलत हाथों में जा सकती है। यह जानकारी दोनों के बीच 2001 से 2008 के दौरान हुई बातचीत के डीक्लासिफाइड दस्तावेज सामने आए हैं। ये दस्तावेज अमेरिका की नेशनल सिक्योरिटी आर्काइव ने सूचना के अधिकार कानून के तहत जारी किए हैं। यह बातचीत ऐसे समय में हुई थी जब दुनिया में आतंकवाद और दक्षिण एशिया की सुरक्षा को लेकर हालात काफी संवेदनशील थे। पुतिन का मानना था कि परमाणु हथियारों से लैस किसी गैर-लोकतांत्रिक देश का होना वैश्विक सुरक्षा के लिए खतरा बन सकता है। बातचीत में पाकिस्तान के 'एक्यू खान नेटवर्क', ईरान और उत्तर कोरिया तक परमाणु तकनीक पहुंचने के खतरे और पाकिस्तान की परमाणु सुरक्षा व्यवस्था पर चिंता जताई गई है। 2001-2008 के दौर में पाकिस्तान में सैन्य शासक परवेज मुशर्रफ का शासन था। 9/11 के बाद आतंकवाद विरोधी लड़ाई में अमेरिका और रूस दोनों उसका सहयोग ले रहे थे।

# यूएई प्रेसिडेंट पाक पहुंचे, शहबाज व मुनीर स्वागत करने एयरपोर्ट आए

**इस्लामाबाद।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान शुक्रवार को पाकिस्तान की आधिकारिक यात्रा पर पहुंचे हैं। पीएम शहबाज शरीफ और चीफ ऑफ डिफेंस फोर्सेस आसिम मुनीर यूएई प्रेसिडेंट को रिसीव करने एयरपोर्ट पहुंचे। यह इस साल उनकी पाकिस्तान की दूसरी यात्रा है।

इससे पहले जनवरी 2025 में वे रहीम यार खान में निजी यात्रा के दौरान शहबाज से मुलाकात कर चुके हैं। हालांकि राष्ट्रपति के रूप में उनकी पहली आधिकारिक पाकिस्तान यात्रा है। विदेश कार्यालय के एक बयान के अनुसार, राष्ट्रपति अल नाहयान प्रधानमंत्री शहबाज के साथ द्विपक्षीय संबंधों के पहलुओं की समीक्षा करेंगे। क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों पर बात करेंगे। विदेश मंत्रालय ने कहा कि यह दौरा दोनों देशों के बीच लंबे

ट्रेड-एनर्जी पर डील संभव, पाक को सऊदी जैसा रक्षा समझौता होने की उम्मीद

समय से चले आ रहे भाईचारे को और मजबूत करने का अच्छा मौका है। साथ ही व्यापार, निवेश, ऊर्जा, विकास और क्षेत्रीय सुरक्षा जैसे प्रमुख क्षेत्रों में समझौते हो सकते हैं। यात्रा से पहले, इस्लामाबाद में राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी, प्रधानमंत्री शहबाज और यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान के बिलबोर्ड लगे हुए हैं। इस्लामाबाद जिला प्रशासन ने यात्रा के दिन यानी आज पूरी राजधानी में छुट्टी की घोषणा की। पाकिस्तान और यूएई के बीच गहरे राजनयिक, आर्थिक और सांस्कृतिक संबंध हैं। जो यूएई में रहने वाले बड़ी पाकिस्तानी प्रवासी आबादी के कारण और मजबूत हुए हैं।




# कनाडा में भारतीय छात्र की हत्या, यूनिवर्सिटी में गोली मारी

**टोरंटो।** कनाडा के यूनिवर्सिटी ऑफ टोरंटो के पास भारतीय मूल के 20 वर्षीय छात्र शिवांक अवस्थी की गोली मारकर हत्या कर दी गई। यह टोरंटो में 2025 की 41वीं हत्या है।

यह घटना कैंपस के पास होने से छात्रों में डर का माहौल है और यूनिवर्सिटी ने भी सुरक्षा अलर्ट जारी किया। पुलिस के अनुसार, 23 दिसम्बर को दोपहर में हत्या की सूचना मिली। पुलिस ने मौके पर शिवांक अवस्थी को गोली लगी हालत में पाया और मौके पर ही उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। संदिग्ध पुलिस के आने से पहले मौके से फरार हो गए थे। पुलिस ने लोगों से संदिग्ध से जुड़ी कोई भी जानकारी मिलने पर सूचना देने की अपील की है। टोरंटो में 3 दिन के अंदर दो भारतीयों का हत्या हुई। इससे पहले 20 दिसम्बर को भारतीय मूल की महिला हिमांशी खुराना

कैंपस में सुरक्षा अलर्ट जारी, आरोपी फरार, पिछले तीन दिनों के दौरान दो भारतीयों का मर्डर

का उसके पार्टनर ने मर्डर कर दिया था। टोरंटो में भारतीय दूतावास ने इस दुखद घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया और कहा कि वे शिवांक के परिवार से संपर्क में हैं। स्थानीय अधिकारियों के साथ मिलकर हर संभव मदद मुहैया करा रहे हैं। दूतावास ने अपने बयान में शिवांक को एक युवा भारतीय डाक्टरल छात्र बताया है, हालांकि कुछ रिपोर्ट्स में उन्हें लाइफ साइंसेज का अंडरग्रेजुएट छात्र भी कहा गया है। इसी शहर में कुछ दिन पहले ही एक अन्य भारतीय महिला हिमांशी खुराना की हत्या हुई थी। वो 30 साल की थीं और टोरंटो में रहती थीं। पुलिस ने मामले में एक संदिग्ध की गिरफ्तारी के लिए वारंट जारी किया।

# बांग्लादेश के ढाका यूनिवर्सिटी में भारत विरोधी प्रदर्शन

### हादी के हत्यारे को सजा देने की मांग, बांग्लादेशी हिंदू की हत्या मामले में 6 और गिरफ्तार

**ढाका।** बांग्लादेश में एक बार फिर भारत विरोधी प्रदर्शन शुरू हो गए हैं। इंकिलाब मंच ने नेता उस्मान हादी की हत्या के खिलाफ न्याय की मांग करते हुए ढाका के शाहबाग इलाके में प्रदर्शन किया।

इस दौरान भारत विरोधी नारे भी लगाए गए। जुमा की नमाज के बाद ढाका यूनिवर्सिटी से जुलूस निकाला गया, जो शाहबाग पहुंचकर धरने में बदल गया। प्रदर्शनकारियों ने सड़क जाम कर दी, जिससे इलाके में यातायात ठप हो गया। इंकिलाब मंच का कहना है कि जब तक हादी की हत्या में न्याय नहीं मिलता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। शरीफ उस्मान हादी की पिछले हफ्ते हत्या कर दी गई थी, जिसके बाद देश में एक बार फिर अशांति फैल गई है। प्रदर्शन के दौरान 'आई एम हादी' जैसे नारे गूंजते रहे। ढाका यूनिवर्सिटी वही जगह है, जहां जुलाई



हिंदू संगठन ने ढाका में प्रदर्शन किया

2024 में हुए आंदोलन की रणनीति बनी थी। बांग्लादेश में दीपू चंद्र दास की बेरहमी से की गई हत्या के मामले में पुलिस ने छह और लोगों को गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी मयमनसिंह जिले के भालुका इलाके में छापेमारी के दौरान हुई। ढाका ट्रिब्यून की रिपोर्ट के मुताबिक, इन लोगों पर आरोप है कि वे दीपू दास पर अपनी नौकरी छोड़ने का दबाव बना रहे थे। इस मामले में अब तक कुल 18 लोगों को हिरासत में लिया जा चुका है। दीपू चंद्र दास की 18 दिसम्बर को भीड़ ने पीट-पीटकर हत्या कर दी थी। इसके बाद हमलावरों ने उन्हें एक पेड़ से आग भी लगा दी थी। इस घटना के बाद अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय ने बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन किया था। इस घटना के विरोध में हिंदू संगठन नेशनल हिंदू महाजोत ने ढाका के नेशनल प्रेस क्लब पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने दीपू दास की हत्या की निंदा की और मांग की कि दोषियों को कड़ी सजा दी जाए। उन्होंने यह भी कहा कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर हमले बढ़ रहे हैं और सरकार को उनकी सुरक्षा के लिए ठोस कदम उठाने चाहिए। बांग्लादेश में बढ़ती हिंसा को लेकर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी चिंता जताई जा रही है।

